वर्ष 69 ▸▸ अंक 215 ▸▸ पृष्ठ 12
भोपाल, सोमवार 04 मई, 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत् 2083
▸▸ महानगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

साहस का मतलब है– डर से पूरी तरह कांपते हुए भी आगे बढ़ जाना।
- जॉन वेन

विस चुनाव परिणाम आजः सुबह 8 बजे से मतगणना, 9.30 बजे से आने लगेंगे रुझान

पांच राज्यों में आज ईवीएम के जरिये निकलेगी अगली सरकार की तस्वीर

कोलकाता/चेन्नई/ गुवाहाटी-तिरुवनंतपुरम/ पुडुचेरी जेएनएन। सोमवार को पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों के नतीजों के साथ ही इन राज्यों में नई सरकार की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। सुबह 8 बजे से शुरू होने वाली मतगणना के साथ ही यह स्पष्ट हो जाएगा कि इन राज्यों में किस दल या गठबंधन को जनता ने सत्ता की जिम्मेदारी सौंपी है।

इस बार के चुनाव कई मायनों में खास हैं। जहां पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की अगुवाई वाली तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच कड़ा मुकाबला है, वहीं तमिलनाडु और पुडुचेरी में नए राजनीतिक समीकरण बनते दिख रहे हैं। केरल में सत्ता परिवर्तन की परंपरा फिर चर्चा में है, जबकि असम में हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भाजपा 'हैट्रिक' का दावा कर रही है।

एग्जिट पोल के अनुमान भले ही कुछ संकेत दे रहे हों, लेकिन अंतिम फैसला मतगणना के बाद ही सामने आएगा। यह चुनाव परिणाम न सिर्फ इन राज्यों की राजनीतिक दिशा तय करेंगे, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति और आने वाले लोकसभा चुनावों पर भी असर डाल सकते हैं।

इस बार के चुनाव सिर्फ राज्यों की सरकार तय करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इन्हें आगामी लोकसभा चुनावों से पहले बड़े राजनीतिक संकेत के तौर पर भी देखा जा रहा है। 8 बजे से कड़ी सुरक्षा के बीच सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी, इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) खोली जाएंगी। सुबह 9.30 बजे तक शुरुआती रुझान आने लगेंगे, जबकि दोपहर तक तस्वीर काफी हद तक साफ हो जाएगी। शाम तक सभी राज्यों के अंतिम परिणाम घोषित होने की संभावना है। मतगणना के लिए व्यापक सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था की गई है। बंगाल में ही 432 काउंटिंग ऑब्जर्वर तैनात किए गए हैं।

पश्चिम बंगालः भाजपा और टीएमसी के बीच सीधी टक्कर

पश्चिम बंगाल में मुकाबला सत्तारूढ़ तृणमूल और भाजपा के बीच है। ममता बनर्जी चौथी बार सत्ता में वापसी की कोशिश कर रही हैं, वहीं भाजपा सत्ता में आने के लिए पूरी ताकत झोंके हुए हैं। हाल के दिनों में यहां सियासी तनाव चरम पर है। फालता में चुनावी अनियमितताओं के चलते पुनर्मतदान का आदेश दिया गया है। जबकि मतगणना से पहले सुरक्षा और पारदर्शिता को लेकर आरोप-प्रत्यारोप भी तेज हैं। कहीं काउंटिंग ड्यूटी की जानकारी लीक होने का आरोप लगा, तो कहीं स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा को लेकर विवाद हुआ।



तमिलनाडुः डीएमके बनाम विपक्ष, टीवीके ने दिलचस्प बनाया मुकाबला

तमिलनाडु में सत्ताधारी द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) दोबारा सत्ता में लौटने की कोशिश में है, जबकि विपक्षी दल उसे कड़ी चुनौती दे रहे हैं। इस बार चुनाव की सबसे बड़ी खासियत अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) का मैदान में उतरना रहा। एग्जिट पोल के बाद संभावित 'हंग असेंबली' की आशंका के बीच टीवीके ने अपने विधायकों को एकजुट रखने के लिए 'रिसॉर्ट पॉलिटिक्स' की तैयारी तक कर ली है, जिससे राज्य की राजनीति और रोचक हो गई है।

असमः भाजपा को 'हैट्रिक' की उम्मीद

असम में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बीच है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने का दावा कर रहे हैं, जबकि कांग्रेस वापसी को लेकर आश्वस्त दिख रही है। राज्य की 126 सीटों पर 722 उम्मीदवार मैदान में हैं।

केरलमः क्या हो पाएगा सत्ता परिवर्तन

केरल में मुकाबला लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट और यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के बीच है। एग्जिट पोल में यूडीएफ को बढ़त के संकेत हैं। ऐसा होता है, तो यह केरल की पारंपरिक राजनीतिक व्यवस्था की वापसी होगी, जिसमें हर पांच साल में सत्ता बदलती रही है।

पुडुचेरीः त्रिकोणीय मुकाबला और एनडीए की चुनौती

पुडुचेरी में इस बार मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। सत्ताधारी एनडीए गठबंधन (एआईएनआरसी और भाजपा) अपनी सरकार बचाने की कोशिश में हैं, जबकि कांग्रेस-डीएमके गठबंधन वापसी के लिए प्रयासरत है। यहां भी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) के उतरने से मुकाबला दिलचस्प हो गया है, खासकर युवा वोटरों में इसका असर देखा गया है।

एग्जिट पोलः कहां किसका पलड़ा भारी

- पश्चिम बंगाल में टीएमसी और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर
- तमिलनाडु में डीएमके गठबंधन को बढ़त
- केरल में सत्ता परिवर्तन के संकेत
- असम में भाजपा सरकार की संभावना
- पुडुचेरी में एनडीए को बढ़त

चार बड़े सवालः जिनके आज मिलेंगे जवाब

- क्या बंगाल में भाजपा ममता बनर्जी के शासन का अंत कर पाएगी?
- क्या तमिलनाडु में डीएमके सत्ता बचा पाएगी?
- क्या केरल में सत्ता परिवर्तन का पुराना चक्र लौटेगा?
- क्या असम में भाजपा 'हैट्रिक' लगाएगी?

इन सभी सवालों के जवाब अब बस कुछ ही घंटों दूर हैं, जब ईवीएम से जनता का अंतिम फैसला निकलेगा।

उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में इकोनॉमिक कॉरिडोर का भूमिपूजन

प्रदेश के विकास में किसानों की भागीदारी अहमः सीएम

विशेष संवाददाता, भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य में औद्योगिक, शहरी और आर्थिक विकास की नई गतिविधियों से प्रगति के नए द्वार खुल रहे हैं। इसमें किसानों की भी भागीदारी है, जो हमें हमारे लक्ष्यों की ओर तेजी से ले जा रही है। मुख्यमंत्री रविवार को उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र की महत्वपूर्ण परियोजना इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के प्रथम चरण का ग्राम नैनोद में भूमिपूजन के उपरांत अपना संबोधन दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि मेट्रोपॉलिटिन सिटी के अंतर्गत दो नए एयरपोर्ट इंदौर और उज्जैन में विकसित किए जाएंगे। इससे युवा, किसान, महिला और गरीब सहित सभी वर्गों के विकास से जुड़े व्यापक हित साकार होंगे। कॉरिडोर से रोजगार के करीब 6 लाख नए अवसर सृजित होंगे। इसमें 5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और 1 लाख अप्रत्यक्ष, रोजगार सृजित होंगे। इंदौर के 17 गांवों के किसानों का जीवन बदल जाएगा। उन्होंने कहा, विकास एक क्रमिक प्रक्रिया है। प्रदेश में अधिकाधिक औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के जरिए उत्पादन गतिविधियों का विस्तार और निर्यात वृद्धि हमारा प्रमुख लक्ष्य है। हम उद्योग-धंधों को बढ़ावा देकर प्रदेश के औद्योगिक विकास लक्ष्यों की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह कॉरिडोर सच्चे अर्थों में नये मध्यप्रदेश के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। यह कॉरिडोर यहां की नई संभावनाओं, नए सपनों और नए अवसरों का गेट-वे है।

डॉ. यादव ने कहा कि इस इकोनॉमिक कॉरिडोर के पहले चरण में सड़क, परिवहन और औद्योगिक ढांचे को मजबूत किया जाएगा। कॉरिडोर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय निवेश के लिए मध्यप्रदेश को एक आकर्षक गंतव्य बनाएगा तथा बेहतर कनेक्टिविटी के साथ आधुनिक अधोसंरचनाओं से लैस यह क्षेत्र जल्द ही देश के प्रमुख इंडस्ट्रियल हब के रूप में अपनी पहचान बनायेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस इकोनॉमिक कॉरिडोर परियोजना में किसानों के हितों को केंद्र में रखते हुए 60 प्रतिशत विकसित भूमि वापस देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। इससे अब वे विकास प्रक्रिया में भागीदार भी बन रहे हैं। आज यदि हमारा मध्यप्रदेश उद्योगों के उजालों से रोशन हो रहा है, तो इसमें किसानों की बड़ी भूमिका है। उन्होंने अपनी पुश्तैनी जमीनें सरकार को दीं। हमने किसानों की बात सुनी। उनका समर्थन पाया और उन्हें इस कॉरिडोर के निर्माण में भागीदार भी बनाया। कॉरिडोर निर्माण में करीब 650 करोड़ रुपये के विकसित प्लॉट किसानों को दिए गए। इससे वे भी विकास के इस महायज्ञ में भागीदार बने।

6 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस पर तेजी से काम

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 1700 किमी लंबे 6 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट पर तेजी से काम जारी है। प्रदेश में 3 हजार 368 किमी लंबे 6 बड़े एक्सप्रेस-वे, प्रगति पथ और 48 नए इंडस्ट्रियल पार्क भी विकसित किए जा रहे हैं। प्रदेश में 5 ग्रीनफ़ील्ड कॉरिडोर्स बनाए जा रहे हैं।

देश की सर्वश्रेष्ठ परियोजना बनेगी

इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर परियोजना देश की सर्वश्रेष्ठ योजनाओं में शामिल होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विशेष प्रयासों से आकार ले रही यह परियोजना प्रदेश के विकास का मजबूत आधार बनेगी। यह कॉरिडोर प्रदेश के विकास को नई दिशा देगा और औद्योगिक विस्तार का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। औद्योगिकीकरण के लिए सरकार ने हमेशा किसानों के हितों को सर्वोपरि रखा है। किसानों को उनकी संतुष्टि के अनुसार उचित मुआवजा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है और उसकी जमीन के बदले ऐसा मुआवजा मिलना चाहिए कि वह बेहतर विकल्प प्राप्त कर सके। इस योजना के तहत लाभान्वित किसानों को इतना लाभ मिला है कि वे आर्थिक रूप से सशक्त हुए हैं।

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

मिल्क कैपिटल बनने की दिशा में बढ़ते मध्यप्रदेश के कदम

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

राज्य स्तरीय
दुग्ध उत्पादक एवं पशुपालक सम्मेलन

मुख्य अतिथि

डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

4 मई, 2026 | मेला ग्राउंड, ग्वालियर

समृद्ध किसान समृद्ध प्रदेश
किसान कल्याण वर्ष 2026

समृद्ध पशुपालक - समृद्ध प्रदेश

दुग्ध उत्पादन
- प्रतिदिन 10 लाख लीटर दुग्ध संकलन
- 26 हजार गांवों को जोड़कर 52 लाख लीटर प्रतिदिन संकलन का लक्ष्य
- 226 लाख टन वार्षिक दुग्ध उत्पादन के साथ मध्यप्रदेश देश में तीसरे स्थान पर

दुग्ध प्रसंस्करण में वृद्धि
- इंदौर में प्रतिदिन 30 मीट्रिक टन क्षमता का दुग्ध चूर्ण संयंत्र प्रारंभ
- 5 वर्षों में दुग्ध प्रसंस्करण इकाइयों में ₹ 3034 करोड़ का निवेश
- 153 नए बल्क मिल्क कूलर स्थापित

नस्ल सुधार एवं स्वास्थ्य
- हिरण्यगर्भा अभियान से नस्ल सुधार
- गोरस मोबाइल ऐप से संतुलित पशु आहार की जानकारी एवं मोबाइल पशु चिकित्सा
- पशु प्रजनन, पशु पोषण और पशु स्वास्थ्य के माध्यम से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि

दुग्ध समितियां
- वर्तमान में 7000+ ग्रामीण दुग्ध सहकारी समितियां कार्यशील
- 1752 नयी दुग्ध सहकारी समितियां गठित

निराश्रित गौ-वंश प्रबंधन
- निराश्रित गौ-वंश के बेहतर प्रबंधन एवं संरक्षण हेतु 6000+ एकड़ भूमि आवंटित
- गौ-शाला निर्माण में निजी भागीदारी

उन्नत तकनीक उत्पादन
- पशु चारा संयंत्रों का आधुनिकीकरण और निर्माण
- डेयरी वैल्यू चैन का डिजिटलीकरण



मध्यप्रदेश में पशुपालकों की आय वृद्धि के लिए दुग्ध उत्पादन और संकलन बढ़ाने, उन्नत नस्ल के पशु तैयार करने और आत्मनिर्भर गौ-शालाओं तथा निराश्रित गौ-वंश के स्थायी आश्रय जैसे हमारे प्रयासों से वह दिन दूर नहीं जब मध्यप्रदेश को देश की मिल्क कैपिटल के रूप से जाना जाएगा।

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



D-11015/26

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

अक्टूबर : म.प्र. माहात्म/2026

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

वर्ष 69 ▸▸ अंक 215 ▸▸ पृष्ठ 12
भोपाल, सोमवार 04 मई, 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत् 2083
▸▸ महानगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

हम यह प्रार्थना न करें कि हमें खतरों से बचाया जाए, बल्कि यह करें कि उनका सामना करते समय हम निर्भय रहें।
- रवीन्द्र नाथ टैगोर

ऑफ बीट

एआई को बनाया हमदर्द और कर ली खुदकुशी

एक 36 वर्षीय व्यक्ति ने कथित तौर पर एआई से गहरा भावनात्मक जुड़ाव बनने के बाद आत्महत्या कर ली। यह घटना एक ऐसे व्यक्ति से जुड़ी है जो पिछले कुछ समय से एआई चैटबॉट से लगातार बातचीत कर रहा था। रिपोर्ट के अनुसार, उसने करीब 4,700 से ज्यादा मैसेज चैटबॉट के साथ साझा किए थे। वह अपनी निजी जिंदगी में कठिन दौर से गुजर रहा था और पत्नी से अलग होने के बाद मानसिक रूप से परेशान था। उसने एआई का सहारा लेना शुरू किया। शुरुआत में वह एआई का इस्तेमाल सामान्य कामों के लिए करता था। लेकिन धीरे-धीरे व्यक्तिगत और भावनात्मक बातें करने लगा।

आईपीएल में आज

मुंबई बनाम लखनऊ
समय : रात 7.30 बजे से
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

परिणाम: कोलकाता ने हैदराबाद को 7 विकेट से हराया।
गुजरात ने पंजाब को 3 विकेट से हराया।

संक्षिप्त खबरें

राघव व तीन अन्य सांसद कल राष्ट्रपति से मिलेंगे

नई दिल्ली, जेएनएन। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा 5 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति के साथ उनकी बैठक सुबह 10.40 बजे होगी। इस दौरान उनके साथ तीन अन्य सांसद भी मौजूद रहेंगे। इस मुलाकात में चड्ढा पंजाब की राजनीति के अहम मुद्दे उठाएंगे। चड्ढा का आरोप है कि मान सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रहे हैं और राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाया जा रहा है। खासतौर पर उन्होंने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए सांसदों के खिलाफ कार्रवाई राजनीतिक बदले की भावना से की जा रही है।

कांग्रेस विधायक 6 साल के लिए अयोग्य घोषित

बेंगलुरु, जेएनएन। कर्नाटक विधानसभा ने कांग्रेस विधायक विनय कुलकर्णी को अयोग्य घोषित कर दिया है। यह कार्रवाई भाजपा नेता योगेशगौड़ा गौदर की हत्या के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद की गई है। विधानसभा की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि कुलकर्णी को 15 अप्रैल से ही अयोग्य माना जाएगा। अधिसूचना के अनुसार, यह अयोग्यता उनकी रिहाई के बाद भी छह सालों तक जारी रहेगी, जब तक कि किसी उच्च न्यायालय द्वारा रोक नहीं लगाई जाती। इस फैसले के बाद धारवाड़ विस सीट रिक्त घोषित हो गई है। 15 जून 2016 को भाजपा जिला पंचायत सदस्य योगेशगौड़ा गौदर की हत्या कर दी गई थी।

दुनिया का पहला ऑप्टोसार सैटेलाइट लॉन्च: पहला ऐसा उपग्रह है, जिसमें ईओ और एसएआर दोनों सेंसर एक ही प्लेटफॉर्म पर

अब भारत को मिली बादलों के पार देखने की 'दृष्टि'

नई दिल्ली, जेएनएन। भारत ने अंतरिक्ष तकनीक के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बेंगलुरु स्थित स्पेस स्टार्टअप गैलेक्सी आई ने रविवार को अपने पहले वाणिज्यिक उपग्रह 'दृष्टि' को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में स्थापित कर दिया। यह प्रक्षेपण अमेरिका के कैलिफोर्निया से स्पेस एक्स के शक्तिशाली फॉल्कन 9 रॉकेट के माध्यम से किया गया। खास बात यह है कि 'दृष्टि' को दुनिया का पहला 'ऑप्टोसार' उपग्रह बताया जा रहा है, जो पृथ्वी अवलोकन तकनीक में एक नई दिशा तय कर सकता है।

'दृष्टि' उपग्रह की सबसे बड़ी खासियत इसकी अत्याधुनिक 'ऑप्टोसार' तकनीक है। यह दुनिया का पहला ऐसा उपग्रह है, जिसमें इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल (ईओ) और सिंथेटिक अपर्चर रडार (एसएआर) दोनों सेंसर एक ही प्लेटफॉर्म पर एकीकृत किए गए हैं। सामान्य तौर पर ये दोनों तकनीकें अलग-अलग उपग्रहों में उपयोग होती हैं, लेकिन गैलेक्सआई ने इन्हें एक साथ जोड़कर एक नया मानक स्थापित किया है। ऑप्टिकल सेंसर पृथ्वी की उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें लेते हैं, लेकिन ये बादलों, अंधेरे या खराब मौसम के कारण प्रभावित हो जाते हैं। वहीं, एसएआर तकनीक किसी भी मौसम में, दिन-रात, बादलों, धुएं या बारिश के पार भी स्पष्ट इमेजिंग कर सकती है। 'दृष्टि' में इन दोनों का संयोजन इसे बेहद शक्तिशाली और बहुआयामी बनाता है।

190 किलोग्राम वजनी 'दृष्टि' भारत का अब तक का सबसे बड़ा निजी पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह हर परिस्थिति चाहे घना बादल हो, रात का अंधेरा या खराब मौसम में भी पृथ्वी की सतह की स्पष्ट तस्वीरें लेने में सक्षम है। इसमें 'सिंकफ्यूज्ड ऑप्टोसार' पेलोड लगाया गया है, जो ऑप्टिकल और रडार डेटा को एक साथ जोड़कर अधिक सटीक और उपयोगी जानकारी प्रदान करता है। यह तकनीक भविष्य में रक्षा, कृषि, आपदा प्रबंधन और शहरी योजना जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। 'दृष्टि' उपग्रह 1.5 मीटर तक की उच्च-रिजॉल्यूशन इमेजिंग क्षमता रखता है। यह हर 7 से 10 दिनों के भीतर पृथ्वी के किसी भी हिस्से की दोबारा निगरानी कर सकता है।

स्वदेशी स्टार्टअप गैलेक्सआई का कमाल, भारत के सबसे बड़े निजी उपग्रह का सफल प्रक्षेपण

गैलेक्सआई ने कहा- यह दुनिया का पहला ऑप्टोसार सैटेलाइट

इसे 'दुनिया का पहला ऑप्टोसार उपग्रह' बताते हुए, फर्म ने कहा कि यह प्रक्षेपण पृथ्वी अवलोकन प्रौद्योगिकियों की उन्नति में एक मील का पत्थर है और वैश्विक अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की बढ़ती क्षमताओं को मजबूत करता है। फर्म ने कहा '190 किलोग्राम वजनी, मिशन दृष्टि भारत का सबसे बड़ा निजी तौर पर विकसित पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है। यह इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल (ईओ) और सिंथेटिक अपर्चर रडार (एसएआर) सेंसर को एक ही प्लेटफॉर्म में एकीकृत करता है।

मोदी बोले- गौरवशाली उपलब्धि

'मिशन दृष्टि' हमारी अंतरिक्ष यात्रा में बड़ी उपलब्धि है। दुनिया के पहले ऑप्टोसार उपग्रह और भारत में सबसे बड़े निजी तौर पर निर्मित उपग्रह का सफल प्रक्षेपण नवाचार और राष्ट्र-निर्माण के लिए हमारे युवाओं के जुनून का एक प्रमाण है। गैलेक्सआई की पूरी टीम और इसके संस्थापकों को इस बड़ी कामयाबी पर बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

आईआईटी मद्रास के छात्रों की पहल

गैलेक्सआई की शुरुआत आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्रों ने की थी। कंपनी के फाउंडर सुयश सिंह के मुताबिक, इस तकनीक को विकसित करना आसान नहीं था क्योंकि ऑप्टिकल और एसएआर सेंसर अलग-अलग तरीके से काम करते हैं और पृथ्वी को अलग-अलग एंगल से देखते हैं। इन्हें एक साथ सिंक करना ही सबसे बड़ी चुनौती थी, जिसे कंपनी ने अपने खास टेक्नोलॉजी स्टैक से हल किया।

ईरान की चेतावनी: हालात बिगड़े तो होर्मुज अमेरिकी सेना की 'कब्रगाह' बन जाएगा।
ट्रंप की जवाबी धमकी: ईरान ने कोई गलती की तो उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

ट्रंप का संकेत, फिर छिड़ सकती है ईरान से जंग

तेहरान, वॉशिंगटन, जेएनएन। अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच कूटनीतिक कोशिशें भी तेज हो गई हैं, लेकिन साथ ही भरोसे की कमी भी साफ नजर आ रही है। साथ ही दोनों के बीच जुबानी जंग भी तेज हो रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के नए शांति प्रस्ताव पर संदेह जताते हुए कहा है कि तेहरान ने अब तक 'मानवता के खिलाफ अपने अपराधों की कीमत नहीं चुकाई है।'

ट्रंप ने तेहरान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने कोई 'गलत कदम' उठाया, तो अमेरिका फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू कर सकता है।

ट्रंप ने साथ ही यह भी बताया कि वह ईरान की ओर से भेजे गए नए 14-सूत्रीय प्रस्ताव की समीक्षा कर रहे हैं, लेकिन इसके स्वीकार होने की संभावना कम है। उन्होंने कहा कि 'पिछले 47 वर्षों में ईरान ने जो किया है, उसके लिए उसने अभी तक पर्याप्त कीमत नहीं चुकाई है।'

दरअसल, ईरान ने पाकिस्तान की मध्यस्थता के जरिए अमेरिका को यह प्रस्ताव भेजा है। इसमें सभी मोर्चों पर संघर्ष खत्म करने, प्रतिबंध हटाने और होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए नया फ्रेमवर्क बनाने की बात शामिल है।

वहीं ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा कि अब अमेरिका को तय करना है कि वह बातचीत चाहता है या टकराव। उन्होंने साफ किया कि ईरान दोनों विकल्पों के लिए तैयार है।

ईरान बोला- अमेरिका तय करे, बातचीत चाहिए या टकराव

ईरान का 14-सूत्रीय प्रस्ताव

ईरानी मीडिया के अनुसार, यह प्रस्ताव अमेरिका के 9-सूत्रीय प्लान के जवाब में भेजा गया है। इसमें कई अहम मांगें शामिल हैं।

- 30 दिनों के भीतर सभी विवादों का समाधान
- भविष्य में हमलों के खिलाफ सुरक्षा गारंटी
- मिडिल ईस्ट से अमेरिकी सैनिकों की वापसी
- ईरान की जमी हुई संपत्तियों को रिलीज करना
- आर्थिक प्रतिबंध हटाना और युद्ध का मुआवजा देना

इसके अलावा, प्रस्ताव में होर्मुज के लिए नया मैकेनिज्म बनाने और अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी खत्म करने की बात भी कही गई है।

प्राथमिकताएं बदलीं

दिलचस्प बात यह है कि ईरान ने अपने नए प्रस्ताव में प्राथमिकताओं का क्रम भी बदला है। अब सबसे पहले युद्ध खत्म करने, फिर होर्मुज खोलने और उसके बाद परमाणु मुद्दे पर बातचीत की बात रखी गई है।

ईरान ने अमेरिका को बताया 'समुद्री लुटेरा'

ईरान के वरिष्ठ नेता मोहसिन रजाई, अमेरिका पर तीखा हमला करते हुए उसे 'दुनिया का सबसे बड़ा समुद्री लुटेरा' बताया। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) के कमांडर रह चुके रजाई ने कहा कि अमेरिका ही ऐसा 'पाइरेट' है जिसके पास एयरक्राफ्ट कैरियर हैं और वह वैश्विक समुद्री मार्गों पर दबाव बनाता है। रजाई ने पिछले महीने इस्फहान प्रांत में अमेरिकी एफ-15ई फाइटर जेट गिराए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि 'जैसे उस विमान का मलबा पड़ा था, वैसे ही अमेरिकी जहाजों और सैनिकों का अंजाम भी हो सकता है।'

ईरान जंग के 2 महीने: दुनिया पर मंदी का खतरा

अमेरिका और ईरान के बीच 28 फरवरी से शुरू हुआ संघर्ष अब दो महीने पूरा कर चुका है। शुरुआत में इसे 'छोटी और निर्णायक लड़ाई' बताया गया लेकिन अब इसके दूरगामी असर सामने आने लगे हैं।

- अब तक ईरान में 3,600 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें करीब 1,700 आम नागरिक शामिल हैं। आर्थिक
- आईएमएफ के मुताबिक, अगर संघर्ष लंबा चला, तो वैश्विक विकास दर घटकर करीब 2 फीसदी तक पहुंच सकती है, जो मंदी का संकेत है। वहीं महंगाई दर 4.4 फीसदी तक बढ़ने का अनुमान है।
- अमेरिका अब तक करीब 1 ट्रिलियन डॉलर (करीब 95 लाख करोड़ रुपए) खर्च कर चुका है, जबकि अमेरिकी सरकार इससे कहीं कम आंकड़ा बता रही है।
- चीन और रूस को युद्ध का फायदा मिलता दिख रहा है। तेल और गैस की बढ़ती कीमतों से रूस की आय बढ़ी है, जबकि चीन ने अपने ऊर्जा भंडार और वैकल्पिक ऊर्जा रणनीति के चलते बेहतर स्थिति बनाई है।

विनेश का बड़ा आरोप: बृजभूषण के शोषण की पीड़ित मैं भी, कुछ हुआ तो सरकार जिम्मेदार

ओलंपियन ने कहा- गोंडा में कुश्ती लड़ना मुश्किल

नई दिल्ली, जेएनएन। ओलिंपियन रेसलर विनेश फोगाट ने एक बार फिर भारतीय कुश्ती जगत को झकझोरने वाला बयान दिया है। उन्होंने बृजभूषण शरण सिंह पर गंभीर आरोप दोहराते हुए कहा कि यौन उत्पीड़न के मामले में शिकायत करने वाली छह पीड़ितों में वह खुद भी शामिल हैं। सोशल मीडिया पर साझा एक वीडियो में विनेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश के गोंडा में 10 से 12 मई के बीच होने वाले सीनियर ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट में हिस्सा लेना उनके लिए बेहद मुश्किल होगा, क्योंकि यह वही जगह है जहां बृजभूषण का प्रभाव है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में वह अपना 100 फीसदी प्रदर्शन नहीं कर पाएंगी।

विनेश ने स्पष्ट तौर पर कहा कि अगर वह और उनकी टीम प्रतियोगिता में हिस्सा लेती है और किसी भी खिलाड़ी के साथ कोई गलत घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि टूर्नामेंट की पूरी व्यवस्था रेफरी की नियुक्ति से लेकर मैच के नतीजों तक बृजभूषण और उनके सहयोगियों के प्रभाव में हो सकती है।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार और खेल मंत्रालय इस मामले में मूकदर्शक बने हुए हैं और खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे।

यह है मामला

करीब तीन साल पहले विनेश फोगाट समेत कई महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे और दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना भी दिया था। यह मामला फिलहाल कोर्ट में लंबित है और पीड़ितों की गवाही जारी है।

शहडोल: दर्दनाक हादसे में 2 की मौत

मां-बेटे को कुचला, 10 वर्षीय बेटी अस्पताल में

शहडोल, जेएनएन। प्रदेश के शहडोल जिले के ब्यौहारी क्षेत्र में रविवार शाम एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। तेज रफ्तार बोरवेल गाड़ी ने पैदल जा रहे एक परिवार को कुचल दिया, जिससे एक महिला और उसके छोटे बेटे की मौत हो गई, जबकि 10 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई है।

अंशु उर्मिलिया और उनका बेटा राधा रमन।

पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान सूखा गांव निवासी अंशु उर्मिलिया (30) और उनके 6 साल के बेटे राधा रमन के रूप में हुई है। घायल बच्ची का नाम आस्था तिवारी है, जिसका अस्पताल में इलाज जारी है और उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। अंशु उर्मिलिया लाइनमैन राम गोपाल द्विवेदी की बेटी थीं और वह सात महीने की गर्भवती भी थीं।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अंशु अपने बेटे और आस्था के साथ पैदल जा रही थीं, तभी पीछे से तेज रफ्तार और अनियंत्रित बोरवेल गाड़ी ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अंशु गाड़ी के पहिए के नीचे आ गईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि घटनास्थल का दृश्य देख लोगों की रूह कांप उठी।

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। राधा रमन को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों की कोशिशों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। वहीं, आस्था तिवारी का इलाज जारी है और डॉक्टर उसकी हालत पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

दिल्ली: विवेक विहार में भीषण आग, 9 की मौत

मृतकों में डेढ़ साल का बच्चा भी शामिल

नई दिल्ली, जेएनएन। राजधानी दिल्ली के शाहदरा इलाके के विवेक विहार में रविवार तड़के एक चार मंजिला रिहायशी इमारत में भीषण आग लगने से 9 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में 4 पुरुष, 4 महिलाएं और एक डेढ़ साल का बच्चा शामिल है। इस हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। दिल्ली फायर सर्विस के अनुसार, आग लगने की सूचना सुबह करीब 3.47 बजे मिली। मौके पर तुरंत दमकल की कई गाड़ियां पहुंचीं और करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सुबह 8 बजे आग पर काबू पाया जा सका। राहत और बचाव अभियान के दौरान बिल्डिंग में फंसे 10 से 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, शव अलग-अलग मंजिलों से बरामद हुए हैं। दूसरे फ्लोर पर एक ही परिवार के पांच सदस्य अरविंद जैन, अनीता जैन, निशांत जैन, आंचल जैन और उनका डेढ़ साल का बच्चा मृत पाए गए। तीसरे फ्लोर पर तीन अन्य लोगों और पहले फ्लोर पर एक महिला का शव मिला।

एसी में विस्फोट की आशंका

प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि एयर कंडीशनर (एसी) में विस्फोट के कारण आग लगी, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। आग इतनी तेजी से फैली कि दूसरे फ्लोर से शुरू होकर तीसरे और चौथे फ्लोर तक पहुंच गई और छह फ्लैट पूरी तरह जलकर खाक हो गए।

रिसर्च युद्ध के मैदान, आपदाओं के मलबे से निजी दुख तक हंसी मानव की सबसे शक्तिशाली प्रतिक्रिया

मुश्किल पलों में हंसी इंसान का सबसे बड़ा सहारा

नई दिल्ली, जेएनएन। दुनिया के सबसे कठिन पलों जैसे- अस्पताल के वार्ड, युद्ध के मैदान, आपदाओं के मलबे या निजी दुख के गहरे अंधेरे में भी इंसान हंसता है। यह हंसी अक्सर अजीब, कड़वी और कभी-कभी अनुचित लग सकती है, लेकिन यही हंसी मानव अस्तित्व की सबसे पुरानी और शक्तिशाली प्रतिक्रिया है। यह तथ्य एक रिसर्च में सामने आया, जिसमें दुख के बीच भी इंसान क्यों हंसते हैं, इस सवाल को केंद्र में रखा गया था।

विशेषज्ञों के अनुसार, जब हालात बेहद कठिन हो जाते हैं, तो हमारा दिमाग भावनात्मक दबाव को कम करने के लिए हास्य का सहारा लेता है। यह एक तरह का 'मेंटल सेफ्टी वाल्व' है, जो हमें टूटने से बचाता है। डॉक्टर सलोनी सेठ अग्रवाल के मुताबिक, हास्य हमें वास्तविकता से भागने नहीं देता, बल्कि उसे थोड़ा हल्का बना देता है ताकि हम उसे सह सकें।

हालांकि हर तरह की हंसी समान नहीं होती। 'डार्क ह्यूमर' यानी काले हास्य में व्यक्ति अपने दर्द को स्वीकार करते हुए भी हंसता है। जैसे कैंसर का मरीज अपने बाल झड़ने पर मजाक करे या सैनिक युद्ध के बीच व्यंग्य करे, यह इनकार नहीं, बल्कि दर्द से निपटने का तरीका है।

इसके विपरीत, 'डिनायल' यानी इनकार में हंसी का इस्तेमाल दर्द को छिपाने के लिए होता है। इसमें व्यक्ति समस्या को स्वीकार ही नहीं करता। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह फर्क बेहद अहम है, क्योंकि दबा हुआ दर्द समय के साथ और गहरा हो जाता है।

मौजूदा डिजिटल दौर में 'मीम्स' बने नया सहारा

आज की युवा पीढ़ी, खासकर जेन जी, संकट से निपटने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लेती है। जलवायु संकट, महामारी, आर्थिक अस्थिरता और सामाजिक तनाव के बीच यह पीढ़ी 'मीम्स' के जरिए अपनी भावनाएं व्यक्त करती है। कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान इंटरनेट पर ऐसे मीम्स की बाढ़ आ गई थी, जो एक साथ मजेदार भी थे और दर्द को भी दर्शाते थे। 'इट्स फाइन' जैसे मीम्स पूरी पीढ़ी के मानसिक हालात का प्रतीक बन गए। यह हास्य सिर्फ मजाक नहीं, बल्कि सामूहिक संवाद का तरीका है।

हंसी का विज्ञान

शरीर की प्राकृतिक दवा

हंसी शारीरिक स्तर पर भी असर डालती है। जब हम हंसते हैं, तो शरीर में एंडोर्फिन रिलीज होते हैं, जो दर्द कम करने और खुशी बढ़ाने में मदद करते हैं। साथ ही तनाव हार्मोन- कॉर्टिसोल और एड्रेनालिन, कम होने लगते हैं। रिसर्च बताती है कि हंसी की उम्मीद से ही तनाव कम होने लगता है।

हंसी का विकास

प्राचीन है ये विरासत

वैज्ञानिक मानते हैं कि हंसी भाषा से भी पहले की चीज है। करीब एक करोड़ साल पहले से यह इंसानों और उनके पूर्वजों में मौजूद थी। इसका मुख्य काम था- समूह में भरोसा और जुड़ाव बनाना। एक साथ हंसने वाले लोग एक-दूसरे पर ज्यादा भरोसा करते हैं, संकट में यह कुंजी है।

खतरनाक भी है हंसी

विशेषज्ञों ने यह भी चेतावनी दी है कि अगर कोई व्यक्ति हर स्थिति में सिर्फ हंसी का ही सहारा ले रहा है और अपने असली भावनाओं को दबा रहा है, तो यह 'स्माइलिंग डिप्रेशन' का संकेत हो सकता है। ऐसे में जरूरी है कि व्यक्ति अपने भीतर के दर्द को पहचानें और जरूरत पड़ने पर मदद लें।

15660 करोड़ में मित्तल परिवार ने खरीदी आरआर

पूनावाला और मनोज बडाले की भी हिस्सेदारी

नई दिल्ली, जेएनएन। जाने-माने उद्योगपति लक्ष्मी एन मित्तल और उनके बेटे आदित्य मित्तल ने अदार पूनावाला के साथ मिलकर 1.65 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 15,660 करोड़ रुपए) की बोली लगाकर राजस्थान रॉयल्स में सर्वाधिक हिस्सेदारी हासिल कर ली है। उन्होंने सोमानी-रॉब वाल्टन-शीला फोर्ड हैम्प के समूह के दौड़ से हटने के बाद यह सौदा किया। यह सौदा बीसीसीआई, सीसीआई, आईपीएल संचालन परिषद और अन्य लागू नियामक प्राधिकरणों के अनुमोदन सहित अन्य शर्तों के अधीन है। यह सौदा 2026 की तीसरी तिमाही में पूरा होने की उम्मीद है।

इससे पहले सोमानी के नेतृत्व वाले अमेरिका स्थित समूह ने 1.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर की पेशकश की थी, लेकिन कई मुद्दों के कारण यह उचित जांच प्रक्रिया में खरा नहीं उतर पाया। मित्तल परिवार के पास राजस्थान रॉयल्स का 75 प्रतिशत, जबकि पूनावाला के पास 18 प्रतिशत हिस्सा होगा। शेष लगभग सात प्रतिशत हिस्सेदारी मनोज बडाले सहित मौजूदा निवेशकों के पास रहेगी। राजस्थान रॉयल्स के बोर्ड में अब लक्ष्मी एन मित्तल, आदित्य मित्तल, वनिषा मित्तल भाटिया, अदार पूनावाला और बदाले शामिल होंगे। ताकि नए और पुराने प्रबंधन के बीच संतुलन बना रहे।

संक्षिप्त खबरें

इंदौर में अगले महीने होगा ब्रिक्स सम्मेलन

विसं भोपाल। केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन-2026 के अंतर्गत कृषि कार्य समूह का महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आगामी 9 से 13 जून तक इंदौर में आहुत किया जाएगा। पांच दिवसीय इस उच्च स्तरीय सम्मेलन में 21 देशों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक, नीति निर्धारक एवं विशेषज्ञ शामिल होंगे। सम्मेलन को लेकर रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। डॉ. यादव ने कहा कि देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में आयोजित होने वाला यह सम्मेलन प्रदेश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है। शहर की स्वच्छता, हरियाली और सुंदरता अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के सामने उत्कृष्ट रूप में प्रदर्शित होना चाहिए। उन्होंने नगर निगम, पुलिस प्रशासन, पर्यटन, लोक निर्माण, स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आयोजन स्थलों, प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष साफ-सफाई, आकर्षक सजावट और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि सम्मेलन में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, यूगांडा, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, कोलम्बिया, इंडोनेशिया सहित कुल 21 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि विश्व के लगभग 68 प्रतिशत किसान इन देशों में निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि आयोजन की सभी व्यवस्थाएं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हों।

तीन वार्डों में 3.87 करोड़ से होंगे विकास कार्य

जागरण संवाददाता, भोपाल। वार्ड 26 के बरखेड़ी इलाके में जल्दी ही लोगों को बेहतर सड़कों की सौगात मिलने वाली है। इसके अलावा सड़कों व कालोनियों में जलभराव की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए ड्रेनेज सिस्टम की सौगात मिलने वाली है। इसके अलावा वार्ड 30 की ग्लोबल गार्डन कालोनी में कम्युनिटी हॉल और पार्क का निर्माण किया जाएगा। दक्षिण पश्चिम विधानसभा के तीन अलग-अलग वार्डों में कुल 3 करोड़ 87 लाख रुपए की लागत से विकास कार्य किए जाने हैं। इसमें वार्ड 26 स्थित बरखेड़ी खुर्द में 3 करोड़ 52 लाख रुपए की राशि से सीसी रोड और नाली निर्माण का काम किया जाना है। यहां के रहवासी लंबे समय से सड़क और ड्रेनेज सिस्टम को बेहतर करने की मांग कर रहे थे, जिसे अब अमलीजामा पहनाया जा रहा है। वहीं वार्ड 30 की ग्लोबल गार्डन सोसाइटी में 10 लाख रुपए की लागत से कम्युनिटी हॉल और पार्क का निर्माण किया जाएगा। प्रोफेसर कॉलोनी में निवासियों के लिए 25 लाख रुपए की लागत से एक आधुनिक सामुदायिक भवन तैयार किए जाने की तैयारी है।

शत्रु संपत्ति में दोषियों को बचाने का लगाया आरोप

नगर संवाददाता, भोपाल। मप्र में शत्रु संपत्ति के खिलाफ मुहिम चला रहे समाज सेवी अमिताभ अग्निहोत्री ने प्रशासन पर आरोप लगाया है कि वह शत्रु संपत्ति मामले में दोषियों को बचाने का काम कर रहा है। इसका सबूत है कि पिछले दिनों शत्रु संपत्ति की जांच के लिए बनी कमेटी की जो बैठक हुई, उस बैठक में उन बिंदुओं पर चर्चा ही नहीं की गई। अग्निहोत्री ने बताया कि भोपाल जिला शत्रु सम्पत्ति समिति ने भारत शासन के पत्रों की उपेक्षा की एवं नवाब परिवार भोपाल से महत्वपूर्ण दस्तावेज कंगने के लिए कोई मार्गदर्शन जारी नहीं किया। भोपाल रियासत की शत्रु सम्पत्ति मामले में कार्यवाही करने एवं जिला शत्रु सम्पत्ति समिति द्वारा नवाब परिवार से आवश्यक दस्तावेज क्यों नहीं मांगे जा रहे हैं।

सेवानिवृत्त आईपीएस अखिलेश सिंह का निधन

जागरण, भोपाल। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी अखिलेश सिंह का इलाज के दौरान भोपाल में निधन हो गया। वे कई दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। सिंह मध्यप्रदेश कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री आभा सिंह के पति थे। नर्मदापुरम में डीआईजी रहे सिंह सौम्य, मिलनसार,सरल, शालीन व्यवहार कुशल अधिकारी के रूप में जाने जाते थे। वे छात्र जीवन में छात्र राजनीति में भी खासे सक्रिय रहे। भोपाल के रविंद्र कॉलेज के

अध्यक्ष रहे तथा एमवीएम एवं डिमास्ट्रेशन स्कूल (रीजनल) के भी पूर्व छात्र थे। उनके निधन से पुलिस महकमे, राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा वैशाली नगर स्थित से नर्मदापुरम रवाना हुई, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। इसके पूर्व उनका पार्थिव देह अंतिम दर्शन के लिए वैशाली नगर स्थित निवास में रखा गया। जहां बड़ी संख्या में राजनेताओं, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, पत्रकार, मित्र एवं परिजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

उद्योग स्थापित करने सरकार कर रही नवाचार: सीएम

खुद को कोर्स तक सीमित न रखें विद्यार्थी चिंतन भी करें, स्टार्टअप शुरू करने वालों को राज्य सरकार प्रतिमाह दे रही स्टाइफंड

विसं भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य शासन स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। राज्य में 10 हजार स्टार्टअप धारकों ने अपना पंजीयन कराया है। स्टार्टअप शुरू करने वालों को राज्य सरकार प्रतिमाह स्टाइफंड भी दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर जिले के महू में एक निजी कॉलेज में आयोजित प्लेसमेंट प्रोग्राम में युवाओं को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि प्रदेश में चारों ओर उद्योगों का फैलाव हो, इसके लिए लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। बाहर की कम्पनियों को निवेश के लिए औद्योगिक समिट के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे युवाओं को रोजगार मिले और प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ता रहे। इस मौके पर सीएम ने कॉलेज के उन युवाओं को प्लेसमेंट के प्रमाण-पत्र वितरित किए, जिनका प्लेसमेंट विभिन्न कम्पनियों में हुआ। डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को आह्वान किया कि यदि हम किसी विषय को मन लगाकर गहराई से पढ़ते हैं, तो उसकी याददाश्त लम्बे समय तक बनी रहती है। केवल पाठ्यक्रम तक ही विद्यार्थी स्वयं को सीमित न रखें, वह आगे भी अपना मनन और चिंतन जारी रखे। नये-नये नवाचार करें और स्वयं को भी परखें।

दुग्ध उत्पादक एवं पशुपालक सम्मेलन आज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को ग्वालियर में राज्य स्तरीय दुग्ध उत्पादक एवं पशुपालक सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। डॉ. यादव विभागीय योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण-पत्र भी वितरित करेंगे। मेला ग्राउंड ग्वालियर में होने वाले सम्मेलन में पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल भी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को मिल्क कैपिटल बनाने और दुग्ध उत्पादकों और पशुपालकों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। वर्ष-2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा ग्वालियर जिले में राज्य स्तरीय दुग्ध उत्पादक एवं पशुपालक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों के करीब 20 हजार पशुपालक, दुग्ध उत्पादक, लाभान्वित हितग्राही, सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि और उत्कृष्ट कार्य करने वाले पशुपालक शामिल होंगे। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, उन्नत पशुपालन को बढ़ावा देने और सहकारिता के माध्यम से पशुपालकों की आर्थिक समृद्धि पर विशेष जोर दिया जाएगा। साथ ही मैत्री कार्यकर्ता, उदाहरणीय पशुपालक और क्षीरधारा ग्रामों के सरपंच सहित सहकारी दुग्ध समिति के सदस्य मुख्यमंत्री डॉ. यादव से अपने अनुभव साझा करेंगे।

उमा भारती ने अल्मोडा में मनाया जन्मदिन

पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने रविवार को उत्तराखंड के अल्मोड़ा स्थित श्री कल्याणिका हिमालय देवस्थानम न्यास डोल आश्रम में अपना 67 वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर उन्होंने ट्वीट कर अपनी जानकारी दी। इधर सीएम डॉ. मोहन यादव ने सुश्री उमा भारती को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा है कि सांस्कृतिक उत्थान और जनकल्याण के प्रति सुश्री उमा की दूरगामी दृष्टि एवं सेवाभाव अनुकरणीय आदर्श प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने मां नर्मदा से सुश्री उमा को सुदीर्घ, स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन प्रदान करने की कामना की है।

जन अभियान परिषद में कर्मचारियों से छलावा आंदोलन की चेतावनी

जागरण संवाददाता, भोपाल। मप्र जन अभियान परिषद के वे अधिकारी और कर्मचारी जिनकी भर्ती 2007-08 से संविदा कर्मचारी के तौर पर हुई थी और बाद में नियमित हो जाने के बाद भी उन्हें उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। ऐसे में सेमी गवर्नमेंट एम्प्लाइज फेडरेशन के संयोजक अनिल वाजपेयी ने परिषद प्रबंधन पर कर्मचारियों के आर्थिक शोषण का आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। वाजपेयी ने बताया कि नियमितिकरण के बाद दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि समाप्त होने पर 6वें वेतनमान का 63 प्रतिशत महंगाई भत्ता आज तक लंबित है। इतना ही नहीं फरवरी 2025 से दिसंबर 2025 के बीच जारी 7वें वेतनमान का एरियर भी नहीं दिया गया है। ताजा मामले में अप्रैल (पेड मई) के वेतन में शासन द्वारा घोषित 3 प्रतिशत की महंगाई भत्ता वृद्धि को भी परिषद ने अब तक लागू नहीं किया है, जो पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है। साल भर में परिषद के बजट से कोई भी ठोस योजना धरातल पर नहीं उतारी गई, लेकिन बजट को ठिकाने लगाने के लिए आनन-फानन में कई प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर दिए गए हैं।

रेखा यादव को मिली राज्य महिला आयोग की कमान, छह साल से खाली पड़ा था पद

एक पखवाड़े से होल्ड पर था नाम, सरकार ने दो सदस्यों को भी नियुक्त किया

विशेष संवाददाता, भोपाल। आखिरकार राज्य सरकार ने पूर्व विधायक रेखा यादव को मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग का अध्यक्ष बनाने का आदेश जारी कर दिया। लगभग एक पखवाड़े से उनका नाम होल्ड पर था। इसको लेकर कई तरह की राजनीतिक चर्चाएं भी सामने आई थीं। उनके साथ आयोग की दो सदस्यों की भी नियुक्ति कर दी गई। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति के साथ 23 अप्रैल को राज्य महिला आयोग एवं बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्षों व सदस्यों की नियुक्ति कर दी थी। इसमें महिला आयोग का अध्यक्ष रेखा यादव को तो डॉ. निवेदिता शर्मा को बाल संरक्षण आयोग का अध्यक्ष बनाए जाने की खबर सामने आई थी। लेकिन तब किन्हीं कारणों से महिला आयोग और बाल संरक्षण आयोग की नियुक्तियों को होल्ड कर दिया गया था। बताया गया है कि इन आयोगों के नामों को लेकर एक बार फिर से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के बीच विचार विमर्श किया गया था। इसके बाद रेखा यादव को अध्यक्ष बनाए जाने का रास्ता साफ हो गया। उनकी नियुक्ति तीन वर्ष के लिए की गई है। इसी तरह पूर्व विधायक साधना स्थापक को आयोग का सदस्य बनाया है। लेकिन अब तक बाल संरक्षण आयोग की नियुक्तियों को लेकर किसी भी तरह की अधिसूचना जारी नहीं हो सकी है। मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग का अध्यक्ष पद लगभग 6 साल से खाली था। कांग्रेस की कमलनाथ सरकार के गिरने से पहले महिला आयोग के अध्यक्ष पद पर शोभा ओझा की नियुक्ति की गई थी। लेकिन जैसे ही सरकार बदली नियुक्ति को रद्द कर दिया गया। इसके बाद ओझा ने न्यायालय का रुख किया, जिससे नए अध्यक्ष की नियुक्ति पर रोक लग गई थी। बाद में ओझा ने स्वयं इस पद से इस्तीफा देकर नया अध्यक्ष नियुक्त करने का रास्ता साफ कर दिया था।

रेखा यादव

साधना स्थापक

सरकार ने अब तक की दो दर्जन नियुक्तियां

सरकार द्वारा पिछले एक पखवाड़े में आयोग, प्राधिकरण और निगम मंडलों में दो दर्जन राजनीतिक नियुक्तियां की गई हैं। शेष पदों को भरने का क्रम भी लगातार जारी है। ऐसा माना जा रहा है कि आने वाले एक से दो सप्ताह के भीतर सभी निगम, मंडल, प्राधिकरण और आयोगों के खाली पद भर दिए जाएंगे।

पिछले दो दिनों में ये नियुक्तियां

पिछले दो दिनों में राज्य शासन ने एक दर्जन निगम मंडल और प्राधिकरणों के पदों पर राजनीतिक नियुक्तियां की हैं। इनमें सौभाग्य सिंह को पाठ्य पुस्तक निगम का अध्यक्ष बनाया गया है, तो ओम जैन हाऊसिंग बोर्ड, प्रभू दयाल कुशवाहा कुश समाज कल्याण बोर्ड, कौशल शर्मा महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान और पंकज जोशी खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष बनाए गए हैं। उनके साथ राकेश जादौन को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह संदीप जैन जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष व प्रशांत केसरवानी उपाध्यक्ष नियुक्त हुए हैं। योगा आयोग की जिम्मेदारी राघवेन्द्र शर्मा के पास तो राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष पद पर एक बार फिर से रमेश शर्मा पर भरोसा जताया गया है। इनके अलावा तीर्थस्थान एवं मेला प्राधिकारण के अध्यक्ष के तौर पर विनोद गौटिया की नियुक्ति हुई है।

भाजपा भोपाल का दो दिनीं प्रशिक्षण वर्ग 16 से, रूपरेखा की गई तैयार

जागरण, भोपाल। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत भाजपा भोपाल का जिला प्रशिक्षण 16 एवं 17 मई को आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण वर्ग सीहोर रोड स्थित स्काई गार्डन में होगा। प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों के लिए जिलाध्यक्ष रविंद्र यति ने रविवार को बैठक लेकर विभिन्न टोलियों को जिम्मेदारी बांटी। साथ ही कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में संभाग प्रभारी एवं नागदा-खाचरौद विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान, जिला प्रभारी जसवंत सिंह हाड़ा, प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा भी उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष रविंद्र यति ने प्रशिक्षण वर्ग को संगठन की रीढ़ को और अधिक मजबूत करने का अवसर बताया। कार्यकर्ताओं से अनुशासन, समर्पण और सक्रिय सहभागिता के साथ इस अभियान को सफल बनाने की अपील की। टोली सदस्यों से समन्वय से कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के संबंध में चर्चा की। जिला महामंत्री मुकेश राय, प्रदीप शेखावत सहित जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, प्रशिक्षण अभियान टोली के संयोजक एवं सदस्यग भी बैठक में शामिल रहे।

मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक ने मनाया प्रथम स्थापना दिवस

भोपाल। मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के प्रथम स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सेज विवि के ऑडिटोरियम में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य संजय श्रीवास्तव फील्ड महाप्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया थे। समारोह में विशिष्ट अतिथि अंविता सुरीन महाप्रबंधक नाबार्ड, सुरेश साहू महाप्रबंधक नाबार्ड, नंदू नाइक उपमहाप्रबंधक नाबार्ड एवं सुशील कुमार उपमहाप्रबंधक नाबार्ड एवं बैंक के अध्यक्ष आरसी बेहेरा सम्मिलित हुए। समारोह में बैंक के महाप्रबंधक गण, समस्त क्षेत्रीय प्रबंधक, प्रधान कार्यालय के समस्त विभाग प्रमुख एवं स्टाफ तथा चयनित शाखाओं के शाखा प्रबंधक सम्मिलित हुए। दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के बाद मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों द्वारा अपने उद्वोधन में बैंक द्वारा विगत वर्ष में किए गए अच्छे कार्य की प्रशंसा की गई एवं विश्वास जताया गया कि वर्तमान वर्ष में पुनः बैंक अपने व्यवसाय एवं सेवाओं के लिए उत्कृष्टता से कार्य करेगा। इस अवसर पर विगत वित्तीय वर्ष में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शाखाओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आलम बैंड भोपाल द्वारा संगीत कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई जिसे समारोह में सम्मिलित सभी अतिथियों द्वारा बेहद सराहा गया। ऐंकरिंग मौलश्री सक्सेना द्वारा की गई एवं क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल की क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा सभी अतिथियों को आभार व्यक्त किया गया।

हादसे के विरोध में कांग्रेस ने घेरा मंत्री का बंगला

प्रदर्शन: कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ हुई झूमा-झटकी, क्रूज हादसे के विरोध में निकाली शवयात्रा

विशेष संवाददाता, भोपाल। बरगी क्रूज दुर्घटना के विरोध में रविवार को कांग्रेस ने राजधानी में पर्यटन मंत्री धर्मेन्द्र लोधी का बंगला घेरने का प्रयास किया। जिसमें कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ झूमा-झटकी भी हुई। दरअसल युवा कांग्रेस ने क्रूज हादसे के विरोध में शवयात्रा निकाली ।

कार्यकर्ता शव यात्रा में प्रतीकात्मक 11 अर्थी लिए निकलेऔर मंत्री लोधी के बंगले का घेराव करने की कोशिश की। पीसीसी से जैसे ही युवा कांग्रेसी आगे बढ़े पुलिस ने उन्हें तरुण पुष्कर के पास रोकने की कोशिश की,जिन्हें रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेडिंग की। जिसे कार्यकर्ता हटाने का प्रयास करने लगे,जिससे उनकी पुलिस के साथ झड़प हो गई। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर कार्यकर्ताओं खदेड़ दिया। इस मौके पर कांग्रेसियों ने कहा कि बरगी दुर्घटना के लिए पर्यटन मंत्री लोधी पूरी तरह से जिम्मेदार है,उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में जिस तरह की प्रशासनिक लापरवाही सामने आ रही है,उस पर सरकार गंभीर नहीं है। कुछ अधिकारियों व कर्मचारियों को हटाकर सरकार ने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी। हकीकत तो यह है कि लापरवाही में भोपाल से लेकर जबलपुर में बैठे वरिष्ठ अधिकारी व विभाग के मंत्री भी दोषी है,जिन पर तत्काल एक्शन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपना विरोध आगे भी जारी रखेगी।

मौसम ≡ धूप के कारण स्कीन बर्न की भी समस्या, छोटे बच्चों के शरीर पर उठ रहे हल्के दाने ≡

गर्मी के कारण खराब हो रही स्किन, ओपीडी में बढ़े मरीज

नगर संवाददाता, भोपाल। शहर में गर्मी के कारण न सिर्फ उल्टी दस्त के मरीज बढ़े हैं, बल्कि स्किन डिसीज के मरीजों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। हमीदिया व जेपी अस्पताल की ओपीडी में पहुंचने वाला छठा मरीज त्वचा संबंधी समस्या लेकर आ रहा है। ओपीडी में आने वाले मरीजों के शरीर पर लाल चिकत्ते, खुजली, स्किन बर्न, छोटे छोटे दाने उठ रहे हैं। डॉक्टरों के मुताबिक तेज धूप, बढ़ता तापमान और उमस मिलकर वायरस को सक्रिय कर रहे हैं, जिससे स्किन रिएक्शन और एलर्जी के मामले बढ़ रहे हैं। कई मरीजों को तेज बुखार, बदन दर्द और जलन के साथ संक्रमण भी हो रहा है। खासतौर पर बच्चे, बुजुर्ग और बाहर काम करने वाले लोग ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। पिछले एक हफ्ते में ऐसे मामलों में अचानक उछाल दर्ज किया गया है, जिससे अस्पतालों की ओपीडी पर दबाव बढ़ गया है।

पसीना निकलने से वायरस सक्रिय: गर्मी के मौसम में शरीर से अधिक पसीना निकलता है, जिससे त्वचा के रोमछिद्र बंद हो जाते हैं और बैक्टीरिया-वायरस को पनपने का मौका मिलता है। धूल, प्रदूषण और पसीने का मिश्रण त्वचा पर एलर्जिक रिएक्शन पैदा करता है, जिससे लाल चकत्ते और खुजली शुरू हो जाती है। इसके साथ ही तेज गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिससे इम्युनिटी कमजोर पड़ती है और वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। अचानक तापमान में उतार-चढ़ाव भी शरीर को प्रभावित करता है, जिससे स्किन और वायरल समस्याएं एक साथ देखने को मिल रही हैं।

छोटे बच्चे भी हो रहे परेशान: स्किन की समस्या सिर्फ धूप में निकलने वाले युवा और कामगारों को नहीं हो रही। बल्कि यह परेशानी घर में रहने वाली महिलाओं और छोटे छोटे बच्चों को भी हो रही है। इस बारे में चिकित्सकों का तर्क है कि छोटे बच्चों की स्किन बहुत नाजुक होती है। अत्यधिक गर्मी होने और उनका लगातार बिस्तर पर लेटे रहने के कारण स्किन पर दाने उठने लगते हैं। ऐसे में चाहिए कि शिशुओं को समय समय पर बिस्तर से दूर रखें और उन्हें नरम कपड़े पहनाएं।

स्किन डिसीज के मुख्य लक्षण

- तेज बुखार के साथ शरीर पर लाल चकत्ते
- खुजली और जलन वाले दाने
- सिरदर्द और बदन दर्द
- कमजोरी और थकान
- कुछ मामलों में हल्की सूजन

बचाव के लिए क्या करें

विशेषज्ञों के अनुसार गर्मियों में शरीर को ठंडा और हाइड्रेट रखना सबसे जरूरी है। दिनभर में पर्याप्त पानी और तरल पदार्थों का सेवन करें, ताकि शरीर में नमी बनी रहे। हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनें जिससे पसीना कम जमा हो। बाहर निकलते समय धूप से बचाव करें और त्वचा को साफ रखें। पसीना आने पर त्वचा को सूखा रखना और बार-बार धोना भी फायदेमंद होता है। बिना डॉक्टर की सलाह के किसी भी क्रीम या दवा का उपयोग करने से बचें। संतुलित आहार और पर्याप्त नींद इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करती है, जिससे ऐसे संक्रमण से बचाव संभव है।

> गर्मी के सीजन में हर साल घमोरिया और स्किन डिसीज के मरीज बढ़ते हैं। इस बार भी ऐसा ही हो रहा है। पसीना निकलने से शरीर के छिद्र बंद हो जाते हैं, जिससे वायरस सक्रिय हो जाता है। लोगों को बचाव के तरीके अपनाने चाहिए।
> **-डॉ. नितिन पंड्या,** चर्म रोग विशेषज्ञ, हमीदिया अस्पताल

पुणे-गोरखपुर के बीच हर दिन ट्रेन सेवा, भोपाल से होकर चलेगी

नगर संवाददाता, भोपाल। रेलवे द्वारा समर सीजन के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर समर स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में मध्य रेल से यात्रा मांग पर चल रही गाड़ी संख्या 01415/01416 पुणे-गोरखपुर-पुणे स्पेशल ट्रेन को विस्तारित करते हुए समर स्पेशल के अंतर्गत चलाने का निर्णय रेल प्रशासन द्वारा लिया गया है। यह समर स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, रानी कमलापति एवं बीना स्टेशनों से होकर अपने गंतब्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 01415 पुणे से गोरखपुर समर स्पेशल ट्रेन 15 मई से 15 जुलाई तक हर दिन पुणे स्टेशन से सुबह 6:50 बजे प्रस्थान कर इटारसी रात 9:10 बजे, रानी कमलापति 11:15 बजे, पहुंचकर अगले दिन बीना मध्यरात्रि 1:25 बजे पहुंचकर मार्ग से होते हुए सायं 4 बजे गोरखपुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01416 गोरखपुर से हड़पसर (पुणे) समर स्पेशल ट्रेन 16 मई से 16 जुलाई तक हर दिन गोरखपुर स्टेशन से शाम 5:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन बीना सुबह 8 बजे, रानी कमलापति 10:30 बजे, इटारसी दोपहर 12:10 बजे पहुंचकर और तीसरे दिन 3:15 बजे हड़पसर (पुणे) स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 1 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 5 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 6 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य श्रेणी एवं 2 एसएलआरडी सहित कुल 18 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में दौंड कॉर्ड लाइन, अहिल्यानगर जंक्शन (अहमदनगर), कोपरगांव, मनमाड़, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, रानी कमलापति, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, कानपूर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशनों पर रुकेगी।

दैनिक जागरण
भोपाल, 4 मई 2026

राजधानी जागरण

05

राजधानी का तापमान/मौसम
अधिकतम 40.4°c न्यूनतम 22.4°c
राजधानी में गर्मी शबाब पर है। आज भी तापमान बढ़ने के आसार हैं।

•11• राज्य •31• संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित
www.dainikjagranmpcg.com

नगर में आज

आर्ट कैंप
- स्थान: ध्रुपद संस्थान
- समय: सुबह 9:30 बजे से

कला प्रदर्शनी
- स्थान: मानव संग्रहालय
- समय: शाम 5 बजे

स्टेट हैंडलूम एक्सपो 2026
- स्थान: गौहर महल
- समय: दोपहर 12 बजे से

'माह का प्रादर्श'
- स्थान: मानव संग्रहालय
- समय: दोपहर 12 बजे से

72 शलाका चित्र प्रदर्शनी
- स्थान: लिखन्दरा दीर्घा, जनजातीय संग्रहालय
- समय: दोपहर 12 बजे से

संक्षिप्त खबरें

स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

जागरण, भोपाल। शाहपुरा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने युवक को कुचल दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के वक्त वह अस्पताल में भर्ती भजीते को देने का जा रहा था। हादसा प्रियदर्शिनी सोसायटी के सामने हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 38 वर्षीय दीपेश श्रीवास्तव पिता कंछेदीलाल राहतगढ़, सागर के रहने वाले थे। वह अपने भतीजे हर्ष के इलाज के लिए भोपाल आया था। शनिवार रात को वह अपनी बाइक से उसे देखने जा रहा था। जहां रात करीब सवा 9 बजे प्रियदर्शिनी सोसाइटी के सामने एक मैजिक वैन टर्न ले रही थी। जिससे वह टकरा कर जमीन पर गिर गया। इस दौरान वह सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के नीचे आ गया। जिसका टायर उसके सिर पर चढ़ जाने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात आरोपी चालक की तलाश कर रही है।

कोलार में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

जागरण, भोपाल। कोलार थाना क्षेत्र में महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 30 वर्षीय कल्पना कसवे पति सतीश मूल रूप से महाराष्ट्र की रहने वाली थी। वर्तमान में वह परिवार के साथ आम्रबिहार फेस 3 में किराए के मकान में रहती थी। उसका पति ड्राइवरी करता है। जबकि वह गृहणी थी। उनके दो बच्चे हैं। शनिवार साढ़े चार बजे महिला ने दुपट्टे से फंदा बनाकर जान दे दी। बच्चे बाहर खेल रहे थे। इस दौरान जब वह में पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद मिला।

आईएएस नहीं बना तो एकेडमी की ली फ्रेंचायजी, घाटे पर विवाद में महिला को किडनैप कर लूटे 1.89 करोड़

पिस्टल की नोक पर दो खातों में ट्रांसफर कराई राशि, वीडियो बनाकर मौत का दिखाया भय, रीवा-दतिया से बुलाए थे हथियारबंद बदमाश

क्राइम रिपोर्टर, भोपाल। खुद आईएएस नहीं बना तो एक छात्र ने एकेडमी की फ्रेंचायजी ली। कोविड में घाटा लगने पर उसका पैसों को लेकर एकेडमी की महिला संचालिका से विवाद हुआ। बदला लेने के लिए आरोपी ने महिला को सरकार से बड़ा प्रोजेक्ट दिलाने के बहाने दिल्ली से भोपाल बुलाया और किडनैप कर 1.89 करोड़ रुपए लूट लिए। पिस्टल की नोक पर दो खातों में राशि ट्रांसफर करवा ली। वारदात के लिए उसने रीवा-दतिया से हथियारबंद बदमाश बुलाए थे। वीडियो बनाकर महिला को मौत और कानून का भय दिखाया। इससे आरोपी को लगा कि महिला किसी से शिकायत नहीं करेगी। पीड़िता ने घटना की जानकारी उससे पढ़े आईएएस अफसरों को दी। उन्होंने भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार से संपर्क किया। महिला ने पूरा घटनाक्रम बताया। रिपोर्ट पर क्राइम ब्रांच ने मुख्य आरोपी समेत 6 को गिरफ्तार कर लिया। मामले में दो आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने लूटी गई राशि को बैंक में होल्ड करवा लिया है। पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने बताया कि हरदेव नगर दिल्ली निवासी संतोष कुमार पिता नीलेंदु ठाकुर ने शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि शुभ्रा (शुभ्रा रंजन आईएएस एकेडमी की डायरेक्टर) एवं अन्य सहयोगियों को भोपाल निवासी प्रियांक शर्मा एवं उसके साथियों द्वारा एडमिशन एवं सेमिनार का झांसा देकर भोपाल बुलाया गया। इसके बाद सभी को एक अज्ञात स्थान पर ले जाकर हथियारबंद बदमाशों ने बंधक बना लिया। पिस्टल अड़ाकर जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने दबाव बनाकर सोसायटी जनकशिला एवं आरएस इंटरप्राइजेस के बैंक खातों में कुल 1.89 करोड़ रुपए आनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। साक्ष्य छिपाने और भय उत्पन्न करने के लिए पीड़ितों से झूठा वीडियो बनवाया। इसमें एक व्यक्ति को रस्सी से बांधकर बक्से में बंद करने का नाटक दिखाया। बाद में धमकी दी यदि किसी से शिकायत की इस व्यक्ति के मर्डर केस में फंसा देंगे। इससे आरोपियों को लगा कि पीड़िता उनकी शिकायत नहीं करेगी। इस पर पुलिस ने आरोपी प्रियांक शर्मा समेत अन्य केखिलाफ बंधक बनाना, अगवा करना, लूट करना, पिस्टल दिखाकर भय कारित करना, आर्म्स एक्ट, आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया।

बाहर चीख न सुनाई दे इसलिए सुंदर कांड रखा

जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी प्रियांक शर्मा 2016 में महिला की आईएएस एकेडमी में कोचिंग कर रहा था। जहां पर फेल हो गया। 2019 में उसने एकेडमी की फ्रेंचायजी ली और पटना में संस्था खोली। कोविड में प्रियांक को घाटा हो गया। इसके लिए उसने महिला को दोषी ठहराया और अपने पैसे मांगे। कुछ समय बाद प्रियांक ने भोपाल में जनकशिला नाम से कोचिंग संस्था डाली। उसे पैसों की कमी पड़ रही थी। इसकी पूर्ति के लिए महिला को झांसे में लिया। उसने कहा कि भोपाल में बड़ा सेमिनार कर रहे हैं। मिलकर सरकार से बड़ा प्रोजेक्ट लेंगे। झांसे में आने के बाद महिला 30 अप्रैल को भोपाल पहुंची। प्रियांक ने बागसेवनिया में फर्जी आधार लगाकर एक महीने पहले किराए से फ्लैट लिया था। इसी फ्लैट में वह महिला को ले गया और वारदात की।

बीमारी का बहाना बनाकर एम्स में हुआ भर्ती

आरोपियों की तलाश में क्राइम ब्रांच ने दबिश दी। पता चला कि मुख्य आरोपी प्रियांक शर्मा एम्स में बीमारी का बहाना बनाकर भर्ती है। डाक्टरों से चर्चा करने पर आरोपी की स्वास्थ्य स्थिति सामान्य पाई गई, जिसके बाद उसे विधिवत अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में प्रियांक ने वारदात को करना स्वीकार किया। वह बीमार का झूठा बनाकर एम्स में भर्ती हुआ था ताकि पुलिस से बच सके। आरोपी की गिरफ्तारी पर उसकी मां व पत्नी ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया।

दीपक ने की थी मरने की एक्टिंग

आरोपी प्रियांक निवासी भवानी धाम की निशानदेही पर सहआरोपी रोहित (24) निवासी कालापीपल दीपक भगत निवासी श्मसान घाट लहारपुर दुर्गा मंदिर के पास बागसेवनिया, विकास दाहिया निवासी रीवा, कुनाल (20) निवासी ग्राम चिरुला दतिया और पंकज अहिरवार निवासी खालकापुरा दतिया को गिरफ्तार किया। रोहित से पिस्टल जब्त की। दीपक ने बक्से में बंद होकर मरने की एक्टिंग की थी। मामले में दो आरोपी रामजी प्रजापति और संदेही रामू उर्फ रामेश्वर उर्फ शिव की तलाश जारी है।

सेवनिया गोंड में कागजों में हट रहे अतिक्रमण, पक्की बाउंड्री छोड़ी, आर्टिफिशियल बाउंड्रीवॉल भी अधूरी तोड़ी

बड़े तालाब के एफटीएल की जद में बनी कोठी पर कोई कार्रवाई नहीं, कुछ जगहों पर होने लगे नए निर्माण

जागरण संवाददाता, भोपाल। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के आदेश के बाद भी बड़े तालाब के जद में बने अतिक्रमणों को हटाने में प्रशासन पूरी ताकत के साथ कार्रवाई करने से बच रहा है। टीटी नगर क्षेत्र में अब तक चिन्हित किए गए अतिक्रमणों को हटाने में आधी अधूरी कार्यवाही ही की गई। प्रशासन की कार्रवाई को देखकर प्रतीत होता है कि केवल कागजों में अतिक्रमण हटाना दर्शाने के लिए एक हिस्से को ही जमींदोज किया जा रहा है। बाकी पूरे निर्माण को वैसे ही छोड़ दिया जा रहा है। सेवनिया गोंड में तालाब के एफटीएल के पत्थर के पास बनी कोठी पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। जबकि इसके पास स्थित एक प्लॉट पर भी प्रशासन द्वारा आर्टिफिशियल बाउंड्री वॉल पर निशान लगाया था। इस बाउंड्रीवॉल के केवल उसी हिस्से को प्रशासन ने तोड़ा है, जहां लाल निशान लगा था। बाकी पूरे हिस्से को वैसा ही छोड़ दिया गया है। जबकि सामने मौजूद पत्थरों की बाउंड्रीवॉल पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। जबकि कोठी की बाउंड्रीवॉल भी नहीं तोड़ी गई है। जबकि नियमानुसार यह कोठी पूरी तरह से अवैध है। क्योंकि इसकी बाउंड्रीवॉल फुल टैंक लेवल से महज एक फीट की दूरी पर बनाई गई है। इसके पहले मौजूद सागर ग्रीन्स कालोनी के अंदर भी यही नजारा देखने को मिल रहा है। कागजों में कार्यवाही दिखाने के लिए केवल हल्के फुल्के निर्माण ही तोड़े जा रहे हैं। जबकि बड़े निर्माणों पर किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं की जा रही है। सागर ग्रीन्स कालोनी में प्रतिबंधित जगह पर बाउंड्रीवॉल बनाई जा रही है। ऐसे में इस निर्माण के चलते भी तालाब तक पहुंचने वाले पानी की सप्लाई प्रभावित होगी।

सेंट्रल पार्क कालोनी के अवैध निर्माण पर भी नहीं हुई कार्रवाई

इसके अलावा अब तक सेवनिया गोंड इलाके में सेंट्रल पार्क कालोनी में भी अवैध निर्माणों पर अब तक कार्यवाही नहीं हो सकी है। एनजीटी के अधिवक्ता हर्षवर्द्धन तिवारी के अनुसार किसी भी जलस्रोत के पास बाउंड्रीवॉल बनाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है, क्योंकि इसके कारण तालाब का जलभराव प्रभावित होता है। पक्का निर्माण होने से जलीय जीव प्रजनन नहीं कर पाते हैं। जबकि ग्रीन बेल्ट क्षेत्र विकसित होने से इन इलाकों में जैव विविधता फलती फूलती और वन्य प्राणियों का आवागमन होता है। जिससे उनकी आबादी बढ़ती है।

हटाई जाना चाहिए पूरी बाउंड्रीवॉल

कैचमेंट एरिया के पास जो भी निजी जमीनें हैं। उन पर बाउंड्रीवॉल बनाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इन जमीनों पर नियमानुसार केवल तार फेंसिंग ही की जा सकती है, ताकि बारिश के दौरान तालाब तक पानी आराम से पहुंच सके। जबकि सेवनिया गोंड और गोरागांव क्षेत्र में सब लोगों ने पक्के मकान बनाकर आसपास बाउंड्रीवॉल खड़ी कर दी है। इसके अलावा पक्का निर्माण होने से भूमिगत जल का रिचार्ज भी प्रभावित हो रहा है। कैचमेंट एरिया में मौजूद निजी जमीनों पर नियमानुसार 10 हजार वर्गफीट में केवल 600 वर्गफीट का ही निर्माण होना चाहिए और ऐसे क्षेत्रों में बड़े निर्माण भी नहीं होना चाहिए, ताकि तालाब तक सीवेज, कचरा और गंदगी न पहुंचे। इसके बाद भी इन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निर्माण किया जा रहा है।

> टीटी नगर व बैरागढ़ क्षेत्र में तालाब से अतिक्रमण हटाने में प्रशासन का रवैया लचर नजर आ रहा है। एनजीटी के आदेश के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाए जा रहे हैं। केवल निर्धन लोगों को टारगेट किया जा रहा है। हमने एनजीटी के समक्ष सारे दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। आवश्यकता हुई तो सुप्रीम कोर्ट को भी मामले की जानकारी देंगे।
> ● राशिद नूर खान
> याचिकाकर्ता

बिशनखेड़ी में हुई पक्षी गणना

60 से ज्यादा पक्षी प्रजातियां चिह्नित

जागरण संवाददाता, भोपाल। राजधानी के बड़े तालाब के किनारे स्थित बिशनखेड़ी क्षेत्र में रविवार को पक्षी गणना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भोपाल बर्ड्स संस्था द्वारा समर बर्ड मॉनिटरिंग प्रोग्राम के तहत यह गणना आयोजित की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रीष्म ऋतु के दौरान यहां प्रवास करने वाले और स्थानीय पक्षियों की प्रजातियों को चिन्हित कर उनका डेटा तैयार करना है। इस गणना के दौरान विशेषज्ञों और वालंटियर्स को पक्षियों की विविधता के सुखद परिणाम मिले। इस दौरान बिशनखेड़ी के आसपास लगभग 60 से अधिक पक्षी प्रजातियों की मौजूदगी दर्ज की गई। जिनमें मुख्य रूप से जलीय पक्षी प्रजातियां जैसे कोंब डक, स्पॉट बिल्ड डक, कॉटन टील, पर्पल मूरहेन सहित कई अन्य पक्षी चिन्हित किए गए। जबकि दलदली पक्षी प्रजातियों में ब्लैक हेडेड आइबिस, ग्लॉसी आइबिस, ओपन बिल स्टोर्क, पेंटेड स्टोर्क, फीसेंट टेल जकाना और ब्रॉन्ज विंग जकाना को चिन्हित किया गया। जबकि आकर्षक पक्षी प्रजातियों में **इंडियन पैराडाइस फ्लाईकैचर (दूधराज)**, गोल्डन ओरियल और कॉमन आयोरा का देखा गया। कार्यक्रम में मुख्य स्रोत के रूप में भोपाल बर्ड्स संस्था के मो. खालिक और डॉ. संगीता राजगीर उपस्थित रहे। उन्होंने वालंटियर्स को पक्षियों की पहचान, उनके व्यवहार और ग्रीष्मकालीन प्रवास के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

ग्रीष्मकालीन बर्ड मॉनिटरिंग प्रोग्राम के तहत जुटाए गए आंकड़े

हमीदिया अस्पताल और रॉयल मार्केट के पास अवैध कब्जे वालों का सामान किया जब्त

जागरण संवाददाता, भोपाल। रविवार को अवकाश के बावजूद हमीदिया अस्पताल, जीपीओ तिराहे और रॉयल मार्केट चौराहे पर अतिक्रमण करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा इमामी गेट तिराहे से कर्फ्यू वाली माता मंदिर की ओर जाने वाली सड़क से भी अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान सामान जब्त करते समय अतिक्रमणकारियों का निगम के अतिक्रमण अधिकारी नासिर खान के साथ झूमाझटकी भी हुई। उन्होंने बताया कि लोगों को समझाइश दी गई थी, उनके सड़क से न हटने के बाद कार्रवाई की गई। बता दें कि पुराने भोपाल में अतिक्रमण के कारण रोजाना सड़कों पर जाम लगता है, जिसके कारण ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम का अतिक्रमण निगम का अतिक्रमण अमले ने शाम को जीपीओ तिराहे के पास से कार्रवाई करना शुरू की और रॉयल मार्केट तक सड़क से अतिक्रमण हटाया गया। अमले ने कार्रवाई करते हुए सड़क पर रखे कैरेट, टेबल कुर्सी और ठेले सहित अन्य सामान जब्त किया। इस दौरान लगभग एक मिनी ट्रक भरकर सामान जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों की अतिक्रमण अमले से जमकर कहासुनी भी हुई। इस दौरान कुछ लोगों ने अतिक्रमण अधिकारी के साथ झूमाझटकी भी की, लेकिन समझाइश के बाद लोग मान गए। नगर निगम के अलावा दोपहर में ट्रैफिक पुलिस ने इमामी गेट के पास कार्यवाही करते हुए सड़क से ठेले और दुकानों का सामान हटवाया।

अमला लगातार अभियान चलाकर सामान जब्ती की कार्यवाही कर रहा है।

गूगल सर्च इंजन पर जालसाजों का डेरा, कस्टमर केयर का नंबर खोजने पर मिल रहे ठग

दो बुजुर्गों से की पांच लाख की धोखाधड़ी

क्राइम रिपोर्टर, भोपाल। गूगल सर्च इंजन पर जालसाजों ने डेरा डाल रखा है। कस्टमर केयर का नंबर सर्च करने पर ठगों के कॉल आ रहे हैं। शाहपुरा में इसी पैटर्न पर दो बुजुर्गों से करीब पांच लाख रुपए ठग लिए। पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। ह्यशाहपुरा पुलिस के मुताबिक, 69 वर्षीय विनोद कुमार शुक्ला सुरेंद्र रेसीडेंसी दानापानी रोड में रहते हैं। वह बैंक से रिटायर्ड कर्मचारी हैं। उनके पास कोरियर से जरूरी दस्तावेज आने थे। कोरियर आने में देरी होने पर उन्होंने कंपनी का नंबर गूगल सर्च इंजन पर सर्च किया। मिले नंबर पर उन्होंने कॉल किया, लेकिन किसी ने कॉल रिसीव नहीं किया। 20 अप्रैल को जालसाज ने कॉल किया और खुद को कंपनी का कर्मचारी बताया। शिकायत सुनने के बाद कॉलर ने डिलीवरी प्रक्रिया के नाम पर बैंक डिटेल मांग ली। इसके बाद ओटीपी हासिल कर 3.91 लाख रुपए उनके खाते से निकाल लिए। आरोपी ने 11 अलग-अलग ट्रांजेक्शन में यह रकम उड़ाई थी। ठगी का अहसास होने पर उन्होंने इसकी शिकायत की थी। दूसरी वारदात 63 वर्षीय रम्मी भाटिया निवासी गुलमोहर कालोनी के साथ हुई। बुजुर्ग ने बिग बास्केट से आनलाइन एक सामान खरीदा था, जिसे वह रिटर्न करना चाहते थे। बीती 25 अप्रैल को बुजुर्ग ने गूगल पर कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया। यहां पर मिले नंबर पर उन्होंने कॉल किया। बाद में जालसाज ने खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताकर उनसे बात की। बातों-बातों ने कॉलर ने रिमोट एक्सेस एप डाउनलोड करवाई। जैसे ही एप डाउनलोड हुआ, उनके बैंक खाते से करीब एक लाख रुपए निकाल लिए गए। खाते से रकम कटने का मैसेज आने के बाद उन्हें ठगी का पता लगा।

गेहूं बेचने पर सरकार से मिले एक लाख जालसाज ने उड़ाए

एक किसान के खाते से एक लाख जालसाज ने उड़ा लिए। सरकार को गेहूं बेचने पर उसके खाते में 1.06 लाख रुपए डाले गए थे। जालसाज ने बिना ओटीपी पूछे, बिना लिंक भेजे खाते से रकम निकाल ली। नजीराबाद थाना प्रभारी दुर्जन सिंह बरकड़े ने बताया कि सुनील गुर्जर खेती किसानी करते हैं। 25 अप्रैल को उन्होंने सरकार को गेहूं बेचा था। उनके एसबीआई के खाते में 1.06 लाख रुपए आए थे। 27 अप्रैल को वह बैंक स्टेटमेंट निकालने पहुंचे। उन्हें पता लगा कि उनके खाते में सिर्फ 6 हजार हैं। एक लाख रुपए गायब हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि न तो उनसे किसी ने ओटीपी पूछा और न उनके पास कोई लिंक आई, जिसे उन्होंने डाउनलोड किया हो। इसके बावजूद खाते से रकम निकाल ली।

नीट

भोपाल में 33 केंद्रों पर 14 हजार अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, अब रिजल्ट का इंतजार

बायो में आसानी पर फिजिक्स व केमिस्ट्री ने दी स्टूडेंट्स को टेंशन

नगर संवाददाता, भोपाल। राजधानी भोपाल में नेशनल इलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) रविवार को 33 केंद्रों पर आयोजित हुआ। इस राष्ट्रीय परीक्षा में भोपाल व आस पास के जिलों से करीब 14 हजार उम्मीदवार शामिल हुए। दोपहर 2 बजे से शुरू हुई परीक्षा शाम 5 बजे खत्म हुई। परीक्षा देकर सेंटर से बाहर आए छात्र-छात्राओं के चेहरों पर मिले जुले भाव थे। बातचीत में कई स्टूडेंट्स ने बताया कि पेपर बहुत ज्यादा कठिन भी नहीं था, लेकिन आसान भी नहीं था। तीन विषय बायोलॉजी, फिजिक्स और केमिस्ट्री में से बायोलॉजी के सवाल थोड़ा सरल थे। जबकि फिजिक्स और केमिस्ट्री से पूछे जाने वाले प्रश्नों ने बहुत परेशान किया। एक परीक्षार्थी ने बताया कि बायोलॉजी का पेपर काफी आसान था, जिससे उन्हें समय बचाने में मदद मिली। हालांकि, फिजिक्स और केमिस्ट्री के सवालों ने थोड़ा पसीना छुड़ाया, क्योंकि वे काफी ट्रिकी और कैलकुलेशन आधारित थे।

आंसर की जल्द होगी उपलब्ध

परीक्षा संपन्न होने के बाद एनटीए की ओर से जल्द ही आंसर की जारी कर दी जाएगी। उत्तर कुंजी द्वारा छात्र अपने प्रश्न उत्तरों का मिलान करके रिजल्ट का अनुमान लगा सकेंगे। इस प्रश्न उत्तरों के मिलान के दौरान अगर कोई छात्र इसमें दिए किसी उत्तर से संतुष्ट नहीं होगा तो वे तय तिथियों में उस पर अपनी आपत्ति दर्ज कर सकेंगे।

दो अनुभागों में बंटा था पेपर

परीक्षा के बाद ज्यादातर परीक्षार्थियों ने पेपर अच्छा होने होने की उम्मीद जताई है। केमिस्ट्री सेक्शन को आसान से मध्यम की ओर बताया गया है। प्रश्न पत्र में कुछ प्रश्न एनसीईआरटी से भी लिए गए हैं। अनुभाग ए और बी में कार्बनिक, अकार्बनिक और भौतिक रसायन विज्ञान से समान संख्या में प्रश्न थे। जूलॉजी सेक्शन आसान से मध्यम था लेकिन कुछ इसमें मुश्किल प्रश्न भी शामिल थे। प्रश्न पत्र में सवाल 11वीं एवं 12वीं का पाठ्यक्रम के आधार पर ही थे।

ऐसा है नीट यूजी का पेपर पैटर्न

आपको बता दें कि नीट यूजी एग्जाम में इस वर्ष भी किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया है। प्रश्न पत्र कुल 720 अंकों के लिए रहा। प्रश्न पत्र में कुल 4 खंड (फिजिक्स, केमिस्ट्री, जूलॉजी एवं बॉटनी) रहे। प्रत्येक खंड के सेक्शन ए से 35 प्रश्न हल करने के लिए आए थे। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक निर्धारित किये गए हैं। इस परीक्षा के लिए एनटीए की ओर से नेगेटिव मार्किंग भी रखी गई है। गलत उत्तर देने पर एक चौथाई यानि कि 1 अंक की कटौती की जाएगी।

कार में आग लगाने और अन्य वाहनों में तोड़फोड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

क्राइम रिपोर्टर, भोपाल। कोलार इलाके में शराब के लिए पैसों की अड़ीबाजी कर कार में आग लगाने और अन्य वाहनों में तोड़फोड़ करने वाले आरोपी इमरान खान (31) निवासी हिनोतिया आलम कोलार रोड को पुलिस ने अशोक नगर से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी कोलार का निगरानी शुदा बदमाश है और उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। कोलार रोड थाना प्रभारी संजय सोनी ने बताया कि 610 क्वाटर निवासी आमिर खान निजी काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 28 अप्रैल की रात आरोपी इमरान ने उन पर शराब पीने के लिए पैसों की अड़ीबाजी की थी। उसके साथ एक अन्य आरोपी भी था। पैसे नहीं मिलने पर आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौच की। विरोध पर वह मारपीट कर उतारू हो गए। इसके बाद आरोपियों ने उनकी कार में आग लगा दी। इसके अलावा पत्थरों से अन्य वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की। इस बीच सूचना मिली कि आरोपी इमरान अशोक नगर में है। पुलिस की एक टीम रवाना हुई। जहां से आरोपी इमरान खान को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ जारी है। पुलिस उसके साथी का नाम पूछ रही है। आरोपी इमरान के खिलाफ 15 अपराध दर्ज हैं।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

क्या महज प्रतिबंध से खत्म होगी लापरवाही?

मध्य प्रदेश में जबलपुर के बरगी बांध में एक क्रूज नाव के पलटने से हुए हादसे की त्रासदी ने एक बार फिर नागरिक सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस हादसे ने नाव पर सवार होकर रोमांच महसूस करने के कई लोगों के उत्साह को मातम में बदल दिया। हैरानी इस बात की है कि दुर्घटना के बाद प्रशासन के पास नाव में सवार कुल लोगों की सटीक जानकारी तक नहीं थी। अधिकारियों ने टिकटों की संख्या के आधार पर आंकड़ा जारी कर दिया, जबकि कई लोगों के साथ उनके बच्चे भी नाव पर सवार थे। इस देश में अब झीलें उतनी खतरनाक नहीं हैं जितनी हमारी लापरवाही है। यहां पानी गहरा कम है, लेकिन हमारी संवेदनाएं उससे भी ज्यादा गहराई में डूबी हुई हैं। सवाल है कि नौकाओं के संचालकों के लिए क्या यह नियम जरूरी नहीं होना चाहिए कि टिकट लेने वाले लोगों के साथ उनके बच्चों की संख्या भी दर्ज की जाए, ताकि आपात स्थिति में सुरक्षा बंदोबस्त में कोई कमी न रहे? दूसरी ओर ऐसी खबरें भी आई हैं कि दुर्घटना की शिकार हुई नौका पर पहले से सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे और न ही क्रूज के चालक दल के पास स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान की कोई व्यवस्था थी। ऐसे में इसे व्यवस्थागत लापरवाही नहीं तो और क्या कहा जाएगा।

शुरुआती जांच में सामने आया है कि हादसे के समय नर्मदा नदी के बैकवाटर में मौसम अचानक खराब हो गया था. तेज हवाएं चलने लगीं और पानी में ऊंची लहरें उठने लगीं. प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि क्रूज पहले ही अस्थिर हो चुका था. इसके बावजूद चालक ने उसे तत्काल किनारे नहीं लगाया. बताया जा रहा है कि मौसम विभाग ने जबलपुर में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया था. इसके बावजूद पर्यटकों से भरे क्रूज को नर्मदा नदी के बैकवाटर में चलने दिया गया. बताया जा रहा है कि जब क्रूज नदी के गहरे हिस्से में था, उसी दौरान मौसम अचानक बदल गया और तेज हवाएं चलने लगीं.अब प्रशासन ने पूरे मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं.

इस हादसे के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या क्रूज पर यात्रियों की संख्या तय सीमा से अधिक थी? क्या सभी सुरक्षा उपकरण मौजूद थे? क्या मौसम खराब होने के बावजूद क्रूज को रवाना किया गया? इस क्रूज पर सवार दिल्ली के प्रदीप कुमार के आरोप इन सवालों को और गंभीर बना देते हैं. प्रदीप की पत्नी और मासूम बेटे की इस हादसे मे मौत हो गई है। बरगी डैम की लहरों में डूबे इस क्रूज ने सिर्फ एक नाव नहीं डुबोई, बल्कि कई परिवारों की खुशियां भी अपने साथ बहा दीं..इस दुर्घटना में अब तक नौ लोगों के शव बरामद हो चुके हैं। हादसे में जीवित बचे लोगों का दावा है कि नौका पर सवार किसी भी यात्री ने जीवन रक्षक जैकेट नहीं पहनी थी। जब आपात स्थिति महसूस हुई, तभी वे यात्रियों में वितरित करने की कोशिश की गई, लेकिन कुछ लोगों को इन्हें पहनने का मौका ही नहीं मिला। क्या क्रूज पर सवार होने से पहले ही हर यात्री को जीवन रक्षक जैकेट पहनना जरूरी नहीं किया जाना चाहिए था? क्या मौसम खराब होता देख चालक दल को सख्ती से क्रूज ले जाने से इनकार नहीं करना चाहिए था ? जैसा कि क्रूज के मुख्य चालक ने बताया कि किनारे से महज 100 मीटर दूरी पर क्रूज पर नियंत्रण खो गया , तो क्या इतनी सी दूरी पर सहायता जल्द नहीं पहुंचाई सकती थी ? जिससे उन सभी को भी बचाया जा सकता थ, जिन्हे हमने खो दिया ।

सवाल है कि जो नियम नौका चालकों को प्रशिक्षण के दौरान अनिवार्य रूप से सिखाए जाते हैं, अगर उन्हें ही नजरअंदाज कर दिया जाए, तो यह सीधे तौर पर लापरवाही को उजागर करता है। यही नहीं, जल पर्यटन के इस क्षेत्र में मौसम पूर्वानुमान की व्यवस्था न होना भी सवाल खड़े करती है। राज्य सरकार ने हादसे के बाद क्रूज नावों के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन क्या सिर्फ इस कदम से ऐसी दुर्घटनाओं पर पूरी तरह रोक पाएगी। ऐसे में सभी राज्यों को चाहिए कि इस हादसे से सबक लेकर तमाम व्यवस्थाओं में सुधार किया जाए।

प्रसंगवश

सार्वजनिक अस्पतालों की क्षमता मजबूत करना जरूरी

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा कराया गया घरेलू सामाजिक उपभोग (स्वास्थ्य) सर्वेक्षण का 80वां और सबसे ताजा दौर, अपनी तरह का ऐसा पहला व्यापक सर्वेक्षण है जो महामारी-पश्चात काल और आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जय) के परिपक्वता हासिल करने की अवधि में हुआ है। इसी प्रकार के पिछले दो सर्वेक्षणों में पता चला था कि ज्यादातर भारतीयों के पास किसी किस्म का स्वास्थ्य बीमा नहीं है। साल 2018 में पीएम-जय की शुरुआत के बाद, सर्वेक्षण का 80वां दौर दिखाता है कि बीमा कवरेज लगभग तीन गुना बढ़ गया है, जिसकी वजह से अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा वित्तपोषण की हिस्सेदारी बढ़ी है। हालांकि, अस्पताल में भर्ती होने की दर साल 2014 के स्तर पर नहीं पहुंच पायी है, जिसका मतलब है कि बीमा कार्ड होना भी बिस्तरों तक पहुंच हो जाने की गारंटी नहीं है और छिपी लागतों ने अब भी इस पहुंच को सीमित रखा हुआ है। पीएम-जय और राज्य-पोषित बीमा योजनाओं के तहत प्रतिपूर्ति दरें अक्सर बाजार दरों से कम होती हैं, इसलिए निजी अस्पताल इसकी भरपाई जांच और सहायक सेवाओं के लिए मरीजों को अलग से बिल थमाकर करते हैं। दूसरे शब्दों में, राज्य-पोषित स्वास्थ्य बीमा निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की निम्न-आय वाले बाजारों तक पहुंच के लिए सब्सिडी दे रहा है, वह भी नियंत्रित दरें लागू किये बिना, वहीं यह संयुक्त प्रणाली एक सुरक्षा जाल मुहैया कराती है जिसमें बीमा से अस्पताल में भर्ती कवर होती है और सार्वजनिक नेटवर्क ने प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल चाहने वाले परिवारों के लिए वित्तीय सुरक्षा बेहतर की है। दूसरी बात, बीमारी रिपोर्ट करने वाली आबादी का अनुपात दोगुना हो गया है, जबकि संक्रामक रोग घटे हैं और गैर-संचारी रोग बढ़े हैं। अर्थशास्त्रियों ने इसे इस बात का संकेत बताया है कि ज्यादा लोग स्वास्थ्य सेवा चाह रहे हैं, लिहाजा स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए 'दृश्यमान' हो रहे हैं।

पिछले सर्वेक्षणों ने स्वास्थ्य सेवा पर जेब से किये जाने वाले खर्चों (ओओपीई) को गरीबी के एक प्रमुख कारण के रूप में चिह्नित किया। 80वें दौर में, माध्य (मीन) ओओपीई मोटामोटी दोगुना हो गया है, लेकिन मध्यमान (मीडियन) ओओपीई गिरकर प्रति भर्ती 11,285 रुपये पर आ गया है और सार्वजनिक बाह्यरोगी सेवा के लिए तकरीबन शून्य पर है। भारत में स्वास्थ्य देखभाल के खर्चों में कई कम खर्चीले परामर्शों और कुछ महत्वपूर्ण व महंगी अंतःक्रियाओं, जैसे झसर्जरी और दुसाध्य बीमारियों की देखभाल, का मिश्रण है। इन दो रुझानों का मतलब है कि स्वास्थ्य देखभाल ज्यादा वहनीय बन रहा है - जिसका श्रेय सार्वजनिक क्षेत्र को जाता है जो प्राथमिक और द्वितीयक देखभाल की लागत को अवशोषित कर रहा है - जबकि कुछ मामलों में स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं से वित्तीय संकट में फंसने का खतरा अब भी ऊंचा बना हुआ है। समस्या का एक हिस्सा यह है कि आयुष्मान भारत के एएएम नेटवर्क - जो मुफ्त दवाएं और जांच मुहैया कराता है - को अब भी दुसाध्य बीमारियों को प्रबंधित करने की जरूरतों की तुलना में काफी कम फंड मिल रहा है, और इस मामले में निजी क्षेत्र का दबदबा है। इस प्रकार, कुल मिलाकर, गरीबों के पास कहने को तो कवरेज है लेकिन व्यवहार में अक्सर उन्हें कवरेज के लाभों से बाहर कर दिया जाता है, जबकि अधिक बीमा वाला मध्यम वर्ग बढ़ती हुई भारी लागत का सामना कर रहा है। स्वास्थ्य सेवा तलाशने वालों को गरीबी से बचाने और तकरीबन सार्वभौमिक संस्थागत प्रसव हासिल करने के बाद, स्वास्थ्य सेवा सुधार के अगले चरण में तृतीयक देखभाल के वास्ते निजी क्षेत्र के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के अस्पतालों की क्षमता मजबूत करनी होगी।



तेल व्यापार नीति अमीरात ने शुरू कर दिया तेल को लेकर भविष्य की अपनी रणनीतियों को आकार देना

निर्यातक समूह टूटने से आयातकों को लाभ

नरेंद्र तनेजा

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का 'ओपेक' और 'ओपेक प्लस' से अलग होना पूरी दुनिया, विशेषकर तेल-आयातक राष्ट्रों के लिए एक सुखद घटना है। ओपेक एक ऐसा 'कार्टेल' (समूह) है, जिसके सदस्य देश तेल का उत्पादन करते हैं और अधिकता होने के कारण इसका बड़े पैमाने पर निर्यात करते हैं। यह संगठन इसीलिए बनाया गया, ताकि तेल की वैश्विक कीमतों पर वे मिलकर नियंत्रण रख सकें। इसके लिए वे अपना उत्पादन घटाने से भी नहीं हिचकते, ताकि उनका लाभ बना रहे।

यूएई इस संगठन का महत्वपूर्ण सदस्य देश है। उसके बाहर निकलने से ओपेक कमजोर होगा और तेल की कीमतों पर उसका शिकंजा ढीला पड़ सकता है। यह घटनाक्रम बताता है कि अमीरात ने तेल को लेकर भविष्य की अपनी रणनीतियों को आकार देना शुरू कर दिया है। गौरतलब है, बीते दिनों उसने तेल-ढांचे में भारी निवेश किया है। वह अभी 30 लाख बैरल तेल का रोजाना उत्पादन कर रहा है। अनुमान है कि नए निवेश के बाद दो साल के अंदर उसकी उत्पादन-क्षमता करीब 50 लाख बैरल प्रतिदिन तक हो सकती है। चूंकि ईरान युद्ध के कारण तेल की अहमियत बढ़ गई है, इसलिए संयुक्त अरब अमीरात अपने तेल पर 'अपना नियंत्रण' चाहता है। इसीलिए ओपेक छोड़ने के उसके फैसले से संगठन में हड़कंप मच गया है। यह 'ओपेक के अंत की शुरुआत' मानी जा रही है, क्योंकि आने वाले दिनों में एक-दो और देश इस संगठन से किनारा कर सकते हैं।

इतिहास बताता है कि ओपेक से बाहर निकलना कोई नई बात नहीं है। कतर, इक्वाडोर और अंगोला जैसे देश पहले ही संगठन छोड़ चुके हैं। लेकिन यूएई का महत्व और उसकी आर्थिक क्षमता इसे एक अलग स्तर पर ले जाती है। यह कदम अन्य देशों के लिए भी एक उदाहरण बन सकता है, खासकर उन देशों के लिए, जो अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ा रहे हैं या अपनी आर्थिक नीतियों में बदलाव कर रहे हैं। संभावित रूप से ओपेक छोड़ने वाले देशों में नाइजीरिया का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। नाइजीरिया अब केवल कच्चा तेल निर्यात करने के बजाय देश में ही तेल को परिष्कृत करने पर ध्यान दे रहा है। डांगोटे रिफाइनरी जैसे प्रोजेक्ट इस बदलाव का प्रतीक हैं। इससे नाइजीरिया को वैश्विक बाजार पर कम निर्भर रहना पड़ेगा और वह अपने तेल से अधिक मूल्य प्राप्त कर सकेगा। इसी तरह कजाकिस्तान भी संगठन से बाहर निकलने पर विचार कर सकता है। वेनेजुएला भी एक संभावित उम्मीदवार है, जहां उत्पादन में सुधार और राजनीतिक परिस्थितियों में बदलाव

उसे अधिक स्वतंत्र नीति अपनाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। अगर ऐसे और देश ओपेक से बाहर निकलते हैं, तो इसका वैश्विक तेल बाजार पर गहरा प्रभाव पड़ेगा।

अमीरातियों ने साफ तौर पर खुद को उत्पादन संबंधी उन प्रतिबंधों से मुक्त करने की कोशिश की है, जो मुख्य रूप से इस समूह के प्रमुख उत्पादक सऊदी अरब द्वारा निर्धारित किए गए हैं। पर्याप्त अतिरिक्त क्षमता के साथ, अमीरातियों का मानना है कि निर्यात बढ़ाने के लिए स्वायत्तता उनके लिए बेहतर और मुफीद है। कच्चे तेल का निर्यात एक ऐसी क्षमता है, जो अब होर्मुज जलडमरूमध्य के दरअसल बंद होने से बाधित हुआ है। होर्मुज जलडमरूमध्य की बंदी ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद तेल की आपूर्ति में इतिहास का सबसे बड़ा खलल है। यूएई के इस एलान के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमतों में मामूली बदलाव आया। इससे पता चलता है कि इस जलडमरूमध्य संकट का बाजार पर कितना गहरा असर पड़ रहा है।

यूएई के इस कदम के कूटनीतिक निहितार्थ भी हैं। ओपेक में सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश होने के कारण सऊदी अरब का दबाव ज्यादा रहा है। अमीरात इसके खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर करता रहा है। बीते तीन साल में जब-जब सऊदी अरब ने तेल-उत्पादन घटाने की बात कही, तो उसने इसकी अवहेलना भी की। मानो यह आंतरिक मतभेद ही काफी नहीं था। ईरान युद्ध ने साफ कर दिया कि अमेरिका अकेले खाड़ी देशों की रक्षा नहीं कर सकता। अंदाजा था कि वे बेशक अमेरिका से पूरी तरह अलग नहीं होंगे, मगर उस पर अपनी निर्भरता जरूर कम करना चाहेंगे। यूएई ने इसकी शुरुआत कर दी है। उसने ऐसे देशों को देखना शुरू कर दिया है, जो उसके मित्र हैं, जिनको तेल की जरूरत है और भौगोलिक रूप से ज्यादा दूर नहीं हैं। इसीलिए भारत जैसे देशों के सामने इससे नए अवसर पैदा हो रहे हैं।

एशिया के जो चार बड़े तेल आयातक देश हैं, उनमें भारत सबसे आगे हैं। इसके बाद चीन, जापान और दक्षिण कोरिया का स्थान आता है। हम अपनी जरूरत का करीब 90 फीसदी तेल खरीदते हैं। हम रोजाना लगभग 57 लाख बैरल तेल की खपत करते हैं, जबकि हमारा आयात 52-53 लाख बैरल प्रतिदिन है। इसीलिए, हम एक तेल-अर्थव्यवस्था भी कहलाते हैं। ऐसे में, उस समूह में यदि दरार पड़ती है, जो बना ही इसलिए कि वह अधिक से अधिक लाभ कमाए और तेल की कीमतें घटने न दे, तो यह भारत के हित में है। सुखद यह भी है कि हमने बीते कुछ वर्षों से अपनी रणनीति में बड़े बदलाव किए हैं। अब हम किसी एक क्षेत्र या देश पर निर्भर नहीं हैं और करीब 41 देशों से तेल खरीद रहे हैं।

संयुक्त अरब अमीरात-भारत संबंधों में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की अबू धाबी यात्रा से भी सकारात्मक असर पड़ा है। चूंकि अमीरात हमारा नजदीकी मित्र है, इसलिए इस तरह की यात्राओं से विशेषकर ऊर्जा संकट के दौर में द्विपक्षीय कारोबार को बढ़ाने में काफी मदद मिलने की उम्मीद है। यूएई में 40 लाख से अधिक भारतीयों की रिहाइश का भी अपना कूटनीतिक महत्व है।

कुल मिलाकर, यही कहना उचित होगा कि जब वैश्विक अर्थव्यवस्था की धुरी तेल हो, तो ओपेक जैसे संगठन विश्व को स्वीकार्य नहीं हो सकते, इसलिए उसका कमजोर पड़ जाना ही अच्छा है।

खुला मंच

एआई की चपेट और बाजार की लपेट

हरिमोहन

आजकल एआई का बहुत हल्ला है। जिस भी प्रोडक्ट को देखो एआई निर्मित नया वर्जन चेप देता है। कल मैं चक्कर में पड़ गया। मेरे दूधवाले ने मुझ से कहा, 'साहब जी कल से दूध के पैसे बढ़ा रहा हूं।' मैंने पूछा क्यों? वह मुस्कुराते हुए बोला, कल से दूध एआई से प्रामाणित होकर आयेगा। उस में किस स्वास्थ्यवर्द्धक तत्व का कितना प्रतिशत है इसकी जांच करने के बाद ही हम लोग आपको दूध सप्लाई करेंगे। वह मुझे अपने तबेले में ले गया। गाय भैंस साफ-सुथरी जगह में एसी की हवा लेती हुई दिखाई दे रही थी। उन सब के कान में एआई का टैग लगा हुआ था।

दूधवाले ने अपनी मजबूरी बताई साब, हम इन गाय-भैंस को जो चारा खिलाते हैं, खली, बिनौले, कभी-कभी गुड़-चना और चोकर खिलाते हैं- वे सब एआई से बने होते हैं। बात सही है। अच्छा चारा खिलाओगे तो ये अच्छा दूध देंगी। मैं उसके तर्क का कायल हो गया। वह मजे से बोला, पानी भी एआई से स्वच्छ होकर आता है। हम लोग एआई से बनी मशीन से दूध निकालते हैं। लौटते हुए मैंने अपने पनवाड़ी से पान लगवाया। हमेशा की तरह उसे देने के लिए दस रुपये का नोट निकाला। वह पान चुबलाते हुए बोला, सर जी अब पान चालीस रुपये में मिलेगा। मैंने कहा, 'तुम भी एआई से पान बनाते हो क्या?' पनवाड़ी ने मजबूरी बताई, 'सोच के बताइये हम लोग ज़र्दा, सुपारी, कत्था, चूना और गुलकंद के साथ अलग-अलग ब्राण्ड के तम्बाकू सब एआई से बनने वाली मशीनों से पैक होकर आ रहे हैं। उनके भाव बढ़ गये हैं। हमने भी अपनी दुकान पर बोर्ड लगा लिया है- एआई पान यहां मिलता है।' अब तक मैंने वह बोर्ड नहीं देखा था।

सब्जी मण्डी गया। वहां का भी यही आलम। हर सब्जी एआई का टैग लगी हुई। क्या सभी सब्जियां ऑर्गेनिक हैं? मैं सोच ही रहा था कि एक किनारे पर सकुचाई-सी बूढ़ी माई ने आवाज लगाई, 'बेटा! मेरी सब्जी एआई नहीं है। बेमतलब का अई-आई फाई-फाई मचा रखा है सब ने। मैं तो खुद अपने खेत में घरेलू खाद पानी लगाती हूं। मेरी मानो आज मेरी सब्जी ले जाकर देखो असली स्वाद मिलेगा। मैं ताज़ा ताज़ा लेकर आती हूं।' वह मुझे असमंजस में देखकर बोली, 'आज मेरी सब्जी ले जाकर देखो। नहीं स्वाद आए तो पैसे वापस ले जाना।' ये एक-एक हफ्ते की सब्जी कैमिकल लगा के बेच रहे हैं। नकली है सब। लोग पोलीथीन में पैक करके सजावटी मॉल में बेच रहे हैं। फिक्स रेट। हम जैसे गरीब से मोलभाव और बहसबाजी करके लेंगे।' मुझे लौटते हुए यही दिखा ये एआई का खौफ़ पूरे बाजार और ब्रह्माण्ड को अपनी चपेट में ले रहा है। मुझे शक होने लगा है कि कहीं मैं भी तो अपने किसी हमशक्ल का एआई संस्करण नहीं हूं!

स्कूली फिटनेस कार्यक्रम विद्यार्थियों को स्कूली पाठ्यक्रम के साथ ही सही फिटनेस कार्यक्रम देना जरूरी

नशे और डिप्रैशन से दूर कर देगी आपकी फिटनेस

भूपिंदर सिंह

आज के विद्यार्थी के लिए विद्यालय या घर पर आधे घंटे के फिटनेस कार्यक्रम की सख्त जरूरत है। इसमें 15 से 20 मिनट धीरे धीरे दौडऩा तथा विभिन्न कोणों पर शरीर के जोड़ों की विभिन्न क्रियाओं को पूरा करने के बाद शरीर को कूलडाऊन करना होगा। कम से कम बीस मिनटों तक तेज चलने, दौडऩे व शारीरिक क्रियाओं के करने से रक्त वाहिकाओं में रक्त संचार तेज हो जाता है। फिटनेस के अभाव में आज का विद्यार्थी जहां असमय ही विभिन्न जानलेवा शारीरिक बीमारियों की चपेट में आ रहा है, वहीं पर मानसिक रूप से भी स्वस्थ नहीं रह रहा है। अभी तक इस तरफ न तो अभिभावक ध्यान दे रहा है और स्कूल फिटनेस के लिए प्रशिक्षक व आधारभूत ढांचा बनाने से बच रहा है। फिटनेस न होने के कारण हुई बीमारियों का पता तीस बर्ष बाद चलता है। 2000 आरंभ होने के बाद जीवनशैली में बहुत परिवर्तन आया है। विद्यार्थी जीवन में पैदल चलना व शारीरिक गतिविधियों से दूर होना आम चलन हो गया है। अगले पांच सात वर्षों में युवा भरी जवानी में जब बीमार नजर आएंगे तो उस समय हमारे पास क्या बचेगा, इस पर अभी से सोचना शुरू कर दें तो ठीक रहेगा। पिछले एक वर्ष में दर्जनों युवाओं ने ह्रदयघात से दुनिया को अलविदा कह दिया है। जब किशोर अवस्था में फिटनेस पर काम नहीं होगा तो ऐसे हालात आम देखने को मिलेंगे।

जब मन का विकास स्कूल का काम है तो फिर विद्यार्थी के स्वास्थ्य का जिम्मेदार कौन? शिक्षण विषयों के रिपोर्ट कार्ड की तरह स्वास्थ्य के मानकों का रिपोर्ट कार्ड भी प्रत्येक विद्यार्थी का हर स्कूल में अनिवार्य रूप से हो। क्योंकि भाषा व अन्य शिक्षण विषयों की तरह ही स्वास्थ्य के मूल स्तंभ स्पीड, सट्रेंथ, इडोरैंस व लचक आदि का प्रायोगिक

प्रशिक्षण भी स्कूल आने की उम्र में ही शुरू करना होता है। शिक्षण विषयों के लिए तो स्कूलों के पास शिक्षक सहित पूरा प्रबंध है, मगर स्वास्थ्य के घटकों को विकसित करके उनका मूल्यांकन करने की कोई भी सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई है।

किसी भी देश को इतनी क्षति युद्ध या महामारी से नहीं होती है जितनी तबाही नशे के कारण हो सकती है। आज नशा युवा वर्ग पर ही नहीं किशोरों तक चरस, अफीम, समैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार के माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है। इसके अतिरिक्त विशेषज्ञ तथा शोध बताते हैं कि शिक्षा और रोजगार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, सामाजिक अपेक्षाओं का बोझ, पारिवारिक संवाद की कमी और डिजिटल दुनिया का बढ़ता प्रभाव इत्यादि कारक भी युवाओं को मानसिक रूप से कमजोर बना रहे हैं। ऐसे में जब उन्हें सही मार्गदर्शन और भावनात्मक सहयोग नहीं मिलता, तो वे नशे की ओर आकर्षित हो जाते हैं। वहीं सोशल मीडिया और मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग भी इस समस्या को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जहां एक ओर ये तकनीकें हमें जोडऩे का कार्य करती हैं, वहीं दूसरी ओर ये हमें वास्तविक संबंधों से दूर भी कर रही हैं। ऐसे में युवा अकेलापन और तनाव महसूस करते हैं, जो उन्हें गलत दिशा में धकेल देता है। आज माता-पिता को अपने बच्चों की केवल भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति तक सीमित नहीं रहना होगा, बल्कि उन्हें उनके मानसिक और भावनात्मक विकास पर भी सबसे ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

इसलिए सरकार, स्कूल प्रबंधन व अभिभावकों को इस विषय पर जरूरी कदम जल्दी ही उठा लेने चाहिए। यदि विद्यार्थी किशोरावस्था में नशे से बच जाता है तो वह फिर युवावस्था आते आते समझदार हो गया होता है। माध्यमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विद्याओं में व्यस्त रखने के साथ साथ शारीरिक फिटनेस की तरफ मोडऩा बेहद जरूरी हो जाता है। शारीरिक विकास के लिए खेलों के माध्यम से फिटनेस कार्यक्रम बहुत जरूरी हो जाता है।

रट्टे वाली पढ़ाई की होड़ में हम विद्यार्थियों की फिटनेस को ही भूल गए हैं। आज का विद्यार्थी घर के आंगन में बस पर सवार होकर विद्यालय के प्रांगण में उतरता है। पढ़ाई के नाम पर ज्यादा समय खर्च करने के कारण फिटनेस के लिए कोई समय नहीं बचता है और जो थोड़ा बहुत समय बचता है उसमें विद्यार्थी मोबाइल पर बर्बाद हो रहा है। अधिकांश स्कूलों के पास फिटनेस के लिए न तो आधारभूत ढांचा है और न ही कोई कार्यक्रम है।

आज का विद्यार्थी फिटनेस व मनोरंजन के नाम पर दूरसंचार माध्यमों का कमरे में बैठ कर खूब दुरुपयोग कर रहा है। ऐसे में विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास की बात मजाक लगती है। आज के विद्यार्थी के लिए विद्यालय या घर पर आधे घंटे के फिटनेस कार्यक्रम की सख्त जरूरत है। इसमें 15 से 20 मिनट धीरे धीरे दौडऩा तथा विभिन्न कोणों पर शरीर के जोड़ों की विभिन्न क्रियाओं को पूरा करने के बाद शरीर को कूलडाऊन करना होगा। कम से कम बीस मिनटों तक तेज चलने, दौडऩे व शारीरिक क्रियाओं के करने से रक्त वाहिकाओं में रक्त संचार तेज हो जाता है। उससे हर मसल को उपयुक्त मात्रा में प्राणवायु मिलने से उसका समुचित विकास होता है। आज के विद्यार्थी को अगर कल का अच्छा नागरिक बनाना है तो हमें स्कूली पाठ्यक्रम के साथ साथ ही उसके लिए सही फिटनेस कार्यक्रम देना होगा। तभी हम सही अर्थों में अपनी अगली पीढ़ी को संपूर्ण शिक्षित कर सकते हैं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग होता है।

जीवन दर्शन

जीत और हार का असली मैदान हमारे भीतर ही

वीडियो गेम की तरह हमें हर दिन नई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। अगर हम समझदारी से खेलते हैं, अनुभवों से सीखते हैं, तो हर बार बेहतर होते जाते हैं। पर अगर हम अपनी गलतियां दोहराते रहते हैं, तो बार-बार दुश्मन से हारते रहेंगे। असल में, हमारे पास अपनी सोच और मन के अलावा और कुछ भी स्थायी नहीं है। हमने जीवन में जो कुछ भी महसूस किया, चाहे वो खुशी हो या दुख, वह सब हमारे मन के जरिये ही हम तक पहुंचा है। हम दूसरों को भी वही दे पाते हैं, जो हमारे मन के भीतर चल रहा होता है। मुश्किल समय में हमें अक्सर ऐसा लगता है कि हमारी खुशियां या दुख बाहरी हालातों-जैसे पैसा, सफलता या अन्य लोगों की वजह से हैं। पर सच्चाई यह है कि हम कैसा महसूस करते हैं, हमारे रिश्ते कैसे हैं और हमारा हर अनुभव कैसा

होगा, यह पूरी तरह हमारी अपनी सोच और मानसिक स्थिति पर निर्भर है।

यदि हमारा मन लगातार गुस्से, उदासी, भ्रम या नफरत से भरा है, या हमारा ध्यान हमेशा बिखरा हुआ रहता है, तो फिर यह मायने नहीं रखता कि हम कितने सफल हो जाते हैं। हम उस सफलता का आनंद ही नहीं ले पाएंगे। इसलिए, असली काम बाहरी दुनिया को बदलने से पहले अपने मन को समझने और उसे सही दिशा देने का है। अगर हम बिना सीखे, बिना जागरूक हुए वही गलतियां दोहराते रहते हैं, तो हम बार-बार अपने दुश्मन से हारते रहेंगे। यह कोई बाहरी दुश्मन नहीं, बल्कि हमारा डर, बुरी आदतें और नकारात्मक सोच है।

असल में, हम जो कुछ भी करते हैं, उसका मकसद अपने सोचने और महसूस करने के तरीके (चेतना) को बदलना ही होता है। हम दोस्ती करते हैं, ताकि अकेलेपन से बच सकें, किताबें पढ़ते हैं, ताकि किसी महान शख्सियत के सकारात्मक विचारों को महसूस कर सकें और अपने सोचने के अनुभव को समृद्ध बना सकें। इसका मतलब है कि जीवन का असली केंद्र बाहर नहीं, भीतर है। अगर हम अपने मन को समझना, उसे शांत रखना और जागरूक होना सीख जाएं, तो जो दुनिया हमें उलझनों भरी लगती थी, वही हमें साफ और संतुलित नजर आने लगेगी। **सैम हैरिस**

गीता ज्ञान

श्लोक

सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः परमापदां पदम!
वृणते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धाः स्वयमेव संपदः !!

भावार्थ

बिना सोचे - समझे आवेश में कोई काम नहीं करना चाहिए क्योंकि विवेक में न रहना सबसे बड़ा दुर्भाग्य है. वही जो व्यक्ति सोच - समझ कर कार्य करता है मॉ लक्ष्मी उसी का चुनाव खुद करती है।

राजधानी के कई इलाकों में आज 4 से 6 घंटे गुल रहेगी बिजली

जागरण संवाददाता, भोपाल। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली लाइनों के वार्षिक रखरखाव और आवश्यक सुधार कार्य के चलते सोमवार को कई प्रमुख क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा जारी जानकारी के अनुसार रखरखाव का यह कार्य सुबह 9 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे तक अलग-अलग चरणों में चलेगा। बिजली कंपनी के अनुसार आज कोलार स्थित विनीत कुंज ए-सेक्टर, अनुपम हॉस्पिटल, सीआई हाइट, साई स्टील, आईना बंगला, राजहर्ष कॉलोनी, बंजारी डी-सेक्टर और कोलार थाना क्षेत्र के आसपास सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली गुल रहेगी। जबकि जाटखेड़ी, 16 एकड़, बागमुगलिया और भवानी नगर जैसे इलाकों में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आपूर्ति बंद रखी जाएगी। आनंद नगर चौराहा, शंकर गार्डन, राजीव गांधी कॉलोनी, नई मंडी, पुलिस चौकी, गुप्ता कॉलोनी और रत्नागिरी तिराहा, जीवन धारा अस्पताल, देव माता अस्पताल, राजीव नगर बी एवं सी-सेक्टर और टनाटन ढाबा व आसपास के इलाकों में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक 6 घंटे का लंबी बिजली कटौती की जाएगी।

यार्ड रिमॉडलिंग के चलते भोपाल-जोधपुर कुछ दिन के लिए निरस्त

नगर संवाददाता, भोपाल। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल अंतर्गत कनकपुरा स्टेशन पर यार्ड में मई माह में नानइंटरलॉकिंग कार्य के चलते के चलते भोपाल से संचालित ट्रेन भोपाल-जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस के कुछ फेरे निरस्त रहेंगे। जानकारी अनुसार गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस भोपाल से 3, 4, 5, 8, 12, 13 एवं 14 मई निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस जोधपुर से 2, 3, 4, 7, 11, 12 एवं 13 मई निरस्त रहेगी। रेल प्रशासन यात्रियों से असुविधा के लिए खेद प्रकट करता है तथा सहयोग की अपेक्षा करता है। यह कार्य भविष्य में बेहतर संरक्षा, गति एवं परिचालन सुविधा सुनिश्चित करने हेतु किया जा रहा है। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व अपनी गाड़ी की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

न्यू मार्केट में लोगों को जागरूक कर मौके पर ही लिया ऑनलाइन फीडबैक

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर महापौर ने वकीलों व बुद्धिजीवियों के साथ किया संवाद

जागरण संवाददाता, भोपाल। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की में भोपाल को देश का सिरमौर बनाने के लिए एक ओर नगर निगम का स्वच्छता अमला शहर भर में स्वच्छता अभियान चला रहा है। दूसरी ओर महापौर मालती राय सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इसी तारतम्य में रविवार को महापौर मालती राय ने न्यू मार्केट स्थित क्वलिटी रेस्टोरेंट में अधिवक्ताओं और शहर के नागरिकों के साथ स्वच्छता संवाद किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से न केवल स्वयं सकारात्मक सिटीजन फीडबैक देने की अपील की, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने को कहा। महापौर ने इस दौरान अपने विचार रखते हुए कहा कि भोपाल अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए पूरी दुनिया में विख्यात है। अब वक्त है कि हम इसे स्वच्छता में भी देश का नंबर-1 शहर बनाएं। उन्होंने कहा, नगर निगम का अमला कचरा प्रबंधन और सफाई कार्यों में दिन-रात जुटा हुआ है, लेकिन जनता की भागीदारी के बिना यह लक्ष्य अधूरा है। आप जैसे जागरूक नागरिक ही इस मुहिम के असली ब्रांड एंबेसडर हैं। इस अवसर पर अधिवक्ताओं के साथ स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में भोपाल को सबसे स्वच्छ शहर बनाने का संकल्प लिया।

मौके पर ही दर्ज कराया फीडबैक : महापौर ने नागरिकों को सिटीजन फीडबैक के लिए क्यूआर कोड और लिंक उपलब्ध कराया। साथ ही इसे अन्य लोगों के साथ भी साझा करने को कहा। इस दौरान महापौर की अपील पर उपस्थित सभी नागरिकों ने अपने मोबाइल फोन से फीडबैक दर्ज कराया। स्वच्छ सर्वेक्षण में सिटीजन फीडबैक के अंक निर्णायक होते हैं, इसलिए हर भोपालवासी को इसमें भागीदारी करने के लिए कहा जा रहा है। महापौर सहित सभी जनप्रतिनिधि और निगम कमिश्नर भी इसमें लोगों से फीडबैक दर्ज करने की लगातार अपील कर रही है। इस दौरान शहर के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग कर भोपाल को स्वच्छता में नंबर वन बनाने का वादा किया।

31 मई तक चलती रहेगी स्पेशल ट्रेन

नगर संवाददाता, भोपाल। रेल प्रशासन द्वारा गर्मियों के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इनमें से कुछ ट्रेनें 30 अप्रैल को बंद हो रही थीं, लेकिन अब इन्हें मई के अंत मे विस्तार दिया गया है। इसी कड़ी में यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व मध्य रेलवे से संचालित स्पेशल ट्रेन को दानापुर-सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल, बेंगलुरु-दानापुर एक्सप्रेस के बीच स्पेशल ट्रेन 31-31 फेरे विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गंतव्य को जाती है। जानकारी अनुसार ट्रेन संख्या 03251 दानापुर-सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल, बेंगलुरु एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन, जो 30 अप्रैल तक अधिसूचित थी, अब 1 मई से 31 मई तक और चलती रहेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 03252 सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल, बेंगलुरु-दानापुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन, जो 2 अप्रैल तक अधिसूचित थी, अब 3 मई से 2 जून तक और चलती रहेगी।

सवर्ण अधिकारी-कर्मचारी संगठन की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

जागरण, भोपाल। सवर्ण अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन मध्यप्रदेश की प्रदेशस्तरीय बैठक शहर के एक निजी स्थान पर आयोजित की गई, जिसमें प्रदेशभर से पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक का नेतृत्व इंजीनियर अजय तिवारी ने किया। बैठक में संगठन के विस्तार और मजबूती को लेकर चर्चा करते हुए कई नई नियुक्तियों की घोषणा की गई। अलका शर्मा को महिला मोर्चा प्रदेश संयोजक, हर्षा शर्मा को प्रदेश प्रवक्ता, राम मिश्रा को युवा संभागीय संयोजक, यशस्वी शर्मा को युवा महिला मोर्चा संभागीय संयोजक बनाया गया। भूपेंद्र सिंह परिहार (सतना), नर्मदा श्रीवास्तव (विदिशा) सहित अन्य पदों पर भी जिम्मेदारियां सौंपी गई। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े वरिष्ठजन भी उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के भविष्य, कर्मचारी हितों और प्रदेश स्तर पर गतिविधियों को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई।

महासंघ ने किसानों का किया आह्वान, पुलिस ने मार्ग किए तय

आज ग्राम फंदा-सीहोर की सीमा पर एकत्रित होंगे किसान

क्राइम रिपोर्टर, भोपाल। किसान महासंघ की ओर से सोमवार सुबह 9 बजे से प्रदेश के किसानों को ग्राम फंदा-सीहोर जिले की सीमा पर एकत्रित होने का आह्वान किया गया है। सभी कृषक अपने-अपने चार पहिया वाहन से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने उनका मार्ग तय किया है।

- नर्मदापुरम की ओर से आने वाले चार पहिया वाहनों का मार्ग- मंडीदीप, 11 मील मिसरोद से बायपास होकर पटेल नगर चौराहा से रत्नागिरी, अयोध्या नगर, मिनाल मार्ग, भानपुर से चोपड़ा कला चौराहा, लांबाखेडा, मुबारकपुर, बायपास मार्ग से खजूरी जोड़ होते हुए कार्यक्रम स्थल फंदा पहुंचेंगे।
- रायसेन की ओर से आने वाले चार पहिया वाहनों का मार्ग- बिलखिरिया, पटेल नगर बायपास से रत्नागिरी, अयोध्या नगर, मिनाल मार्ग, भानपुर से चोपड़ा कला चौराहा, लांबाखेडा, मुबारकपुर, बायपास मार्ग से खजूरी जोड़ होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगे।
- विदिशा, सांची की ओर से आने वाले चार पहिया वाहनों का मार्ग- दीवानगंज, सूखीसेवनिया, चोपड़ा कला चौराहा, लांबाखेडा, मुबारकपुर, बायपास मार्ग से खजूरी जोड होते हुए फंदा पहुंचेंगे।
- बैरसिया की ओर से आने वाले चार पहिया वाहनों का मार्ग- ईटखेड़ी, लांबाखेडा, मुबारकपुर, बायपास मार्ग से खजूरी जोड़ होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगे।
- इंदौर, सीहोर की ओर से आने वाले चार पहिया वाहनों का मार्ग-आष्टा, सीहोर होते हुए कार्यक्रम स्थल फंदा पहुंचेंगे।

इस तरह की डायवर्सन व्यवस्था

- ऐसे वाहन जो कार्यक्रम में शामिल होने नहीं जा रहे हैं और इंदौर-देवास-सीहोर से भोपाल की ओर आवागमन करना है वे सभी चार पहिया वाहन बायपास सीहोर से बिलकिसगंज, झागरिया, रातीबड़, नीलबड़ होकर भोपाल आवागमन कर सकते हैं।
- लालघाटी से सीहोर-इंदौर की ओर से जाने वाले चार पहिया वाहन गांधीनगर, मुबारकपुर, आयसर तिराहे के पास से दाहिने मुड़कर ग्राम बरखेडा सालम, ग्राम तूमडा होकर तूमडा जोड़ से मुख्य हाइवे पर पहुंचेंगे।
- बसों का आवागमन- भोपाल से इंदौर की ओर जाने वाली सभी प्रकार की बसें लालघाटी से गांधी नगर, मुबारकपुर, परवलिया, दोराहा से श्यामपुर होकर सीहोर होते हुए आवागमन कर सकेंगी।
- भारी वाहनों का आवागमन- सभी प्रकार के भारी वाहन भोपाल से सीहोर के मध्य न जाते हुए परवलिया, दोराहा, श्यामपुर, कुरावर से इकलेरा रोड से आष्टा होकर आवागमन कर सकेंगे।

भेल-संतनगर जागरण

शादी के बाद चुनी 12 ज्योतिर्लिंगों की पैदल यात्रा, कहा-सिंधी सच्चे सनातनी

नीलेश राजानी व पत्नी सोनिया ने 23 जुलाई 2025 से कर रहे पदयात्रा

हिरदाराम नगर प्रतिनिधि। शादी के बाद जहां अक्सर नव विवाहित जोड़ा किसी पर्यटन स्थल एवं खासतौर पर विदेश की सैर करने को प्राथमिति देता है, वहीं अहमदाबाद के एक सिंधी नवविवाहित जोड़े ने शादी के बाद 12 जयोतिर्लिंगों की लम्बी यात्रा को चुना है। यह दम्पति स्नातनी धर्म की ध्वजा को लेकर 11600 किलो मीटर की लम्बी पैदल यात्रा पर निकला है। अहमदाबाद निवासी नीलेश राजानी एवं उनकी पत्नी सोनिया राजानी ने 23 जुलाई 2025 को यह यात्रा प्रारंभ की है। संत हिरदाराम नगर आगमन पर यहां की पूज्य सिंधी पंचायत ने विवाहित जोड़े का गर्मजोशी से स्वागत किया। चर्चा के दौरान दोनो ने बताया कि खासतौर पर युवा पीढ़ी को अपने धर्म व संस्कृति के प्रति रूझान पैदा करने के लिए उन्होंने 12 ज्योतिर्लिंगों की यात्रा का विचार किया। कठिन रास्तों के बावजूद उनका विश्वास नहीं डगमगाया जबकि रास्ते में अनेक बाधाएं आई जिन्हें वे पार करते रहे हैं। उनका कहना है कि इस यात्रा के पीछे का मकसद सिंधी संस्कृति और सनातन धर्म के गहरे जुड़ाव को दिखाना है। अनेक अवसरों पर सिंधियों को कतिपय शरारती लोग पाकिस्तानी कहकर पुकारते हैं, जबकि वास्तविक सनातनी सिंधी ही हैं जिन्होंने अपने हिन्दु धर्म की खातिर अपनी जन्म स्थली सिंध प्रदेश की 15 अगस्त 1949 को कुर्बानी दे दी, बस आम हिन्दुस्तानी को यह बताना है कि हम कितने सच्चे सनातनी हैं। हमें गर्व है कि हम भारत के पहले ऐसे दम्पति हैं, जो सनातार्म की इतनी बड़ी और ऐतिहासिक पैदल यात्रा कर रहे हैं। हम यह बताना चाहते हैं कि सिंधी समाज सनातनी धर्म में अटूट विश्वास रखता है।

अब तक 8900 मिलो मीटर

इस दम्पति ने बताया कि 23 जुलाई को अहमदाबाद से प्रारंभ हुई उनकी यात्रा के दौरान अभी तक उन्होंने 8900 किलो मीटर की दूरी तय की है। इस दौरान उन्होंने 8 ज्योतिर्लिंगों, पांच शक्तिपीठ और दो धामों के दर्शन किए हैं। पूरी यात्रा 11600 किलो मीटर की रहेगी। उनका कहना है कि आज के नवविवाहित जोड़ों को क्लब एवं विदेशों की जानकारी तो रहती है लेकिन 12 ज्योतिर्लिंग के बारे में कम ही जातने हैं। रास्ते में जब हमसे लोग मुलाकात करते हैं, तब वे भी कहते हैं कि हम भी ऐसा करेंगे। नीलश राजानी एवं सोनिया राजानी कहते हैं कि अगर पति पत्नी के बीच सच्चा प्रेम एवं विश्वास के साथ आपसी बेहतर समन्वय हो तो इस तरह की यात्रा में किसी तरह की बाधा नहीं आती। सोमनाथ यात्रा के दौरान एक बच्चे की जान बचाते वक्त वे दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके हैं, लेकिन रूट बदला पर इरादा नहीं। यात्रा का समापन रामेश्वरम में किया जाएगा। वे प्रतिदिन 50 से 60 किलो मीटर चलने के बाद किसी सुरक्षित स्थान पर पड़ाव डालते हैं। यात्रा के दौरान जगह जगह इस दम्पति को लोगों का अपार स्नेह एवं प्यार मिला है। संत हिरदाराम नगर आगमन पर पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारी माधु चादंवानी, जगदीश आसवानी, भरत आसवानी, गुलाब जेठानी, माधव पारदासानी के अलावा हमेश खटवानी, घनश्याम लालवानी, राम पारदासानी, राज मनवानी, राकेश शेवानी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने जोरदार स्वागत किया।

स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता जरूरी: डॉ. मोतियानी

हिरदाराम नगर प्रतिनिधि। संत हिरदाराम नगर के बोरवन पार्क में एक दिवसीय मेडीकल कैम्प का आयोजन किया गया। इसमें सरकारी सिविल अस्पताल की वरिठ मेडिसन विशेष डा. प्रीति मोतियानी ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील करते हुए कहा कि नियमित दिनचर्या, संतुलित खान पान, और बाजारू चीजों से दूर रहकर हम स्वस्थ रह सकते हैं। यहां उभरती प्रतिभा लवीशा तीर्थानी मेडिकल इंटर्न ने भी अपनी सेवाएं प्रदान की। डा. प्रीति मोतियानी ने बताया कि शिविर में शुगर की एडवांस जांच, थाइराइट प्रोफाइल, फेफड़ों की जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट, हीमोग्लोबिन जांच, नसों की जांच एवं यसूरिक एसिट जांच पूरी तरह से निःशुल्क की गई। इसके अलावा गठिया रोग, स्त्री रोग, ह्रदय रोग, मोटापा और गुप्त रोग, श्वास रोग दमा व टीबी, सर दर्द, माइग्रेन, लकवा, बेहोशी, सूजन और जोड़ों के दर्द की भी जांच कर आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिन्हें दवाएं लिखकर दी गई, वे दवाएं संत मेडीकल स्टोर के संचालक संतोष जेठानी ने 20 प्रतिशत कम रेट पर उपलब्ध करवाई। मेडीकल शिविर वीना कला एव सेवा समिति के सहयोग से लगाया गया। डाक्टरों के साथ उनके गैर डाक्टर सहयोगियों सलमान खान, माहिन अली, बंटी राजपूत, प्रशांत जनयानी, महिपाल खींची, लविषा तीर्थानी, एश्वरा परमार, जीतेन्द्र रोहेला, अयाज, अंकित रघुवंशी, इन्द्रपाल सिंह ने भी मरीजों जांच में पूरी मदद की। यहां गणमान्य नागरिकों में वीना कला सेवा के अध्यक्ष राकेश शेवानी, माधु चांदवानी, एसी साधवानी, शेट्टी चंदनानी, राजकुमार मूलचंदानी, लक्ष्मणदास वासवानी आदि ने भी उपस्थित रहकर शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान की।

महिलाओं को समर्पित रहा इस बार का वार्षिक सिंधी मेला

द्रोपदी धनवानी, भारती आसूदानी, किरण वाधवानी व आशा वंजानी को अवार्ड

हिरदाराम नगर प्रतिनिधि। घोषणा के अनुसार इस बार का सिंधी मेला समिति का वार्षिक मेला महिलाओं को समर्पित रहा। जहां पहले दिन प्रवेश करने वाली पहली महिला को टीका लगाकर उसके अभिवादन से शुभरंभ किया गया, समारोह में निवेदिता शर्मा मुख्य अतिथि थी, वहीं दूसरे दिन जो वार्षिक अवार्ड प्रदान किए गए वे भी महिलाओं के नाम रहे। पहली बार चारों अवार्ड महिलाओं को प्रदान किए गए इसमें सेवा पुरूस्कार शाने सिंधियत द्रोपदी धनवानी को दिया गया जबकि ओल्ड इज गोल्ड का खिताब भारती आसूदानी को मिला। आरएसएस के स्वयं सेवक रहे स्व. उत्तमचंद इसरानी सम्मान संत हिरदाराम नगर महिला सिंधी पंचायत की अध्यक्षता किरणदेवी वाधवानी प्रदान किया गया। गोविंदराम बतरा सम्मान आशा वंजानी, स्व. शोकतराय कटारिया सम्मान चित्रा भूरानी एवं स्व. काका कीमतराय नागदेव सेवा सम्मान मंजीत कौर को प्रदान किया गया। इसके अलावा राजधानी भोपाल की श्रेष्ठ सिंधी पंचायत पुरूस्कार 2025 पूज्य सिंधी पंचायत इसरानी मार्केट के खाते में गया। इसी तरह सिंधी मेला समिति सम्मान के हकइदार रहे नीलेश व सोनिया राजानी।

महिलाओं का विशेष सम्मान: सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरियानी एवं महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि इस बार महिलाओं की भूमिका अत्याधिक देखने को मिली, मेले प्रांगण में जैसे ही लोगो का आगमन हुआ वैसे ही महिलाओं ने गेट पर उनका गुलाब की पंखुड़ियों से स्वागत सत्कार किया, इसके बाद सैकड़ो की संख्या में उपस्थित सिंधी मेला समिति की महिला मंडल ने सर पर भगवान झूलेलाल के बहराने को सर पर धारण कर सिंधी छेज नृत्य किया, इस पारिवारिक सिंधी मेले में सिंधी सांस्कृतिक दिलाई दी, मेले में फूड स्टाल की व्यवस्थाओं पर भी महिलाओं की भूमिका नजर आई। मेले की शुरुआत झूलेलाल की आरती के साथ की गई।

पेयजल सप्लाई का समय बदला

हिरदाराम नगर प्रतिनिधि। नगर के कुछ इलाकों में पानी प्रदाय करने का समय बदला गया है। जहां पूर्व में सुबह 11 बजे वार्ड 5 के अर्न्तगत सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, बी ओल्ड वार्ड, सैनिक कालोनी, टी वार्ड, धोबी घाट, संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन के आस पास, वर्षा स्वीट हाउस के समीप के इलाके में अब प्रतिदिन शाम 6 बजे पानी प्रदाया किया जाएगा। प्रभारी सचिव साहू ने बताया सुबह के समय अक्सर बिजली जाती रहती है, ऐसे में नेहरू पार्क स्थिति पानी की टंकी से सही समय पर पानी प्रदान करने में दिक्कत आती है।

आम-सूचना

खसरा क्रमांक-237/1/1/2(S), 238/1 रकबा 0.6200 हेक्टेयर, ग्राम भोजनगर, पटवारी हल्का नम्बर-06, तहसील कोलार, जिला भोपाल के सम्बन्ध में।

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री नजीर खॉ आत्मज श्री अहमद उल्ला खॉ, निवासी ग्राम भोजनगर, तहसील कोलार, जिला भोपाल (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि खसरा क्रमांक-237/1/1/2(S), 238/1 कुल रकबा 0.6200 हेक्टेयर है ग्राम भोजनगर, पटवारी हल्का नम्बर-06, राजस्व निरीक्षक मण्डल-03, तहसील कोलार, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, जिसे क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार ने विक्रेता को अग्रिम राशि का भुगतान कर दिया है। यदि उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व संबंधी वाद विवाद किसी भी शासकीय, अशासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग, बैंक, संस्था, व्यक्ति, वित्तीय संस्थान के पास बंधक हो और अन्य किसी प्रकार से अनुबन्ध, भार, बंधक, दान, स्त्रीधन, वारिसाना या उत्तराधिकार या कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में सप्रमाण उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि उपरांत मेरा पक्षकार उक्त वर्णित सम्पत्ति का अपने पक्ष में विक्रय पत्र का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र रहेगा एवं समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

भवदीय अंकिता द्विवेदी एडवोकेट
द्विवेदी लॉ चेम्बर
कार्यालय :- 220, 213, बी.डी.ए. काम्पलेक्स, 7 नं. स्टाप, शिवाजी नगर, भोपाल. मो.नं. 9425968337, 9755907796

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-विदिशा (म.प्र.)
ईमेल- cmhovid@mp.nic.in
क्रमांक/निविदा/2026/2950 विदिशा दिनांक 28.4.26

निविदा आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कार्यालय मुख्य चिकित्सा4 एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला विदिशा अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्यन के सुचारू संचालन हेतु निम्न वर्गों में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

वर्ग-1- कार्यालयीन कंप्यूटर एवं टोनर रिफिलिंग /रिपेयरिंग/ क्रय कार्य।

वर्ग-2- जिला विदिशा अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थाओं में अनुपयोगी कंडन सामग्री (फर्नीचर व उपकरण) के विक्रय हेतु निविदा।

निविदा से संबंधित संपूर्ण विवरण www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है।

निविदाकर्ता राशि 1000/- रु. जमा कर निविदा फार्म क्रय किया जा सकता है।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है-

1. निविदा फार्म प्राप्त करने की प्रारंभ तिथि :-06.05.2026 समय प्रातः 10.30 से।
2. निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि :-26.05.2026 समय दोपहर 02 बजे तक।
3. प्री-ब्रिडमीटिंग :- 12.05.2026 समय दोपहर 02 बजे
4. आन लाईन निविदा जमा करने के तिथि :- 28.05.2026 समय दोपहर 02 बजे तक
5. तकनीकि निविदा खोलने की तिथि :- 29.05.2026 समय दोपहर 02 बजे

(वित्तीय निविदा आन लाईन ही मान्य की जावेगी)

G-12366/26

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-विदिशा

SUDOKU 25

1			2					9
	5			1			3	
		8		9		7	4	
	4	1						5
		5		6		1		
7			5			9	8	
	2	7		5		3		
	9			3			5	
5					4			6

SOLUTIONS 24

7	2	5	3	4	8	9	1	6
3	4	1	6	2	9	5	7	8
9	8	6	5	7	1	4	3	2
1	9	2	4	6	3	8	5	7
6	7	8	9	5	2	1	4	3
4	5	3	8	1	7	6	2	9
2	3	4	1	8	6	7	9	5
8	1	9	7	3	5	2	6	4
5	6	7	2	9	4	3	8	1

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

राशिफल

मेष : आज का दिन आपको सिखाएगा कि असली ताकत संतुलन में होती है। काम में आपको सहयोग भी मिलेगा और दबाव भी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

वृषभ : आज का दिन आपको सुकून और खुशी देने आया है। घर में प्यार और तालमेल बना रहेगा। ससुराल पक्ष से भी खुशखबरी मिल सकती है।

मिथुन : आज आपके लिए राहत भरा दिन है। पुराने अधूरे काम पूरे होने से मन हल्का महसूस करेगा। ऑफिस में साथियों का सपोर्ट मिलेगा।

कर्क : आज आपका मन थोड़ा उलझा हुआ रह सकता है। काम में चुनौतियां आएंगी, लेकिन धैर्य और समझदारी से आप सब संभाल सकते हैं। सरकारी कामों में रुकावट आ सकती है।

सिंह : आज आपका दिन चमकने वाला है। काम में सफलता मिलेगी और अधिकारी भी आपकी तारीफ करेंगे। रुके हुए काम पूरे होंगे और व्यापार में अच्छा लाभ मिलेगा।

कन्या : आज किस्मत आपके साथ है। सेहत में सुधार होगा। नौकरी में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा और सम्मान भी मिलेगा। मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

तुला : आज आपके लिए पॉजिटिव बदलावों का दिन है। पैसा आएगा और काम भी आसानी से चलता रहेगा। आपकी बातचीत की कला आज आपको दूसरों से आगे ले जाएगी।

वृश्चिक : आज आपके लिए सफलता और सम्मान दोनों इंतजार कर रहे हैं। नौकरी की तलाश कर रहे हैं तो खुशखबरी मिल सकती है। पुराना पैसा वापस आ सकता है।

धनु : आज का दिन अच्छा है। काम में आपकी प्लानिंग और मेहनत आपको आगे ले जाएगी। पैसा और सम्मान दोनों मिलेंगे।

मकर : आज किस्मत आपका साथ देने के लिए तैयार है। पैसे का लाभ होगा और रुके हुए काम भी पूरे हो सकते हैं। नौकरी में रुतबा बढ़ेगा।

कुंभ : आज का दिन आपको बैलेंस सिखाएगा। कमाई भी होगी और खर्च भी। सरकारी योजनाओं से फायदा मिल सकता है।

मीन : आज का दिन आपके लिए खास है। गुरु की कृपा आपके साथ है। काम में माहौल अनुकूल रहेगा और आपका सम्मान बढ़ेगा। दोस्त की मदद से कोई जरूरी काम पूरा होगा।

आज का पंचांग: 04 मई सोमवार 2026। **दिशाशूल :** पूर्व दिशा में रहेगा। **भद्रा :** सायं 04:13 से 05 मई प्रातः 05:25 तक। **विशेष :** तृतीया तिथि की वृद्धि। विक्रम संवत 2083 शके 1948 उत्तरायण, उत्तरगोल, वसंत ऋतु ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष की तृतीया 29 घंटे 23 मिनट तक तत्पश्चात तृतीया अनुराधा नक्षत्र 09 घंटे 58 मिनट तक, तत्पश्चात ज्येष्ठा नक्षत्र परिघ योग 23 घंटे 20 मिनट तक, तत्पश्चात शिव योग, वृश्चिक में चंद्रमा।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रायसेन

दूरभाष क्रमांक कार्या. 07482-223251 ई-मेल eeresraisen@mp.gov.in

// प्रेस विज्ञप्ति //

क्रमांक: 819 /व.ले.लि./2026 रायसेन, दिनांक: 29/04/2026

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 01/2026-27/ रायसेन

निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन प्रतिशत दर पर निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट (https://www.mptenders.gov.in/) पर देखा जा सकता है।

क्र.	सिस्टम टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	निविदा लागत (पी.ए.एस.) (रु. लाख में)	अमानत राशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि (रूपये में)	अवधि वर्षाकाल सहित (दिवस)	आमंत्रण क्रम
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2026_RES_504037_1	अनुसूचित जनजाति सीनियर बालक आश्रम कमरोरा 50 मीटर बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य।	4.74	0.095	2000/-	90	द्वितीय
2	2026_RES_504040_1	अनुसूचित जनजाति सीनियर बालक छात्रावास औबेदुल्लागंज 30 मीटर बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य	2.84	0.06	2000/-	90	द्वितीय
3	2026_RES_504041_1	कम्प्यू रूम हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य पीएमश्री Govt.High School Bakheda Setu, वि.खं. औबेदुल्लागंज, जिला रायसेन	12.31	0.25	2000/-	120	द्वितीय

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट) वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in/ पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेगें। निविदा प्रपत्र क्रय एवं प्रस्तुत करने की दिनांक 07/05/2026 समय 10:30 बजे से दिनांक 23/05/2026 समय 05:00 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। निविदा में संशोधन की सूचनाएं केवल वेबसाईट पर दी जावेगी, पृथक से कोई सूचना- समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग रायसेन म.प्र.

G-12400/26

Lake सिटी

दैनिक जागरण

भोपाल, 4 मई 2026

www.dainikjagranmpcg.com

लोकगायन और पारंपरिक नृत्यों में बसी सामूहिकता की कहानी

जब शहर में सांस लेती है गांव की संस्कृति

जागरण, भोपाल। मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में हर रविवार दोपहर 02 बजे से आयोजित होने वाली नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि 'संभावना' में रोशनी भार्वे एवं साथी, डिण्डोरी द्वारा गोण्ड जनजातीय करमा-सैला नृत्य, संजय महाजन एवं साथी, बड़वाहा द्वारा गणगौर नृत्य, लोकेश माल एवं साथी, उज्जैन द्वारा मालवी गायन, राजकुमार सिंह ठाकुर एवं साथी, सागर द्वारा बुन्देली गायन की प्रस्तुति दी गई।

करमा नृत्य

करमा कर्म की प्रेरणा देने वाला नृत्य है। ग्रामवासियों में श्रम का महत्व है श्रम को ही ये कर्म देवता के रूप में मानते हैं। पूर्वी मध्यप्रदेश में करमा नृत्य किया जाता है परन्तु विन्ध्य और सतपुड़ा क्षेत्र में बसने वाले जनजातीय कर्म पूजा का आयोजन नहीं करते। नृत्य में युवक-युवतियां दोनों भाग लेते हैं, दोनों के बीच गीत रचना की होड़ लग जाती है। वर्षा को छोड़कर प्रायः सभी ऋतुओं में गोंड जनजातीय करमा नृत्य करते हैं। यह नृत्य जीवन की व्यापक गतिविधि के बीच विकसित होता है, यही कारण है कि करमा गीतों में बहुत विविधता है।

मालवा-बुंदेलखंड के सुर

गायन में उज्जैन के लोकेश माल ने मालवी लोकगीतों के जरिए 'म्हारो मालवो देश' की आत्मीयता को स्वर दिया, वहीं सागर के राजकुमार सिंह ठाकुर ने बुंदेली गीतों में रिश्तों, लोक जीवन और भावनाओं की सादगी को जीवंत किया।

गणगौर नृत्य

गणगौर निमाड़ी जन-जीवन का गीति काव्य है। यह राजस्थान, गुजरात, मालवा में भी उतना ही लोकप्रिय है। चैत्र दशमी से चैत्र सुदी तृतीया तक पूरे नौ दिनों तक चलने वाले इस गणगौर उत्सव का ऐसा एक भी कार्य नहीं, जो बिना गीत के हो। गणगौर पर रथ सजाये और दौड़ाये जाते हैं। साथ ही नृत्य भी किया जाता है। जिसमें महिला और पुरूष रनुबाई और धणियर सूर्यदेव के रथों को सिर पर रखकर नाचते हैं।

केक पर उकेरे प्यार के रंग

'केक पेंटिंग' वर्कशॉप में 2 से 68 साल तक के प्रतिभागियों ने की भागीदारी

जागरण, भोपाल। मदर्स डे के मौके पर गुलमोहर स्थित मोजो केक/निजी बेकरी में आयोजित केक पेंटिंग वर्कशॉप में 50 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अनोखी कार्यशाला में 2 वर्ष से लेकर 68 वर्ष तक के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जहां मां और बच्चों ने मिलकर केक को रंगों और भावनाओं से सजाया। दो घंटे तक चली इस वर्कशॉप में प्रतिभागियों ने सबसे पहले केक का बेस कलर चुना और उसे तैयार किया। इसके बाद केक नोजल की मदद से डिजाइनिंग की गई और अंत में स्प्रिंकलर्स से केक को आकर्षक फिनिश दिया गया। खास बात यह रही कि हर प्रतिभागी ने अपनी मां के लिए केक पर खास संदेश भी लिखा। वर्कशॉप का संचालन दीपिका डाट्रे खेमानी ने किया, जिन्होंने स्टेप-बाय-स्टेप केक पेंटिंग की बारीकियां सिखाईं। उनके मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने अपने पसंदीदा पिनटेरेस्ट-थीम के केक तैयार किए।

मां-बच्चों के साथ मिलकर सजाए केक

एसएमडब्ल्यू मीडिया एंड एंटरटेनमेंट का नया कार्यालय शुरू

जागरण, भोपाल। एसएमडब्ल्यू मीडिया एंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने शहर में अपने शाखा कार्यालय की शुरुआत की। कंपनी के अनुसार यह कार्यालय मध्यप्रदेश में उसकी रचनात्मक और मीडिया गतिविधियों के संचालन का प्रमुख केंद्र रहेगा। यहां से फिल्म निर्माण, संगीत प्रोडक्शन, डिजिटल कंटेंट और इवेंट मैनेजमेंट से जुड़े कार्य संचालित किए जाएंगे। कार्यक्रम में संगीत निदेशक एस.आर. डेहरिया, फिल्म निर्देशक नीतेश तिवारी, मोनिका अहेलिया, वंदना डेहरिया, सुमित दास, जगदीश डेहरिया, नीलेश तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान स्थानीय कलाकारों के गीतों की रिकॉर्डिंग और वीडियो शूट भी स्टूडियो में किया गया। मध्यप्रदेश की पर्वतारोही भावना डेहरिया भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने प्रदेश की प्रतिभाओं को मंच देने की पहल को महत्वपूर्ण बताया।

साहित्य, योग और व्यायाम अपनाएं बच्चे

बाल साहित्य में अधिकारों की आवाज जरूरी : ममतानी

जागरण, भोपाल। बाल साहित्य केवल मनोरंजन तक सीमित न रहकर बच्चों के अधिकारों की बात भी करे यह बात न्यायमूर्ति मनोहर ममतानी ने दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित 17वें बाल साहित्य सम्मान समारोह में कही। वे बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध केंद्र के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में डॉ. राघवेन्द्र शर्मा ने बच्चों को साहित्य के साथ योग और व्यायाम अपनाने की सलाह दी, वहीं प्रो. सौरभ प्रकाश ने नई शिक्षा नीति के अनुरूप सृजन पर जोर दिया। अध्यक्षता कर रहीं डॉ. कुंकुम गुप्ता ने कहा कि साहित्यकारों को बच्चों के बीच जाकर अपनी रचनाएं साझा करनी चाहिए। शुरुआत रंगारंग प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें सृजिता साहा समेत कई बच्चों ने प्रस्तुति देकर सराहना पाई। समारोह में सुधा दुबे, डॉ. इंदु गुप्ता, डॉ. मंजुलता श्रीवास्तव सहित कई साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। बाल प्रतिभा पुरस्कार श्रेया सक्सेना और दिया भिमटे को दिया गया। संचालन मधुलता शर्मा और आभार जलज गुप्ता ने व्यक्त किया।

17वें बाल साहित्य सम्मान समारोह में साहित्यकार और बाल प्रतिभाएं सम्मानित

एमसीयू परिसर में सकोरे और निःशुल्क प्याऊ

प्यासे पंछियों और राहगीरों का सहारा बना 'हिन्दी परिवार'

जागरण, भोपाल। भीषण गर्मी के बीच माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) के बिशनखेड़ी परिसर में 'हिन्दी परिवार' ने मानवता और पर्यावरण संरक्षण का सराहनीय उदाहरण पेश किया। विगत वर्ष की तरह इस बार भी संस्था ने राहगीरों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था करते हुए मुख्य द्वार पर मिट्टी के घड़े स्थापित किए, वहीं परिसर में विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी से भरे सकोरे लगाए। इस पहल का शुभारंभ कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने किया। उन्होंने संस्थापक ओमकार अवस्थी और उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी को मजबूत करते हैं। हिन्दी परिवार के सदस्यों ने मिलकर यह सुनिश्चित किया कि गर्मी में किसी भी राहगीर या बेजुबान पक्षी को प्यास न सहनी पड़े। कार्यक्रम में तुषार खत्री, निखिल चतुर्वेदी, हर्ष पांडे सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

ड्रीम ऑन रैम्प

- नाम- मधुलिका बाजपेयी
- जन्मतिथि- 16 दिसंबर 1993
- आयु- 32 वर्ष
- ऊँचाई- 5 फीट 2 इंच
- वज़न- 50 किलोग्राम
- रंगत- गोरा
- आँखों का रंग- भूरा

मे रे बारे में

मेरा नाम मधुलिका बाजपेयी है और मैं भोपाल से हूं। मैं एक मॉडल, इन्फ्लुएंसर, कंटेंट क्रिएटर और इवेंट प्लानर के रूप में काम कर रही हूं। मेरी मॉडलिंग जर्नी एक साल पहले शुरू हुई, जब पहली बार कैमरा फेस करने पर मुझे 'एक्सप्रेशन क्वीन' कहा गया। मैंने भोपाल के कई मेकअप आर्टिस्ट्स, डिजाइनर्स और ब्रांड्स के साथ काम किया है और खुद को एक ब्रांड मॉडल और प्रेजेंटर के रूप में स्थापित किया है। मुझे 'राइजिंग स्टार ऑफ द ईयर 2025-इन्फ्लुएंसर अवार्ड' से भी सम्मानित किया जा चुका है। मैं रैंप और पेजेंट्स में अपनी पहचान बनाना चाहती हूं।



खेल, सम्मान और उत्साह से भी क्वीन बीन्स ग्रुप की किटी पार्टी

सफेद रंग में सजी दोस्ती की शाम

जागरण, भोपाल। क्वीन बीन्स ग्रुप द्वारा शहर के बारी रेस्टोरेंट में किटी पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस बार कार्यक्रम की थीम 'व्हाइट टॉप एंड स्कर्ट' रखी गई थी, जिसके अनुरूप सभी सदस्याएं एक समान परिधान में नजर आई। आयोजन की मेजबानी दीपिका, आरती, सुमन, रिचा और प्राची ने की, जबकि मीडिया समन्वय की जिम्मेदारी ज्योति बंसल ने निभाई। कार्यक्रम के दौरान समय की पाबंदी को प्रोत्साहित करने के लिए स्वाति अग्रवाल और च्योति बंसल को पंक्चुअलिटी अवॉर्ड दिया गया। मनोरंजन के लिए आयोजित खेलों में नेहा ने प्रथम, सोनल ने द्वितीय और रश्मि ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके साथ ही सभी सदस्याओं ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते हुए आपसी संवाद और मेलजोल को मजबूत किया। कार्यक्रम में भोजन की भी विशेष व्यवस्था रही। पूरे आयोजन के दौरान माहौल उत्साह, हंसी और सहभागिता से भरा रहा, जिसने इसे यादगार बना दिया।

'ब्रिंग योर ओन फिल्म' में युवा फिल्मकारों को मिला मंच

'सिनेकारी' में दिखा सिनेमा साहित्य और संवाद का संगम

जागरण, भोपाल। सुदीप सोहनी फिल्म्स और एलायंस फ्रांसेज़ दे भोपाल के सहयोग से आयोजित 'सिनेकारी' फेस्टिवल का आठवां संस्करण रविवार को संपन्न हुआ। दो दिवसीय इस आयोजन के दूसरे दिन सिनेमा, साहित्य और अन्य कलाओं के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई, जिसमें बड़ी संख्या में युवा रचनाकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम के तहत नेशनल अवॉर्ड विजेता फिल्मकार राजेन्द्र जांगले ने 'सिनेमैटिक फ्रेम्स' विषय पर सत्र लिया, जबकि कवि उदयन वाजपेयी ने सिनेमा और अन्य कला रूपों के संबंधों पर विचार रखे। दोपहर में 'ब्रिंग योर ओन फिल्म' पहल के तहत युवा फिल्मकारों की फिल्मों का प्रदर्शन किया गया, जिसके बाद दर्शकों के साथ संवाद भी हुआ। इस पहल के जरिए प्रतिभागियों को अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर मिला।

ताल में ढला बचपन

बच्चों ने सीखी संवेदना, सामूहिकता और आत्म-अभिव्यक्ति की नई भाषा

'स्वप्नयान' में गूंजा रिदम का जादू

जागरण, भोपाल। विहान ड्रामा वर्क्स की चिल्ड्रेन थिएटर विंग 'स्वप्नयान' में रविवार का दिन ताल, रिदम और ध्वनि के अनोखे संगम के नाम रहा। कार्यशाला की शुरुआत एक रोचक सवाल कौन है म्यूजिशियन? से हुई, जिसने बच्चों को अपने भीतर छिपी लय को पहचानने के लिए प्रेरित किया। दिन का मुख्य आकर्षण 'रिदम सर्कल' रहा, जिसे तेजस्विता अनंत ने संचालित किया। इस सत्र में बच्चों ने समूह में बैठकर एक-दूसरे की लय को सुनना और अपनाना सीखा, जिससे सामूहिकता और संवाद की नई समझ विकसित हुई। तेजस्विता ने एक मणिपुरी वाक्य के माध्यम से प्रेम और जुड़ाव का संदेश भी साझा किया। बच्चों ने इसे ताल में पिरोकर भावनाओं को अभिव्यक्त किया। प्रतिभागी ऑसम भार्गव ने इसे 'नेगेटिव एनर्जी रिलीज' जैसा अनुभव बताया। यह सत्र कला के जरिए आत्म-अन्वेषण का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा।

नारी का गहना साड़ी' ग्रुप की किटी पार्टी : रंग, रौनक के बीच अभिनेत्री मीनू सिंह का सम्मान

'नारी का गहना साड़ी' किटी ग्रुप द्वारा रंगारंग किटी पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रुप की वरिष्ठ सदस्य एवं अभिनेत्री मीनू सिंह का विशेष सम्मान किया गया। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से उबरकर लौटीं मीनू सिंह के साहस और जज्बे की सदस्यों ने सराहना की। इस दौरान सदस्य रजनी चौरे का जन्मदिन भी उत्साह के साथ मनाया गया। केक कटिंग के साथ सभी ने डांस और मनोरंजन गतिविधियों में भाग लिया। तंबोला सहित अन्य खेलों ने आयोजन को रोचक बनाया। कार्यक्रम की मेजबानी रिंकी मथुरिया ने की, जिन्होंने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए आयोजन का संचालन किया। किटी पार्टी में मीनू सिंह, विद्या सोन्हिया, रजनी चौरे, संगीता त्रिपाठी, पूनम यादव, प्रीति सिंह और अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। आयोजन के दौरान सदस्याओं ने आपसी मेलजोल के साथ समय बिताया, जिससे कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा।

हर उम्र के कलाकारों ने दी नए-पुराने गीतों की प्रस्तुति

'स्वरमालिका' में सजे यादों के सुर

जागरण, भोपाल। प्रेरणा संगीत शाला की ओर से रविवार को पॉलिटेक्निक सभागार में 'स्वरमालिकाः यादों के झरोखे से' शीर्षक संगीत संध्या आयोजित की गई। कार्यक्रम में शौकिया कलाकारों ने नए और पुराने फिल्मी गीतों की मधुर प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। संगीत संध्या की शुरुआत सुमिता मिश्रा ने 'तुम ही मेरे मंदिर' गीत से की, जिसने माहौल को सुरमयी बना दिया। इसके बाद सुधीर मिश्रा ने 'एक हसीं शाम को' और लता कुमारी ने 'बांहों में चले आओ' प्रस्तुत कर श्रोताओं की सराहना बटोरी। प्रवीण पाठक ने 'आज से पहले' और राधा रमण त्रिपाठी ने 'मुबारक हो तुमको समां ए सुहाना' सुनाकर यादों को ताजा किया। कार्यक्रम में सोनिया सेठिया, भूपेंद्र तिवारी, मीता दास, रंजन अवस्थी और डॉ. ऋतु तिवारी सहित दो दर्जन से अधिक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किए। अनुभवी और युवा कलाकारों की संयुक्त प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। संस्था के संगीत गुरु पं. हर्ष शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन सुप्रसिद्ध शायर बद्र बास्ती ने किया। संस्था की निदेशक प्रज्ञा जोशी ने बताया कि प्रेरणा संगीत शाला शौकिया कलाकारों को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें संगीत की शिक्षा भी देती है। यहां उम्र की कोई सीमा नहीं है और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग संगीत सीखते हुए अपनी प्रतिभा को निखार रहे हैं।

मौसम अपडेट

प्रदेश के चार महानगरों का तापमान



देश के चार महानगरों का तापमान

दिल्ली		मुंबई	
36.6 अधिकतम	24.6 न्यूनतम	34.4 अधिकतम	28.0 न्यूनतम
चेन्नई		कोलकाता	
41.8 अधिकतम	21.1 न्यूनतम	32.6 अधिकतम	22.4 न्यूनतम

सूर्यास्त 6:49 PM
सूर्योदय 5:46 PM
चन्द्रोदय 8.27 PM
चन्द्रास्त 5:26 AM

रतलाम से अपहरण कर उज्जैन में युवक का गला घोंटा, भीड़ ने आरोपी का घर फूंका

शराब पीकर की हत्या, लाश को कमरे में छोड़ ताला लगाकर भागे, पांच आरोपी गिरफ्तार

जागरण, उज्जैन/ रतलाम। प्रदेश के रतलाम से आरोपियों ने एक युवक का अपहरण किया। इसके बाद उसे 90 किलोमीटर दूर उज्जैन ले गए और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। मृतक युवक की पहचान रतलाम जिले के मनीष माली (22) के रूप में हुई। आरोपी मनीष को रतलाम से उसके घर से उठाकर उज्जैन ले गए। वारदात से पहले आरोपियों ने जमकर शराब पी।

युवक की हत्या करने के बाद उसकी लाश को कमरे में छोड़कर घर में ताला लगाकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात का खुलासा होने के बाद आलोट के विक्रमगढ़ में तनाव की स्थिति बन गई। रविवार को परिजनों ने मनीष का शव विक्रमगढ़ फाटक मार्ग पर रखकर चक्काजाम कर दिया। आक्रोशित लोगों ने आरोपी के घर में तोड़फोड़ के बाद आग लगा दी। प्रशासन ने लोगों में आक्रोश को देखते हुए दो आरोपियों के घरों पर जेसीबी चलाकर अवैध हिस्सों को तोड़ने की कार्रवाई की। हालांकि, इस कार्रवाई के बाद भीड़ और ज्यादा आक्रोशित हो गई। गुस्साई भीड़ एक आरोपी के घर में घुस गई और जमकर तोड़फोड़ की। घर का सारा सामान बाहर फेंक दिया गया और पत्थरबाजी कर घर में आग भी लगा दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। घटना के दौरान पुलिस मौके पर मौजूद रही, लेकिन हालात काबू में करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

रंजिश के चलते वारदात को दिया अंजाम

इस हत्या के पीछे करीब डेढ़ साल पुरानी रंजिश बताई जा रही है। आरोपी पक्ष के एक युवक का मृतक की बुआ के लड़के से किसी लड़की को लेकर विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर शादी समारोह में दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था। करीब तीन महीने पहले भी दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी। पुलिस के मुताबिक, इसी पुरानी रंजिश के चलते हत्या की वारदात को अंजाम दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि तीन आरोपी मनीष को शुक्रवार रात घर से जबरन कार में बैठाकर ले गए थे। शनिवार दोपहर पुलिस को सूचना थी, जिसके बाद पिता के बयान पर अपहरण का केस दर्ज किया गया।

थाने का घेराव, गेट तोड़ने की कोशिश

हत्या की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। बड़ी संख्या में लोगों ने रात में आलोट थाने का घेराव कर दिया। यहां तक कि जिन आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया था, उन्हें बाहर निकालने के लिए थाने का चैनल गेट तोड़ने की भी कोशिश की गई।

पुलिस जांच में खुलासा उज्जैन में की हत्या

मृतक के पिता दिनेश माली ने मयंक उर्फ महेंद्र माली, रितेश माली और निलेश माली पर शक जताया। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें सामने आया कि मयंक ने अपने साथियों रितेश, निलेश, यश और मुजफ्फर के साथ पहले शराब पी। इसके बाद मयंक, रितेश और निलेश मनीष को उसके घर से जबरन ले गए और उज्जैन पहुंचे। उज्जैन में सभी आरोपी मयंक के मकान पर पहुंचे, जहां उन्होंने फिर शराब पी। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हुआ। गुस्से में आकर मनीष का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई। वारदात के बाद आरोपी मकान पर ताला लगाकर फरार हो गए। आलोट थाना प्रभारी मुनिंद्र गौतम के अनुसार, पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मुख्य आरोपी यश, मयंक और मुजफ्फर हैं, जबकि रितेश और निलेश माली भी शामिल हैं। आरोपियों के मकानों के अवैध हिस्सों को राजस्व टीम ने तोड़ा। आगे जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। एसडीओपी पल्लवी गौर ने बताया कि अपहरण के बाद मामले में हत्या की धारा बढ़ाई गई है। 5 आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 2 दिन का रिमांड मिला है। जांच के दौरान जिसकी भी भूमिका सामने आएगी, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

भतीजे ने महिला मित्र के साथ घोंटा चाचा का गला, खेत में फेंका शव

जागरण, खरगोन। प्रदेश के खरगोन जिले में एक भतीजा ही अपने चाचा के खून का प्यासा निकला। मामला जिले के बेड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम डुडगांव में खेत से मिले शव का है। पुलिस ने 10 दिन की गहन जांच के बाद हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। मामले में मृतक के भतीजे और उसकी महिला मित्र को गिरफ्तार किया है। दोनों ने मिलकर घर में ही गला दबाकर चाचा की हत्या की और बाद में शव को खेत में फेंक दिया था। पुलिस को 23 अप्रैल को डुडगांव में एक व्यक्ति का शव खेत में पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस जांच में मृतक की पहचान ओमप्रकाश के रूप में हुई, जो खेत में बने घर में अकेला रहता था। पीएम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की। एसपी रविन्द्र वर्मा के निर्देशन में मामले की गुत्थी सुलझाने विशेष टीम गठित हुई। टीम ने एफएसएल, फिंगरप्रिंट, साइबर सेल और डॉग स्क्वॉयड की मदद से साक्ष्य जुटाए गए। जांच में पता चला कि ओमप्रकाश का अपने भतीजे रोहित से विवाद चल रहा था और गांव की एक महिला सरोज के साथ उसके संबंध भी थे। पुलिस ने संदेह के आधार पर भतीजे रोहित को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने महिला मित्र सरोज के साथ मिलकर हत्या करना कबूला।

खरगोन में घर में की वारदात, पुलिस ने 10 दिन में सुलझाया मामला

जमीन खोदकर टीम ने निकाली शराब-लहान से भरी कैनें

जागरण, गुना। प्रदेश के गुना जिले में शराब तस्करों की चालाकी उस वक्त धरी की धरी रह गई, जब विभाग की टीम ने उनके ठिकानों पर दबिश दी। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और ग्वालियर संभाग उपायुक्त संदीप शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, तस्करों द्वारा नाले के किनारे जमीन में छिपाकर गाड़े गए लहान और पानी के पाउच की तरह बोरियों में भरकर रखी गई अवैध शराब को जब्त किया है। जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया ने अपनी टीम के साथ ग्राम बोरखेड़ा चक और बेरखेड़ी में घेराबंदी की। इस दौरान बोरखेड़ा में तस्करों ने गंदे नाले के बिलकुल समीप 6 प्लास्टिक ड्रमों में करीब 300 किलोग्राम लाहन जमीन में छिपा रखा था। टीम ने जमीन खोदकर माल बरामद किया और मौके पर ही नष्ट कर दिया। वहीं, ग्राम बेरखेड़ी में एक झोपड़ी के भीतर बोरियों में पानी के पाउच की शक्ल में भरकर रखी गई 35 लीटर हाथ भट्टी शराब बरामद की गई।

सिंगरौली में आदिवासी युवक की बेरहमी से पिटाई, दो गिरफ्तार

जागरण, सिंगरौली। प्रदेश के सिंगरौली में एक आदिवासी युवक को आरोपियों ने हॉकी से बेरहमी से पीटा। घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने रविवार को दो सुरक्षाकर्मियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार आदिवासी युवक अन्नेलाल बैगा को उसकी पत्नी के सामने ही बेरहमी से पीटा गया। घटना सिंगरौली जिले के एनसीएल के निगाही कोल हैंडलिंग प्लांट के पास की बताई जा रही है, जहां युवक अपनी पत्नी के साथ जंगल में जलाऊ लकड़ी बीनने गया था। इसी दौरान सिक्योरिटी इंचार्ज एमडी सिंह और उसके साथियों ने दंपती को पकड़ लिया और पूछताछ के नाम पर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उसके ऊपर पाइप चोरी का आरोप लगाया गया। यह वारदात 20 मार्च 2026 की है, लेकिन इसका वीडियो 2 मई को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में साफ़ देखा जा सकता है कि आरोपी युवक को जमीन पर गिराकर हॉकी स्टिक से बुरी तरह पीट रहा है। पीड़ित युवक (अन्नेलाल) लगातार छोड़ने की गुहार लगा रहा था लेकिन हमलावर रुका नहीं। अब पुलिस ने कार्रवाई की।

शादी के अगले ही दिन अटैक ने छीनी दूल्हे की सांसें

जागरण, गुना। कहते हैं कि मौत कब और किस रूप में आ जाए, इसका अंदाजा कोई नहीं लगा सकता। गुना जिले के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुनाई से एक ऐसा ही हृदय विदारक मामला सामने आया है। यहाँ एक घर में शादी की शहनाइयों के गूंज के अगले ही दिन मातम पसर गया। हाथों की मेहंदी का रंग अभी उतरा भी नहीं था कि नई नवेली दुल्हन का सुहाग उजड़ गया। जानकारी अनुसार, रामकृष्ण कुशवाह का विवाह 1 मई को हुआ था। शादी के अगले दिन दोपहर में सब कुछ सामान्य था। रामकृष्ण ने घर पर चाय बनाने के लिए कहा और खुद आराम करने के लिए पेड़ की छांव में लेट गया। इसी दौरान उसे अचानक दिल का दौरा (अटैक) पड़ा और उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन आनन-फानन में रामकृष्ण को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को जिला अस्पताल से वापस अपने घर ले गए।

नदी में डूबे सगे भाई-बहन की मौत

दतिया में खेलते-खेलते किनारे पहुंचे बच्चे हादसे का शिकार

जागरण, दतिया। प्रदेश के दतिया जिले में बड़ौनी थाना अंतर्गत भैंसा सुनारी गांव में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में दो सगे भाई बहन की महुअर नदी में डूबने से मौत हो गई। दोनों मासूम अन्य बच्चों के साथ खेलते-खेलते नदी किनारे पहुंच गए थे। यहां गहरे पानी में जाने से हादसा हो गया। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।

जानकारी के अनुसार, भैंसा सुनारी स्थित सिद्धपुरा इलाके में रहने वाले महेश केवट के बेटे सुमित (7) और ज्योतिष (5) रविवार दोपहर गांव में खेल रहे थे। खेलते-खेलते दोनों महुअर नदी किनारे पहुंच गए। नदी किनारे फिसलन और गहराई अधिक होने के कारण दोनों बच्चे पानी में चले गए और डूबने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने बच्चों को पानी से बाहर निकाला और तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। लेकिन तब

तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के समय बच्चों के माता-पिता दतिया शहर बाजार में रिश्तेदारी के कार्यक्रम के लिए खरीदारी करने आए थे। बच्चों को परिवार के अन्य सदस्यों के भरोसे छोड़कर गए थे। दोपहर करीब 1 बजे उन्हें हादसे की सूचना मिली, जिसके बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। सूचना मिलने पर बड़ौनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

भैंस चराने गए दो बच्चे तालाब में डूबे, मौत

जागरण, सीधी। प्रदेश के सीधी जिले के मझौली थाना क्षेत्र के नेबूहा गांव में रविवार को तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सिद्धांत साहू (12) और सलेन्द्र साहू (11) के रूप में हुई है। घटना रविवार दोपहर की है। सुबह दोनों बच्चे भैंस चराने के लिए घर से निकले थे। वे गांव के तालाब के पास पहुंचे और भैंसों को पानी पिलाने के दौरान खुद भी तालाब में उतर गए। तालाब में गहराई अधिक होने के कारण दोनों बच्चे अपना संतुलन खो बैठे और पानी में डूब गए। हादसे के दौरान कोई आसपास मौजूद नहीं था। काफी देर तक जब बच्चे घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। ग्रामीणों की मदद से तालाब में खोजबीन की गई।

मुंडन कार्यक्रम में खाए दाल-बाफले और लड्डू, 79 फूड प्वाइजनिंग का शिकार

मंदसौर में भाजपा नेता के यहां हुआ था आयोजन

जागरण, मंदसौर। प्रदेश के मंदसौर जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के तुरकिया गांव में रविवार को फूड प्वाइजनिंग केस में प्रभावितों की संख्या 79 हो गई। शाम तक 30-35 लोग ही बीमार बताए जा रहे थे। मालूम हो कि एक बच्चे के मुंडन कार्यक्रम में शामिल लोगों में फूड प्वाइजनिंग के लक्षण पाए गए, जबकि 8 से 10 लोगों की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने दाल-बाफले, लड्डू और लस्सी का सेवन किया था। इसके बाद कई लोगों को अचानक उल्टी, दस्त और घबराहट की शिकायत होने लगी। यह आयोजन भाजपा नेता सुंदरलाल पटवा (सुथार) के पोते के मुंडन संस्कार पर किया था, जिसमें बड़ी संख्या में मेहमान शामिल हुए थे।

स्वास्थ्य विभाग सतर्क, टीम गांव पहुंची

मंदसौर के सीएमएचओ गोविंद सिंह चौहान ने बताया कि सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम तुरकिया गांव पहुंच गई। जांच में 79 लोगों में फूड प्वाइजनिंग के लक्षण पाए गए हैं। सभी प्रभावितों की निगरानी की जा रही है। ऐहतियात के तौर पर स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव तुरकिया में मौजूद हैं। घटना के बाद चार मरीजों को मंदसौर जिला अस्पताल रेफर किया है, जिनमें दो महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। वहीं, तीन

से चार महिलाओं का इलाज गांव में ही किया जा रहा है। कुछ मरीजों को पिपलिया मंडी और मंदसौर के अन्य अस्पतालों में भी उपचार के लिए भेजा गया है। जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों में दशरथ (28), मनोहर लाल (59), लीलाबाई (50) और शांति बाई (35) शामिल हैं। इन सभी को उल्टी, दस्त, चक्कर और घबराहट की शिकायत हुई थी।

गौकशी मामले में पूछताछ के लिए बुलाए गए आदिवासी वृद्ध ने थाने में खा लिया जहर, मौत

हरदा जिले का मामला, घटना के बाद में तनाव, विधायक और परिजन धरने पर बैठे

जागरण, हरदा। प्रदेश के हरदा जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र के छिदगांव मेल में गौकशी के मामले में जांच के दौरान पूछताछ के लिए बुलाए गए बुजुर्ग व्यक्ति ने थाना परिसर में जहर खा लिया। जानकारी अनुसार शनिवार देर शाम पिपल्या कला निवासी आदिवासी रामदास कोरकू ने पुलिस पूछताछ के दौरान थाना परिसर में जहर का सेवन कर लिया, जिसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टिमरनी ले गए। यहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल हरदा लाया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हालांकि, पुलिस ने थाने में जहर खाने की बात से इनकार किया है। रामदास की मौत के बाद जिला अस्पताल में बवाल मच गया। मालूम हो ये पूरा मामला 26 अप्रैल को टिमरनी थाना क्षेत्र के ग्राम छिदगांवमेल में रेलवे ट्रैक पर गौवंश की ट्रेन से कटकर मौत से जुड़ा हुआ है। पुलिस ने इस मामले की जांच के लिए पांच टीमें गठित की हैं, जो संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। इसी सिलसिले में रामदास को भी शनिवार सुबह पूछताछ के लिए टिमरनी थाने बुलाया था। शनिवार को एसपी शशांक मिश्रा ने भी पूछताछ की थी। पूछताछ के बाद रामदास ने जहर का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

न्यायिक जांच और जांच अधिकारी के निलंबन की मांग मृतक रामदास के परिजन मामले की न्यायिक जांच और जांच अधिकारी को निलंबित करने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। घटना की खबर लगते ही विभिन्न सामाजिक संगठन और विधायक आरके दोगने परिजनों के साथ जिला अस्पताल के मुख्य द्वार पर धरने पर बैठ गए हैं। मृतक रामदास की बड़ी बेटी भवानी बघेला ने आरोप लगाया कि पिता को पिछले 5-6 दिन से रोज थाने बुलाकर पूछताछ के नाम पर प्रताड़ित किया जा रहा था। मृतक के छोटे बेटे भवानी ठाकुर ने बताया कि पुलिस झूठ बोल रही कि उनके पिता को शनिवार को दोपहर 2.30 बजे छोड़ दिया था। पिता शाम तक थाना परिसर में थे। वहीं उन्होंने जहर खाया है। परिजनों की मांगों को लेकर पुलिस और

रेलवे ट्रैक पर गौवंश की हुई थी मौत

मालूम हो कि 26 अप्रैल को टिमरनी थाना क्षेत्र के ग्राम छिदगांवमेल में गंजालेश्वर आश्रम से पांच गौवंशीय पशुओं को चुराकर रेलवे ट्रैक पर बांध दिया था, जिससे ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया था और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। पुलिस की पांच टीमें इस मामले की जांच में लगी हैं।

प्रशासन आश्वासन दे रहा है। हरदा एसडीओपी शालिनी परस्ते ने बताया कि गौकशी के मामले को लेकर संबंधित व्यक्ति को पूछताछ के लिए बुलाया था। जहां उससे पूछताछ की गई, उसने किन परिस्थितियों में जहर का सेवन किया है, इसकी जांच की जा रही है। वहीं टिमरनी एसडीओपी आकांक्षा तलैया ने पुलिस प्रताड़ना और थाने में जहर खाने के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि रामदास उन 20-22 लोगों में शामिल थे जिनसे पूछताछ की जा रही थी। शाम को वे चाय पीने का कहकर थाने से बाहर गए थे।

घर में 14.50 लाख की चोरी का खुलासा, 6 देशों की करेंसी जब्त

खरगोन के खंगवाड़ा का मामला, दो आरोपी गिरफ्तार

जागरण, खरगोन। जिले के खंगवाड़ा क्षेत्र में सूने घर से लाखों की चोरी के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह वारदात 24 अप्रैल को हुई थी, जब खंगवाड़ा निवासी धर्मेंद्र अपने परिवार के साथ इंदौर गए हुए थे। उनकी गैरमौजूदगी में चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी के लॉक तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण समेत विभिन्न देशों की विदेशी करेंसी चोरी कर ली। पड़ोसी ने सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध युवकों को घर में घुसते देखा, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की।

सीसीटीवी से पहचान, लाखों का माल बरामद : पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान बेड़िया निवासी मोहित उर्फ डेबू और निमोनी निवासी बालू उर्फ बाला के रूप में की। दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने अपराध कबूल कर

लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 11.50 लाख रुपए के आभूषण, विभिन्न देशों की विदेशी करेंसी (करीब 1 लाख रुपए मूल्य) और वारदात में इस्तेमाल बिना नंबर की मोटरसाइकिल जब्त की है। आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है-मोहित पर पहले से चोरी के कई मामले दर्ज हैं, जबकि बालू पर अपहरण, लूट और मारपीट के केस दर्ज हैं।

जामुन ढोल का 'शोले' ड्रामा : गांव के वीरू की 120 फीट ऊंचे टावर पर प्यार की जंग

जागरण, इटारसी। रविवार की सुबह जब जामुन ढोल गांव के लोग अपनी दिनचर्या में व्यस्त थे, तभी अचानक सबकी नजरें गांव के बाहर लगे 125 केवी हाईटेंशन लाइन के टावर पर टिकी रह गईं। करीब 120 फीट की ऊंचाई पर एक युवक को देख पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते ग्रामीणों का हुजूम टावर के नीचे जमा हो गया। तत्काल इसकी सूचना केसला थाना पुलिस, नर्मदापुरम से एसडीआरएफ की टीम और बिजली विभाग को दी गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विभाग ने तुरंत बिजली सप्लाई बंद कर दी, ताकि कोई बड़ा हादसा न हो।

प्रेम, जिद और डिजिटल नाराजी

जैसे-जैसे प्रशासन ने जांच शुरू की, इस पूरे ड्रामे के पीछे की 'लव स्टोरी' सामने आई। टावर पर चढ़ा युवक कमल धुर्वे एक युवती से शादी करना चाहता था। युवती ने साफ कहा था कि वह अपने परिजनों को लेकर आए और घर पर बात करे, लेकिन कमल बिना किसी सामाजिक औपचारिकता के तुरंत शादी की जिद पर अड़ा था। जब युवती ने उसका दबाव महसूस किया, तो उसने कमल का मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया। अपनी प्रेमिका द्वारा संपर्क तोड़े जाने और उपेक्षा से नाराज होकर कमल ने आत्मघाती कदम उठाने का फैसला किया और टावर पर चढ़ गया।

पांच घंटे का सांस रोक देने वाला सफल रेस्क्यू

मौके पर पहुंची संयुक्त टीम के लिए यह ऑपरेशन किसी चुनौती से कम नहीं था। प्लाटून कमांडेंट अमृता दीक्षित और थाना प्रभारी मदन पवार के नेतृत्व में युवक को समझाने की कोशिशें शुरू हुईं। नीचे सैकड़ों लोग सांसें थामे खड़े थे। करीब 5 घंटे तक टीम उसे नीचे उतारने के लिए मशक्कत करती रही, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था। आखिर में पुलिस ने एक 'मास्टर कार्ड' खेला और उसकी प्रेमिका से फोन पर बात कराई। प्रेमिका द्वारा नीचे उतरने की गुजारिश और बातचीत के आश्वासन के बाद कमल का दिल पसीजा और वह सुरक्षित नीचे उतरने को राजी हुआ।

सुरक्षित वापसी और डॉक्टरी उपचार

टावर से नीचे उतरते ही प्रशासन और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। पुलिस ने बिना देरी किए कमल को सुखतवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। वहां मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि युवक की हालत अब स्थिर है और वह खतरे से बाहर है। हालांकि, पुलिस अब इस मामले में युवक से विस्तृत पूछताछ कर रही है ताकि घटनाक्रम की पूरी कड़ियां जोड़ी जा सकें और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

पूमा और अंडर आर्मर के नाम पर ठगी का खुलासा

जागरण, इंदौर। प्रदेश के इंदौर के छावनी क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली ब्रांडेड कपड़ों का जखीरा बरामद किया है। संयोगितागंज पुलिस ने छावनी स्थित ताबा बिल्डिंग में संचालित ह्यूमन इंटरप्राइजेज पर दबिश दी, जहां नामी कंपनियों के लोगो लगाकर नकली कपड़े बेचे जा रहे थे। आरोपीपूमा और अण्डर आर्मर के लोगो का इस्तेमाल कर टी-शर्ट, लोअर और जैकेट को असली बताकर ग्राहकों से ठगी कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पूमा लोगो लगे 1025 टी-शर्ट और लोअर जब्त किए, जिनकी कीमत लगभग 4.10 लाख रुपए आंकी गई है। इसके अलावा अंडर आर्मर लोगो लगी 510 जैकेट भी बरामद की गईं।

प्लेयर ऑफ द मैच वरुण चक्रवर्ती

मैच 45: कोलकाता ने सात विकेट से जीता मैच, हैदराबाद की जीत का सिलसिला थमा

केकेआर की सनराइजर्स पर 21वीं जीत

जेएनएन, हैदराबाद

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने स्पिनरों वरुण चक्रवर्ती (36 रन देकर तीन विकेट) और सुनील नरेन (30 रन देकर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद अंगकृष रघुवंशी के अर्धशतक की बदौलत रविवार को आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। फॉर्म में लौटे वरण और नरेन की शानदार गेंदबाजी की बदौलत केकेआर ने धीमी पिच का पूरा फायदा उठाते हुए हैदराबाद को 19 ओवर में महज 165 रन पर समेट दिया। इसके बाद रघुवंशी (59 रन) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (43) ने दूसरे विकेट के लिए 11 ओवर में 84 रन की साझेदारी निभाई। इससे टीम ने यह लक्ष्य 10 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 169 रन बनाकर हासिल कर लिया। फिन एलेन ने 13 गेंद में 29 रन बनाए। रिंकू सिंह ने 11 गेंद में नाबाद 22 रन बनाकर टीम को सनराइजर्स की लगातार पांच जीत की लय तोड़ने में मदद की। हैदराबाद 12 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर, जबकि केकेआर सात अंक लेकर आठवें स्थान पर बरकरार है।

हैदराबाद की टीम आईपीएल के इस सत्र में पहली बार ऑलआउट हुई। केकेआर ने बीच के ओवरों में शानदार वापसी की। छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर ने चौथे ओवर में ही अपने 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी एलेन का विकेट खो दिया, तब टीम का स्कोर 49 रन था। इसके बाद रहाणे और रघुवंशी ने पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी की।

किसी टीम के खिलाफ संयुक्त रूप से दूसरी सर्वाधिक जीत

● केकेआर की यह हैदराबाद के खिलाफ 32 मैचों में 21वीं जीत है। यह आईपीएल में किसी टीम के खिलाफ केकेआर की संयुक्त रूप से दूसरी सबसे ज्यादा जीत है। केकेआर ने पंजाब के खिलाफ भी 21 मैच जीते हैं। वहीं, आईपीएल में किसी टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा जीत का रिकॉर्ड मुंबई इंडियंस के नाम है, जिन्होंने केकेआर के खिलाफ 25 मैच जीते हैं।

स्कोर बोर्ड

सनराइजर्स हैदराबादः 166/10 (19 ओवर)

	रन	गेंद	4	6
अभिषेक का. ग्रीन बो. त्यागी	15	10	1	1
हेड का. ग्रीन बो. वरुण	61	28	9	3
इशान का. अनुकूल बो. नारायण	42	29	4	2
क्लासेन का. पॉवेल बो. ग्रीन	11	8	1	1
स्मरण का. रहाणे बो. वरुण	4	4	1	0
अनिकेत का. रहाणे बो. वरुण	6	8	1	0
सलील अरोड़ बो. नारायण	2	6	0	0
पेट कमिंस का. एंड बो. अनुकूल	10	8	0	1
शिवांग का. रघुवंशी बो. वैभव	1	2	0	0
हर्षल पटेल का. वैभव बो. त्यागी	6	5	1	0
इशान मलिंगा नाबाद	2	6	0	0

अतिरिक्तः 5, **कुलः** 19 ओवर 165 रन पर सभी आउट,

विकेट पतनः 1-44, 2-105, 3-117, 4-122, 5-135, 6-139, 7-148, 8-156, 9-156, 10-165, **गेंदबाजीः** सुनील नारायण 4-0-31-2, वैभव अरोड़ा 3-0-25-1, कार्तिक त्यागी 4-0-30-2, कैमरन ग्रीन 3-0-34-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-36-3, अनुकूल रॉय 1-0-8-1.

कोलकाता नाइट राइडर्सः 169/3 (18.2 ओवर)

	रन	गेंद	4	6
रहाणे का. स्मरण बो. साकिब	43	36	4	1
एलन का. क्लासेन बो. कमिंस	29	13	3	2
रघुवंशी का. मलिंगा बो. शिवांग	59	47	5	2
रिंकू सिंह नाबाद	22	11	2	1
कैमरन ग्रीन नाबाद	3	3	0	0

अतिरिक्तः 13, **कुलः** 18.2 ओवर में तीन विकेट पर 169 रन, **विकेट पतनः** 1-49, 2-133, 3-151, **गेंदबाजीः** अभिषेक 2-0-14-0, पैट कमिंस 4-0-47-1, इशान मलिंगा 3.3-0-42-0, शिवांग कुमार 4-0-31-1, हर्षल पटेल 2-0-17-0, साकिब हुसैन 3-0-17-1.

हैदराबाद के अंतिम 10 ओवर में 60 रन पर नौ विकेट गिरे

हैदराबाद ने पावरप्ले में अभिषेक (15 रन) का विकेट गंवाकर एक विकेट पर 77 रन बना लिए थे। पावरप्ले में टीम के स्कोर का श्रेय ट्रेविस हेड (61 रन) को जाता है। हेड को इशान किशन (42 रन) का अच्छा साथ मिला। यह लगातार तीसरा मैच था, जब हैदराबाद ने पहले 10 ओवरों में 100 से अधिक रन बनाए। हेड ने अभिषेक के साथ पहले विकेट के लिए 3.4 ओवर में 44 रन जोड़े। दूसरे विकेट के लिए किशन के साथ 61 रन की साझेदारी की। नौवें ओवर की आखिरी गेंद पर वरुण की गेंद पर हेड के आउट होते ही बल्लेबाजी पूरी तरह ढह गई। क्लासेन (11 रन) जल्दी आउट हो गए। ग्रीन की गेंद पर पॉवेल के शानदार कैच ने उन्हें पवेलियन पहुंचा दिया। वरुण ने लगातार दो ओवरों में स्मरण और अनिकेत वर्मा को आउट कर तीन विकेट पूरे किए। नरेन ने किशन को आउट कर इस लीग में 200वां विकेट लिया। हैदराबाद ने अंतिम 10 ओवर में 60 रन बनाकर नौ विकेट गंवाए

नरेन 200 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज

सुनील नरेन अपने 197वें मैच में आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले खास क्लब में शामिल हो गए। इस क्लब के अन्य सदस्य भुवनेश्वर कुमार (199 मैच में 215 विकेट) और युजवेंद्र चहल (182 मैच में 228 विकेट) हैं। नरेन ने अपने सभी 201 विकेट केकेआर के लिए झटके हैं। आईपीएल में पहली बार खिलाड़ी ने एक टीम के लिए 200 विकेट पूरे किए।

ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



अभिषेक (हैदराबाद)	440
केएल राहुल (दिल्ली)	433
क्लासेन (हैदराबाद)	425

पर्पल कैप (गेंदबाज)

भुवनेश्वर (बेंगलुरू)	17
अंशुल कंबोज (चेन्नई)	17
कगिसो रबाड़ा (गुजरात)	16

बाउंड्री मीटर

833 छक्के

1436 चौके

91 अर्धशतक

पावरप्ले में पंजाब ने तीन विकेट के नुकसान पर 35 रन बनाए थे, जो 2025 से अब तक उसका न्यूनतम पावरप्ले स्कोर था। इससे पहले 2025 में उसका राजस्थान के विरुद्ध न्यूनतम पावरप्ले स्कोर 43 पर तीन था।

अंक तालिका

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक	रन रेट
पंजाब	9	6	2	13	0.855
बेंगलुरु	9	6	3	12	1.420
हैदराबाद	10	6	4	12	0.644
राजस्थान	10	6	4	12	0.510
गुजरात	10	6	4	12	-0.147
चेन्नई	9	4	5	8	-0.005
दिल्ली	9	4	5	8	-0.895
कोलकाता	9	3	5	7	-0.539
मुंबई	9	2	7	4	0.803
लखनऊ	8	2	6	4	-1.106

टेबल टॉपर पंजाब की लगातार दूसरी हार, आखिरी ओवर में जीती गुजरात

जेएनएन, अहमदाबाद

जेसन होल्डर (चार ओवर में 24 रन पर चार विकेट) की अगुआई में गेंदबाजों के कमाल के प्रदर्शन के बाद साई सुदर्शन (57) और वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 40) की शानदार बल्लेबाजी से गुजरात टाइटंस ने आईपीएल के 46वें मुकाबले में रविवार को तालिका में शीर्ष पर काबिज पंजाब किंग्स को चार विकेट से शिकस्त दी। पंजाब के लिए सूर्यांश शेडगे ने 57 रनों की उत्कृष्ट पारी खेली, लेकिन होल्डर के साथ कगिसो रबाडा (22 रन पर दो विकेट) और मोहम्मद सिराज (28 रन पर दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के सामने टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 163 रन ही बना सकी। गुजरात ने 19.5 ओवर में चार विकेट पर 167 रन बनाकर प्लेऑफ की अपनी दावेदारी मजबूत की। टाइटंस ने इसके साथ ही इस सत्र में पंजाब से 31 मार्च को मिली तीन विकेट की शिकस्त का बदला भी चुकता कर लिया। यह पंजाब की लगातार दूसरी हार है। इस हार के बावजूद पंजाब नौ मैचों में 13 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर बरकरार है, वहीं टाइटंस 10 मैचों में छठी जीत के बाद 12 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। मौजूदा सत्र का तीसरा अर्धशतक जड़ने वाले सुदर्शन ने जोस बटलर (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 40 गेंदों में 53 रन की साझेदारी करने के बाद निशांत सिंधु (15) के साथ 20 गेंदों में 25 और सुंदर के साथ चौथे विकेट के लिए 20 गेंदों में 30 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। पंजाब के लिए अर्शदीप सिंह और विजयकुमार वैशाख ने दो-दो, जबकि मार्को यानसन और स्टोइनिस ने एक-एक विकेट चटकाए।

● अंतिम ओवर में गुजरात को जीत के लिए 11 रनों की दरकार थी और श्रेयस ने गेंद मार्कस स्टॉयनिस को थमाई। पहली गेंद वाइड होने के बाद अरशद खान ने एक चौका, एक डबल और एक सिंगल की बदौलत गुजरात को मुकाबले में बनाए रखा था, लेकिन अभी भी गुजरात को अंतिम दो गेंदों पर तीन रनों की दरकार थी। हालांकि वॉशिंगटन ने दूसरी अंतिम गेंद पर फाइन लेग की दिशा में बाउंड्री बटोरते हुए गुजरात को जीत की दहलीज पार करा दी।

मैच 46: तेज गेंदबाजों के कमाल के बाद सुदर्शन के अर्धशतक से टाइटंस ने किंग्स को हराया

स्कोर बोर्ड

पंजाब किंग्सः 163/9 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4	6
प्रियांश का. सिंधु बो. सिराज	2	2	0	0
प्रभसिमरन का. सुथार बो. रबाडा	15	14	2	0
कॉनली का. बटलर बो. सिराज	0	1	0	0
श्रेयस अय्यर बो. होल्डर	19	21	3	0
वढेरा का. बटलर बो. होल्डर	0	6	0	0
शेडगे का. बटलर बो. रबाडा	57	29	3	5
स्टॉयनिस का. सुंदर बो. होल्डर	40	31	5	1
यानसन का. गिल बो. राशिद	20	11	1	1
जेवियर बार्टलेट बो. होल्डर	0	1	0	0
विजयकुमार वैशाक नाबाद	1	3	0	0
अर्शदीप सिंह नाबाद	1	1	0	0

अतिरिक्तः 8, **कुलः** 20 ओवर में 9 विकेट पर 163 रन, **विकेट पतनः** 1-2, 2-2, 3-35, 4-36, 5-47, 6-126, 7-141, 8-141, 9-162, **गेंदबाजीः** सिराज 4-0-28-2, कगिसो रबाडा 4-1-22-2, जेसन होल्डर 4-0-24-4, अरशद खान 3-0-29-0, राशिद खान 4-0-32-1, मानव सुथार 1-0-27-0.

गुजरात टाइटंसः 167/6 (19.5 ओवर)

	रन	गेंद	4	6
सुदर्शन का. बार्टलेट बो. वैशाक	57	41	5	1
गिल का. कॉनली बो. अर्शदीप	5	4	1	0
बटलर का. श्रेयस बो. वैशाक	26	22	1	2
सिंधु का. श्रेयस बो. स्टॉयनिस	15	11	0	1
वॉशिंगटन सुंदर नाबाद	40	23	5	1
तेवतिया का. बार्टलेट बो. यानसन	2	6	0	0
होल्डर का. कॉनली बो. अर्शदीप	5	7	0	0
अरशद खान नाबाद	8	5	1	0

अतिरिक्तः 9, **कुलः** 19.5 ओवर में छह विकेट पर 167 रन, **विकेट पतनः** 1-16, 2-69, 3-94, 4-124, 5-140, 6-152, **गेंदबाजीः** जेवियर बार्टलेट 4-0-38-0, अर्शदीप सिंह 4-0-24-2, मार्को यानसन 4-0-33-1, विजय कुमार वैशाक 4-0-31-2, मार्कस स्टायनिस 2.5-0-26-1, युजवेंद्र चहल 1-0-13-0.

सीजन की तीसरी जीत की तलाश में उतरेंगी मुंबई व लखनऊ की टीम

मुंबई, जेएनएन। अंक तालिका में दो सबसे निचले पायदान पर मौजूद पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाएंट्स आईपीएल के 47वें मुकाबले में इस सीजन की अपनी तीसरी जीत की तलाश में उतरेंगी। लखनऊ पिछले पांच मैचों में लगातार हार झेल चुकी है, तो वहीं मुंबई ने पिछले पांच में से चार मैच गंवाए हैं। मुंबई नौ मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। वहीं लखनऊ आठ मैचों में दो जीत के साथ अंतिम पायदान पर है। मुंबई और लखनऊ का इस सत्र में प्रदर्शन एक जैसा रहा है। यह दोनों ही टीमें बल्लेबाजों की सामूहिक विफलता से जूझ रही हैं, जिसने अंतिम चार में पहुंचने की उनकी संभावनाओं को काफी हद तक धूमिल कर दिया है।

इंग्लिस का आना लखनऊ के लिए राहत

लखनऊ की बल्लेबाजी इस सीजन में औसत रही है, ऐसे में जॉश इंग्लिस का टीम में आना बड़ा बूस्ट माना जा रहा है। पिछले सीजन में पंजाब की कामयाबी में उनका अहम रोल रहा था। उन्होंने मुंबई के खिलाफ भी क्वालिफायर-2 में जसप्रीत बुमराह को अटैक करते हुए शानदार पारी खेली थी। आईपीएल 2025 में इंग्लिस ने 11 पारियों में 278 रन बनाए, औसत 30.9 और स्ट्राइक रेट 163 रहा,

बल्लेबाजी यूनिट इस बार रही नाकाम

लखनऊ की गेंदबाजी लगातार अच्छा कर रही है, लेकिन बल्लेबाजी हर बार उन्हें निराश कर रही है। पिछला मैच इसका बड़ा उदाहरण रहा, जहां टीम 155 रन का टारगेट भी चेज नहीं कर पाई। पूरे सीजन में लखनऊ का रन रेट सिर्फ 8.1 रहा है, जो सबसे कम है। केकेआर (8.9), गुजरात (9.3), सीएसके (9.3), दिल्ली (9.6) उनसे आगे हैं। पावरप्ले में भी लखनऊ का रन रेट 7.9 है, जो सबसे कम है। मिडिल ओवर्स (7-16) में भी उनका रन रेट 7.6 है। टीम ने इस सीजन में सिर्फ 55 छक्के लगाए हैं, जो सबसे कम है।

खेल एक नजर

थॉमस कपः भारत ने जीता कांस्य

होर्सेंस (डेनमार्क), जेएनएन। भारत की फिर से खिताब जीतने की उम्मीदें थॉमस कप फाइनल्स के सेमीफाइनल में फ्रांस से 0-3 से मिली हार से निराशा में बदल गई और उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। लक्ष्य सेन का नहीं खेलना भारत को भारी पड़ा और एचएस प्रणय भी आयुष शेट्टी और किदांबी श्रीकांत की तरह हार गए। प्रणय को दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी टोमा जूनियर पोपोव के हाथों 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस पूरी तरह से एकतरफा मुकाबले में भारत एक भी गेम जीतने में नाकाम रहा। 2022 की चैंपियन टीम भारत ने सेमीफाइनल में पहुंचकर एक पदक पक्का कर लिया था। इस तरह इस पदक से 1952, 1955 और 1979 में कांस्य पदकों में इजाफा हुआ। फ्रांस इस जीत के साथ डेनमार्क के 2016 में पहला खिताब जीतने के बाद फाइनल में पहुंचने वाला दूसरा यूरोपीय देश बन गया। आयुष को शुरुआती एकल में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव से और फिर दूसरे एकल में किदांबी श्रीकांत को दुनिया के 10वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्स लैनियर से हार मिली। लक्ष्य सेन की दाहिनी कोहनी में सूजन थी, जिसके बाद 20 साल के आयुष को शुरुआती एकल में उतारा गया। पर आयुष फ्रांस के पोपोव की रणनीति का मुकाबला करने में नाकाम रहे और 39 मिनट में 11-21, 9-21 से पराजित हो गए।

ओसासुना को हराकर बार्सिलोना लगातार दूसरी बार ला लिगा खिताब के करीब

बार्सिलोना, जेएनएन। रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और फेरान टोरेस के गोल की मदद से बार्सिलोना ने ओसासुना को 2-1 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में फिर से चैंपियन बनने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। बार्सिलोना ने इस तरह से दूसरे नंबर पर काबिज रियाल मैड्रिड पर 14 अंकों की बढ़त बना ली है। इस सप्ताहांत के बाद प्रतियोगिता में केवल चार दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं। बार्सिलोना को लगातार दूसरी बार ला लिगा का खिताब जीतने से रोकने के लिए रियाल मैड्रिड को अपने अगले मैच में एस्पेनयोल के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी। मैड्रिड की जीत से खिताब की जंग एक और सप्ताह तक खिंच जाएगी, जब बार्सिलोना अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड की मेजबानी करेगा। मैच में तीनों गोल दूसरे हाफ में हुए। लेवांडोव्स्की ने 81वें मिनट में हेडर से गोल करके बार्सिलोना को बढ़त दिलाई, जबकि टॉरेस ने पांच मिनट बाद दूसरा गोल दागा। राउल गार्सिया ने 89वें मिनट में ओसासुना के लिए गोल किया। इस बीच एटलेटिको मैड्रिड ने अपने प्रमुख खिलाड़ियों को विश्राम देने के बावजूद वालेंसिया पर 2-0 से जीत हासिल की। विलारियल ने लेवांटे को 5-1 से हराकर चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई कर लिया है। विलारियल ने लगातार दूसरे सत्र में शीर्ष चार स्थानों में जगह पक्की कर ली है।

सिनर और कोस्त्युक ने पहली बार जीता मैड्रिड ओपन

मैड्रिड, जेएनएन। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर और यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक ने पहली बार मैड्रिड ओपन टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। वे लगातार पांच मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। सिनर ने तीसरे वरीय अलेक्जेंडर च्वेरेव को 6-1, 6-2 से हराकर अपनी लगातार 23वीं जीत दर्ज की। उन्होंने इस साल मोंटे कार्लो, मियामी और इंडियन वेल्स में तथा पिछले साल पेरिस में मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट जीते थे। च्वेरेव इन सभी टूर्नामेंटों के सेमीफाइनल में सिनर से हार गए थे। उन्होंने 2018 और 2021 में मैड्रिड में जीत हासिल की थी और 2022 में कार्लोस अल्काराज के हाथों उपविजेता रहे थे।

● कोस्त्युक ने रूस की मीरा एंड्रीवा को सीधे सेटों में हराकर महिला एकल का खिताब जीता। विश्व में 23वीं रैंकिंग की खिलाड़ी कोस्त्युक का तीसरा डब्ल्यूटीए खिताब है। कोस्त्युक ने फाइनल में पहले सेट में संघर्ष करने के बाद एंड्रीवा को 7-5, 6-3 से हराया। रूस ने 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण किया था और तब से उनके बीच युद्ध चल रहा है। यही कारण था कि दोनों खिलाड़ियों ने मैच के बाद नेट पर हाथ नहीं मिलाया और ना ही पुरस्कार समारोह में एक साथ फोटो खिंचवाई।



सिटी स्पोर्ट्स

अर्जुन अकादमी बीना को तीन विकेट से दी शिकस्त

अयान का अर्धशतक और अदीब की हैट्रिक से जीती सेंट माइकल

भोपाल, खेप्र। प्लेयर ऑफ द मैच अयान और अदीब के शानदार प्रदर्शन की बदौलत सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी ने अर्जुन अकादमी बीना को तीन विकेट से शिकस्त दी। बीना में खेले गए इस टूर्नामेंट में पहले बल्लेबाजी करते हुए अर्जुन अकादमी ने 147 रन बनाए। सेंट माइकल के अदीब ने शानदार गेंदबाजी करते हुए हैट्रिक समेत चार विकेट झटके। वहीं मूसा को दो, जबकि हमजा और जकी को एक-एक सफलता मिली। जवाब में सेंट माइकल ने सात विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर यिा। अयान ने 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। साहिल ने 35, जबकि रेहान और अदीब ने 20-20 रन का योगदान दिया।

ट्रायथलॉनः अन्वी, भाव्या, कृष्ण चंद्र मानव और मॉली का स्वर्णिम चौका

भोपाल, खेप्र। अन्वी खंडूरी, भाव्या एम, डॉ. कृष्ण चंद्र रायकर, मानव पाबले और मॉली आहूजा ने भोपाल जिला ट्रायथलॉन चैम्पियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार-चार स्वर्ण पदक अपने नाम किए। रातीबड़ स्थित आरपीएम परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में तैराकी एवं एक्वाथलॉन स्पर्धाओं में मिनी, माइक्रो-मिनी, सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर एवं मास्टर्स वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अर्थ जैन, ध्रुव साहू, दिव्यांश यादव, सक्षम यूएसएस और तेजस बाथम ने क्रमशः तीन-तीन स्वर्ण व एक-एक रजत पदक हासिल किया। अक्षत ठाकुर, ध्रुव सिंह नेगी, डॉ. रजनी गौर, हिमांशी लिलानी और कमलजीत कौर अरोरा ने 2-2 स्वर्ण व 2-2 रजत अर्जित किए। वहीं अनन्या मेहरा और तिशा पंथी ने दो स्वर्ण, एक रजत व एक कांस्य जीता। विजेता खिलाड़ियों को मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, पुरषोत्तम गौर स्विमिंग पूल के संचालक डॉ. संतोष कटियार, तैराकी प्रशिक्षक एवं भोपाल ट्रायथलॉन संघ के सचिव आरडी झा ने पुरस्कृत किया।

मध्यप्रदेश की तनिष्का ने स्वर्ण व नितिका आकरे ने जीता रजत

भोपाल, खेप्र। मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ियों ने पहली इंडियन इंडोर ओपन कं बा इं ड इवेंट्स एवं पोल वॉल्ट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और रजत पदक अर्जित किया। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता दो व तीन मई को भुवनेश्वर में आयोजित की गई। अकादमी की तनिष्का दायमा ने 3.40 मीटर की ऊंचाई के साथ स्वर्ण पदक अर्जित किया। वहीं नितिका आकरे ने 3.90 मीटर का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। इससे एक दिन पहले कुलदीप कुमार ने पुरुष पोल वॉल्ट स्पर्धा में 5.41 मीटर की ऊंचाई पार कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने इस प्रदर्शन के साथ नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी स्थापित किया। वहीं देव मीणा ने 5.20 मीटर की ऊंचाई पार करते हुए कांस्य पदक अर्जित किया।

संक्षिप्त समाचार

शाह ने 1594 राजनीतिक नियुक्तियां रद्द कीं

काठमांडू,जेएनएन। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह (बालेन) ने एक बड़े फैसले में देशभर में की गई 1500 से अधिक राजनीतिक नियुक्तियों को एक झटके में समाप्त कर दिया है। उनका यह

फैसला नेपाल के हाल के इतिहास में सबसे बड़े संस्थागत बदलावों में से एक माना जा रहा है। सरकार ने कैबिनेट बैठक के बाद आठ अध्यादेशों को मंजूरी के लिए राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के पास भेजा था। इनमें से एक अहम अध्यादेश सार्वजनिक निकायों में की गई राजनीतिक नियुक्तियों को समाप्त करने से जुड़ा था। राजपत्र में प्रकाशित होते ही यह अध्यादेश लागू हो गया और करीब 150 सरकारी और सार्वजनिक संस्थानों में नियुक्त 1594 पदाधिकारी तत्काल प्रभाव से पदमुक्त हो गए। इनमें पूर्व सरकारों के दौरान की गई नियुक्तियां शामिल हैं, चाहे वे केपी शर्मा ओली, शेर बहादुर देउबा, पुष्प कमल दहल प्रचण्ड या सुशीला कार्की के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार से जुड़ी नियुक्तियां ही क्यों न रही हों।

फ्लाइट का इमरजेंसी गेट खोलकर कूदा यात्री

चेन्नई, जेएनएन। चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार सुबह लैंडिंग के दौरान एयर अरेबिया की चलती फ्लाइट

में एक यात्री इमरजेंसी गेट खोलकर नीचे कूद गया। यह फ्लाइट शारजाह से चेन्नई पहुंची थी और इसमें 231 यात्री सवार थे। घटना सुबह करीब 3:23 बजे हुई। एयरबस ए 320 मॉडल की फ्लाइट जी9 471 रनवे से टर्मिनल की ओर बढ़ रही थी। घटना के बाद पायलट ने तुरंत विमान को रोक दिया और एयरपोर्ट अधिकारियों को सूचना दी। घटना के बाद यात्री एयरपोर्ट के कमर्शियल एरिया की ओर भागने लगा, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। हालांकि, सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत उसे पकड़ लिया। कूदने के दौरान यात्री घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए ले जाया गया। आरोपी की पहचान 29 साल के मोहम्मद शरीफ मोहम्मद नजमुद्दीन के रूप में हुई है। एक अधिकारी के मुताबिक, घटना के बाद मुख्य रनवे (07/25) को 3:25 बजे सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया गया। रनवे ऑपरेशन करीब 4:35 बजे फिर से शुरू कर दिए गए। इस दौरान कई फ्लाइट्स में देरी हुई।

कार चालक ने व्यक्ति को 2 किमी तक घसीटा

रंगारेड्डी, जेएनएन। हैदराबाद के रंगारेड्डी जिले के मीरपेट पुलिस स्टेशन इलाके में एक चौंकाने वाली रोड रेज की घटना हुई। पीड़ित के मुताबिक, एक कार ने पीछे से एक टू-व्हीलर को टक्कर मार दी, जिससे पीड़ितों पिता एसके जिलानी और उनके बेटे फैसल और कार ड्राइवर के बीच झगड़ा हो गया। बेटा फैसल को गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद, दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई। कार को रोकने और ड्राइवर से पूछताछ करने की कोशिश में जिलानी गाड़ी के सामने खड़ा हो गया। हालांकि, ड्राइवर ने लापरवाही से भागने की कोशिश की, जिससे जिलानी कार के बोनट पर गिर गया। इस चौंकाने वाले मामले में ड्राइवर जिलानी को बोनट से चिपकाए हुए लगभग 2 किलोमीटर तक गाड़ी चलाता रहा, जिससे उसकी जान जा सकती थी। जिलानी बोनट पर था और आस-पास खड़े लोग हैरान होकर देख रहे थे।

खालिस्तान समर्थकों पर भड़के दिलजीत दोसांझ

नई दिल्ली, जेएनएन। दिलजीत दोसांझ ने कनाडा के कैलगरी में अपने शो के दौरान कुछ ऐसा किया कि वह वायरल

हो गए हैं। उनकी एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें वह खालिस्तानी झंडे लहरा रहे लोगों को जवाब देते नजर आ रहे हैं। दरअसल, कनाडा में हुए सिंगर दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट का एक वीडियो वायरल हुआ है। कॉन्सर्ट के दौरान दिलजीत खालिस्तान समर्थकों पर भड़क उठे थे। खबरों की मानें तो झंडे लहराने और माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे कुछ लोगों को दिलजीत ने बाहर करवा दिया था। वीडियो कनाडा के कैलगरी में हुए उनके म्यूजिक कॉन्सर्ट का बताया जा रहा है, जहां कुछ लोग खालिस्तान समर्थक झंडे लहराने लगे थे। लेकिन दिलजीत ने शो को बीच में रोक कर सउन लोगों को जमकर फटकार लगाई। इसके बाद से ही फैंस दिलजीत की जमकर तारीफ कर रहे हैं। इतना ही नहीं तेजिंदर पाल सिंह बग्गा ने भी उनकी तारीफ की है। बता दें कि भारत सरकार 'खालिस्तान लिबरेशन फोर्स' को आतंकी संगठन घोषित कर चुका है।

मणिपुर हिंसा: 3 साल में सिर्फ मुख्यमंत्री बदला, हालात नहीं

राज्य में गूंज रही बंदूकों की आवाज, हथियारबंद 'वॉलेंटियर्स' और 50 उग्रवादी गुटों के साये में लोग

इंफाल, जेएनएन। मणिपुर में मैतेई-कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा भड़के तीन साल हो चुके हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के बदलने के अलावा कोई बदलाव नहीं हुआ। 37 लाख की आबादी वाले इस छोटे से राज्य में आज भी दोनों समुदायों में डर का माहौल है। डर इसलिए, क्योंकि दोनों ही समुदायों के हथियारबंद 'वॉलेंटियर' कभी भी गोलीबारी शुरू कर देते हैं।

राज्य में इस वक्त 50 से ज्यादा उग्रवादी समूह सक्रिय हैं। इनमें से आधे सरकार के साथ बातचीत में शामिल हैं। राज्य में तैनात एक शीर्ष सैन्य अधिकारी ने बताया कि देश से नक्सलवाद खत्म करने के बाद केंद्र सरकार का पूरा फोकस अब पूर्वोत्तर के उग्रवाद पर है। इसमें भी मणिपुर सबसे ऊपर है। उग्रवाद के खात्मे का लक्ष्य 2029 तय किया गया है। इसकी शुरुआत अमरनाथ यात्रा के बाद हो सकती है।

मासूम की मौत के 25 दिन बाद परिवार ने किया अंतिम संस्कार: 7 अप्रैल को ट्रोंगलाओबी में जिन 2 मासूम बच्चों की संदिग्ध उग्रवादियों के बम धमाके में मौत हुई थी, उनका अंतिम संस्कार शनिवार को लामथाबुंग ग्राउंड में कर दिया गया। बच्चों के शव तब से ही मुर्दाघर में रखे थे। परिवार का कहना था कि जब तक बच्चों को न्याय नहीं मिलता, अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। बच्चों की दादी ने बताया कि सरकार ने हमें पैसा, नौकरी देने की बात की, लेकिन हमने मना कर दिया। हमें बच्चों के लिए न्याय चाहिए। राज्य सरकार के सूत्रों की मानें तो नक्सलवाद में सुरक्षा बलों का जो फोर्स लगा था, उसे मणिपुर शिफ्ट करने की तैयारी है।

बिष्णुपुर में मोइरांग के ट्रोंगलाओबी अवांग लेइकाई इलाके में 7 अप्रैल को हुए बम हमले में मारे गए दो बच्चों के अंतिम संस्कार के दौरान शनिवार को शोक मनाते परिवार के सदस्य।

मणिपुर संकट की वर्षगांठ मनाने और विभिन्न मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करने के लिए मैतेई समुदाय के सदस्य नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर एकत्रित हुए।

60 हजार लोगों के हालात जस के तस

मैतेई लोग इंफाल वैली से ऊपर कुकी बहुल पहाड़ी इलाकों में नहीं जा पाते हैं और न ही कुकी इंफाल वैली आते हैं। एन बिरेन सिंह की जगह युमनम खेमचंद सिंह नए मुख्यमंत्री बन चुके हैं, लेकिन आज भी दोनों समुदायों के करीब 60 हजार विस्थापित लोग अपने घरों में नहीं लौट पाए हैं। इनमें से ज्यादातर 174 राहत शिविरों में रहते हैं, जबकि कुछ किराए के मकानों में शिफ्ट हो चुके हैं। 30 इन्हीं शिविरों में दम तोड़ चुके हैं। इन्हें राज्य सरकार रोज 100 रुपए गुजारा भत्ता दे रही है। इस बीच तांकखुल नागा बहुल इलाके में बीते फरवरी महीने से नागा और कुकी की बीच शुरू हुई नई हिंसा ने प्रदेश को ठप कर दिया है।

तीन तरह से अलग-अलग जांचें हो रहीं: मणिपुर हिंसा में अब तक 250 से ज्यादा मौतें हुई हैं। इससे जुड़े 11 मामलों की जांच सीबीआई कर रही है। इसमें यौन उत्पीड़न का भी जघन्य मामला है। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बलवीर सिंह चौहान का पैनल जातीय हिंसा के कारणों की जांच कर रहा है, जिसकी रिपोर्ट 20 मई को सुप्रीम कोर्ट में दाखिल होनी है।

5 राज्यों के नतीजों के बाद नवीन बनाएंगे नई टीम

15 मई तक हो सकता है टीम का ऐलान

- अनुराग, अन्नामलाई और बिप्लब देब को मिल सकती है जिम्मेदारी
- दो-तीन अनुभवी चेहरों के साथ युवा जोश
- बंगाल से भी किसी चुवा चेहरे को मिल सकती है टीम में जगह

नई दिल्ली, जेएनएन। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया पूरे होते ही नितिन नवीन की नई टीम का ऐलान हो जाएगा। मोटे तौर पर टीम की रूपरेखा तैयार हो गई है, विधानसभा चुनाव परिणामों के अनुरूप इनमें थोड़ा-बहुत फेरबदल किया जा सकता है।

भाजपा के एक नेता के अनुसार नितिन नवीन की नई टीम में दो-तीन अनुभवी चेहरों के साथ युवा जोश का समन्वय देखने को मिल सकता है। 20 जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संभालने के बाद से नितिन नवीन पुरानी टीम के साथ ही काम कर रहे हैं।

नितिन नवीन की नई टीम: भाजपा के एक बड़े नेता के अनुसार, नितिन नवीन की टीम का एलान 15 मई के पहले कभी भी हो सकता है। भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बने नितिन नवीन टीम में युवा चेहरों की भरमार हो सकती है। इनमें अनुराग ठाकुर का नाम सबसे ऊपर है। भारतीय जनता युवा मोर्चा में अहम पदों पर रहे ठाकुर के पास सरकार में काम करने का भी लंबा अनुभव है। वहीं तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक के उम्मीद से ज्यादा खराब प्रदर्शन की आशंका को देखते हुए भाजपा फिर से एकला चलो की नीति पर आगे बढ़ सकती है। ऐसे में अन्नामलाई को संगठन में अहम पद मिल सकता है। अन्नाद्रमुक के साथ खराब संबंधों के कारण गठबंधन का रास्ता साफ करने के लिए उन्हें प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था।

इसी तरह से बंगाल में पार्टी के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद के बीच चुनावी तैयारियों के दौरान राज्य में सांगठनिक ढांचे को और मजबूत करने की जरूरत महसूस की गई। ऐसे में बंगाल से भी किसी चुवा चेहरे को केंद्रीय संगठन में जगह मिल सकती है। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद उनके नाम तय किए जाएंगे। विभिन्न राज्यों की चुनाव तैयारियों में अहम भूमिका निभाने वाले त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री विप्लव देव को भी नितिन नवीन की टीम में जगह मिल सकती है। अगले वर्ष त्रिपुरा विधानसभा चुनाव को देखते हुए इसे अहम माना जा रहा है। नितिन नवीन की टीम में युवा जोश के साथ अनुभव के समन्वय की बात कही जा रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि मौजूदा महासचिवों में से दो या तीन को बरकरार रखा जा सकता है। इनमें सुनील बंसल का नाम सबसे ऊपर है। बंगाल में भाजपा की जीत की स्थिति में एक बार फिर पार्टी में उनकी उपयोगिता साबित हो जाएगी।

दमदार अभिनय के बावजूद पल्लवी का बॉलीवुड डेब्यू होगा फ्लॉप!

साई पल्लवी की गिनती साउथ सिनेमा की टॉप ऐक्ट्रेसेस में होती हैं। उनकी सिर्फ साउथ ही नहीं हिंदी बेल्ट में भी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। उनके बॉलीवुड डेब्यू का फैंस को बेसब्री से इंतजार था। उन्होंने आमिर खान के प्रोडक्शन बैनर में बनी फिल्म 'एक दिन' में काम किया है। इस फिल्म में साई के साथ आमिर के बेटे जुनैद खान थे। फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है लेकिन इसे लेकर लोगों में कोई बज नहीं है। 'एक दिन' को दर्शकों का कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला है।

फिल्म को मिला फीका रिस्पॉन्स: इस फिल्म की एडवांस बुकिंग 39 दिन पहले शुरू हो गई थी। इसके बावजूद फिल्म ने ओपनिंग डे पर 1.15 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था। दूसरे दिन फिल्म की कमाई में उल्टा गिरावट देखने को मिली। फिल्म ने दूसरे दिन 1 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है। फिल्म ने दो दिनों में 2.15 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है।

एमजी मोटर्स की मैजेस्टर इसी महीने होगी लांच, टोयोटा फ्यूचर से है सीधा मुकाबला

नई दिल्ली, जेएनएन। वाहन निर्माता एमजी मोटर्स की ओर से कई सेगमेंट में वाहनों की बिक्री की जाती है। निर्माता की ओर से इस महीने में औपचारिक तौर पर नई एसयूवी एमजी मैजेस्टर को लॉन्च किया जाएगा। जेएसडब्ल्यू एमजी की ओर से मजेस्टार को डी+ एसयूवी सेगमेंट में लॉन्च किया जाएगा। लॉन्च के बाद इसका सीधा मुकाबला टोयोटा फ्यूचर लेजेंडर, स्कोडा कोडिएक, फॉक्सवैगन टायरॉन आर-लाइन जैसी एसयूवी के साथ होगा। एमजी अपनी डी प्लस सेगमेंट की एसयूवी मेजेस्टर को मई महीने में भारत में लॉन्च करेगी। इससे पहले इस एसयूवी को भारतीय बाजार में पेश किया जा चुका है। जल्द ही इस एसयूवी को भारत में लॉन्च किया जाएगा। तभी इसकी कीमत की घोषणा भी की जाएगी। इसकी संभावित एक्स शोरूम कीमत 40 से 50 लाख रुपये के बीच हो सकती है।

- जेबीएल का ऑडियो सिस्टम
- एंबिएंट लाइट
- डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर
- वेंटिलेटिड सीट
- पैनोरमिक सनरूफ
- मसाज सीट
- लेवल 2 एडीएएस
- रियर कनेक्टिड टेल लाइट

एमजी की ओर से मेजेस्टर एसयूवी को दो लीटर की क्षमता के टर्बो इंजन के साथ ऑफर किया गया है।

एक व्यक्ति औसतन 144 बार चेक करता है फोन

23 मिनट का वक्त लगता है एक बार फोन छूने के बाद दिमाग को दोबारा लौटने में

05 से 7 घंटे हर भारतीय युवा सोशल मीडिया में बिता रहा

2.22 घंटे बच्चे औसतन स्मार्टफोन देखते हैं

मशहूर यूट्यूबर और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर राज शमानी के ताजा सोशल मीडिया पोस्ट ने साल 2023 के एक सर्वे को फिर से चर्चा में ला दिया है। सर्वे के अनुसार एक औसत व्यक्ति दिन में 144 बार अपना फोन चेक करता है और हर एक 'चेक' के बाद दिमाग को दोबारा पूरी तरह फोकस करने में 23 मिनट का समय लगता है। यानी फोन छूते ही 23 मिनट के लिए आप बुद्धु बन जाते हैं।

दो बच्चों का एयरफोर्स हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू

रील बनाने पानी की टंकी पर चढ़े थे, सीढ़ी टूटने से 3 नीचे गिरे, एक की मौत

सिद्धार्थनगर, जेएनएन। यूपी के सिद्धार्थनगर में पानी की टंकी पर 16 घंटे से फंसे बच्चों का एयरफोर्स के एमआई-17 हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया। दोनों को गोरखपुर के एयरफोर्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शनिवार को काशीराम आवास कॉलोनी में 5 बच्चे रील बनाने के लिए 60 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़े थे। उतरते वक्त सीढ़ी टूट गई। 3 बच्चे नीचे गिर गए। इनमें से 1 की मौत हो गई, जबकि 2 की हालत गंभीर है। 2 बच्चे रॉड पकड़कर लटक गए। फिर धीरे-धीरे टंकी पर चढ़ गए। टंकी के आसपास दलदल होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कतें आईं। हाइड्रॉलिक क्रेन मंगाई गई, लेकिन दलदल के कारण क्रेन टंकी तक नहीं पहुंच पाई। इसलिए

150 मीटर सड़क बनाने का काम शुरू किया गया। इस बीच, रात करीब 3 बजे तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे काम रोकना पड़ा। हालात देखते हुए प्रशासन ने सेना की मदद मांगी। इसके बाद रविवार सुबह करीब 5.20 बजे एयरफोर्स का एमआई-17 हेलिकॉप्टर घटनास्थल पर पहुंचा। दोनों बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया। 12 साल का बाले काशीराम आवास कॉलोनी में अपने मौसेरे भाई दीपचंद के घर चार दिन पहले आया था। शनिवार दोपहर 3 बजे वो पड़ोस के गोलू (14), शनि (11), कल्लू (15) और पवन (16) के साथ टंकी के पास गया।

पिता बोले- पत्नी-साली की प्रताड़ना से गई जान

नई दिल्ली, जेएनएन। दिल्ली के सफदरजंग इलाके में जज अमन कुमार शर्मा की आत्महत्या के मामले ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पिता के मुताबिक अमन को लंबे समय से पत्नी और जम्मू में पदस्थ आईएएस साली प्रताड़ित कर रही थी। पिता ने बताया कि घटना वाली रात करीब 10 बजे अमन का फोन आया था। फोन पर उन्होंने कहा कि वह बहुत परेशान हैं और उनका जीना मुश्किल हो गया है। बेटे की बात सुनते ही पिता ने उन्हें समझाने की कोशिश की और हिम्मत बढ़ाई, लेकिन बेटे की हालत को देखते हुए वह तुरंत अलवर से दिल्ली के लिए रवाना हो गए और रात करीब 12 बजे घर पहुंच गए। घर पहुंचने के बाद अमन ने पिता को हालात बताए।

भारतीय यात्री लिपुलेख से मानसरोवर न जाए: नेपाल

काठमांडू, जेएनएन। नेपाल सरकार ने भारतीय तीर्थयात्रियों से लिपुलेख के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा न करने की अपील की है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि 1816 की सुगौली संधि के मुताबिक लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी क्षेत्र नेपाल का हिस्सा है। सरकार ने कहा कि लिपुलेख के रास्ते प्रस्तावित कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर उसने भारत और चीन दोनों को डिप्लोमैटिक तरीके से अपनी आपत्ति और चिंता से अवगत करा दिया है।

नेपाल के दावे को भारत सरकार ने किया खारिज: इस पर भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साफ कहा कि इस मामले में भारत का

रुख हमेशा से स्पष्ट और एक जैसा रहा है। उन्होंने बताया कि इसी मार्ग से यात्रा होती आ रही है, इसलिए इसमें कुछ भी नया नहीं है। उन्होंने नेपाल के दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत ऐसे क्षेत्रीय दावों को न तो सही मानता है और न ही ये ऐतिहासिक तथ्यों और सबूतों पर आधारित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एकतरफा तरीके से सीमा का विस्तार दिखाना स्वीकार्य नहीं है।

ब्लू प्रिंट आंध्र प्रदेश में इसी महीने से आकार लेगी देश की पहली स्पेस सिटी

तिरुपति में बनाए जाएंगे दुनिया के लिए रॉकेट

अमरावती, जेएनएन। यदि सबकुछ योजना के अनुसार हुआ तो इसी महीने देश की पहली स्पेस सिटी बननी शुरू हो जाएगी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने पिछले साल इसका आइडिया सामने रखा था। उनकी सरकार अब इसका ब्लू प्रिंट तैयार कर चुकी है।

इस 'अंतरिक्ष शहर' में न केवल सैकड़ों छोटी कंपनियां रॉकेट के पुर्जे, सेंसर बनाएंगी, बल्कि स्काईरूट, कल्याणी स्ट्रेटेजिक सिस्टम्स, एचएफसीएल जैसी बड़ी कंपनियां दुनियाभर के लिए प्राइवेट रॉकेट बनाकर देंगी। सरकार ने यहां 570 एकड़ का स्टार्टअप एक्टिवेशन जोन बनाया है, जिसमें अग्निकुल, कॉसमॉस, पिक्सेल जैसे स्पेस स्टार्टअप भविष्य की अंतरिक्ष संभावनाओं को आकार देंगे।

यह सिटी गगनयान जैसे भारत के महत्वाकांक्षी मिशनों के लिए बेस कैंप का काम करेगी। नायडू सरकार ने पांच राज्यों में सरकार गठन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों स्पेस सिटी की आधारशिला रखने की योजना तैयार की है। स्काईरूट के सीईओ पवन कुमार चंदना ने बताया कि तिरुपति जिले के थोट्टाम्बेडु मंडल के रौथुसुरमाला गांव में

इन कंपनियों के बड़े बेस होंगे

- **स्काई रूट:** स्काई रूट इस प्रोजेक्ट की 'एंकर यूनिट' है। कंपनी ने यहां रॉकेट निर्माण, असेंबली और टेस्टिंग के लिए ?400 करोड़ के निवेश की घोषणा की है। उन्हें 300 एकड़ जमीन मिली है, जहां वे अपने 'विक्रम' सीरीज के रॉकेट तैयार करेंगे।
- **कल्याणी स्ट्रैटजिक सिस्टम्स:** भारत फोर्ज की यह सहायक कंपनी पास ही के मदाकाशिरा धहब में 1,430 करोड़ निवेश कर रही है। इसके पास डिफेंस पेलोड और रॉकेट एनर्जेटिक्स का काम है।
- **एचएफसीएल:** यह कंपनी 1,186 करोड़ निवेश कर आर्टिलरी और गोला-बारूद निर्माण इकाई लगा रही है, जो रक्षा अनुप्रयोगों के लिए स्पेस सिटी के डेटा का उपयोग करेगी।
- **स्टार्टअप जोन:** सरकार ने 570 एकड़ का 'स्टार्टअप एक्टिवेशन जोन' बनाया है, जिसमें अग्निकुल कॉसमॉस और पिक्सेल जैसे स्टार्टअप्स अपना विस्तार करेंगे।

2600 एकड़ जमीन तैयार की जा रही है। यह अंतरिक्ष औद्योगिक क्लस्टर होगा। यहां एयरोस्पेस, रक्षा विनिर्माण, निजी अंतरिक्ष इनोवेशन के अलग-अलग हब बनने हैं। इस पर 3400 करोड़ रु. से ज्यादा खर्च होंगे।

भारत का एक्सपोर्ट बनाने का लक्ष्य: भारत का लक्ष्य अपनी अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को 2033 तक 44 अरब डॉलर तक पहुंचाना है। तिरुपति की स्पेस सिटी इस लक्ष्य में 'एक्सपोर्ट हब' की भूमिका निभाएगी। इस क्लस्टर से 5,000 प्रत्यक्ष और 30,000 अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी। इसमें वैज्ञानिकों से लेकर लॉजिस्टिक्स विशेषज्ञों तक की जरूरत होगी। यह सिटी छोटे उद्योगों के लिए एक 'हब और स्पोक' मॉडल पर काम करेगी।

दैनिक जागरण वर्गीकृत

अण्डा

BHOPAL EGG RATE 515/-

Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह

पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

पन्ना के गठरुपुर गांव में एक महीने से बिजली बंद

जागरण, पन्ना। जिले के रमरिरिया स्थित गठरुपुर गांव में पिछले एक महीने से बिजली गुल होने के कारण ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ट्रांसफार्मर जलने से परेशान ग्रामीणों ने महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के साथ मिलकर बूजपुर पावर हाउस का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीण काफी गुस्से में नजर आए। ग्रामीणों ने पहले तुरंत चक्काजाम करने का फैसला लिया था। अधिकारियों की समझाइश के बाद उन्होंने अपना फैसला टाला।

चेकिंग के दौरान बुलेट सवार ने आरक्षक को मारा थप्पड़

जागरण, ग्वालियर। शहर में पुलिस चेकिंग के दौरान बुलेट सवार ने आरक्षक के साथ अभद्रता करते हुए थप्पड़ मार दिया और फरार हो गया। पड़ाव थाना क्षेत्र में बस स्टैंड चौकी के पास आधी रात को यह घटना हुई। डायल-112 में तैनात आरक्षक भारत सिंह एएसआई श्यामवीर सिंह के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बुलेट पर सवार एक युवक को रोका गया। चेकिंग के दौरान युवक ने एएसआई से नाम पूछकर बदतमीजी शुरू कर दी।

"ट्वीट ऑफ द डे"

सम्राट चौधरी
सीएम बिहार

कांग्रेस का चीन प्रेम एक बार फिर उजागर हुआ है। 2017 के डोकलाम गतिरोध के दौरान जब भारतीय सेना पूरी मजबूती और साहस के साथ सीमा पर डटी थी, तब कांग्रेस नेतृत्व की प्राथमिकताएं सवालों के घेरे में थीं। आज भी स्थिति बदलती नहीं दिख रही है, भारत की सुरक्षा को सशक्त बनाने वाले महत्वपूर्ण रणनीतिक प्रोजेक्ट्स पर अड़चनें खड़ी करना देशहित के अनुरूप नहीं है। राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता के मुद्दों पर एकजुटता ही सबसे बड़ी ताकत होती है।

युवा आईपीएस अफसरों को मिली जिलों की कमान

पीएचक्यू से लेकर गृह मंत्रालय को दो सप्ताह लगे जिलों के मुखिया चुनने में, भोपाल-इंदौर कमिश्नरेट में बड़े स्तर पर किया बदलाव

विशेष संवाददाता, भोपाल। भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की नए सिरे से पदस्थापना को लेकर पीएचक्यू से लेकर गृह मंत्रालय ने दो सप्ताह लगा दिए, क्योंकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कानून व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए ऐसे अधिकारियों के हाथों में जिलों की कमान देना चाहते थे, जो परिणाम दे सकें। इसी वजह है कि 19 जिलों की कमान युवा आईपीसी अधिकारियों को दी गई है। शनिवार की देर रात गृह मंत्रालय द्वारा जो सूची जारी की गई, उनमें 62 अफसरों की जिम्मेदारी बदली गई है। एक ओर जहां भोपाल और इंदौर कमिश्नरेट में बड़े स्तर पर बदलाव किया गया है, तो स्पेशल डीजी और एडीजी स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के दायित्व भी बदले गए हैं। वर्ष 1993 बैच के अधिकारी स्पेशल डीजी रविकुमार गुप्ता को प्रशिक्षण के साथ पुलिस अकादमी भौरी के निदेशक पद की अतिरिक्त प्रभार के तौर पर जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह 1994 बैच के तेज तर्राट आईपीसी राजा बाबू सिंह को एडीजी रेल बनाया गया है। इसी बैच के एडीजी डीपी गुप्ता को

राजा बाबू

रवि गुप्ता

शैलेन्द्र सिंह चौहान

विकास कुमार शहवाल

सामुदायिक पुलिसिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस फेरबदल में जहां बेहतर काम करने वाले अधिकारियों को बतौर ईनाम अच्छी पोस्टिंग दी गई है,तो लापरवाही व सीएम व सरकार की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरने वाले अधिकारियों को लूप लाइन में भेजा गया है। बालाघाट में एंटी नक्सल ऑपरेशन के प्रभारी रहे आदर्शकांत शुक्ला को राजधानी भोपाल जोन का पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। इनके अलावा भोपाल जोन में विकास सहवाल,जोन -3 में आयुष गुप्ता को जिम्मेदारी मिली है,ये सभी युवा अधिकारी है।

बैंक डकैती ने ली खत्री की कुर्सी

सिंगरौली पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री को हाल ही में हुई बैंक डकैती की घटना के चलते पद से हटा दिया गया,उन्हें पुलिस मुख्यालय में सहायक पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है।

9 एसपी वर्ष 2020-21 के

इस फेरबदल में 9 जिलों को पुलिस कप्तान व उपायुक्त नगरीय पुलिस बनाए गए 9अधिकारी वर्ष 2020 व चार आईपीएस 2021 बैच के है। इनमें अभिषेक रंजन पुलिस उपायुक्त जोन - 3 इंदौर,नागेन्द्र सिंह रावत पुलिस उपायुक्त जोन 2 इंदौर,आदर्श कांत शुक्ला पुलिस अधीक्षक पुलिस उपायुक्त जोन 4 भोपाल और आयुष गुप्ता पुलिस उपायुक्त जोन-4 भोपाल वर्ष 2021 बैच के आईपीएस है। इनके अलावा 2022 बैच के राहुल देशमुख को राज्यपाल का परिसहाय बनाया गया है। वर्ष 2020 के जिन अधिकारियों को पुलिस अधीक्षक बनाया गया है,उनमें कृष्ण लालचंदानी को सिवनी,आनंद कलादगी दमोह,सिंगरौली एसपी शियाज केएम, मयूर खंडेलवाल दतिया और सोनाक्षी सक्सेना को सीहोर जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जताया भरोसा, इन अफसरों को फिर मिले जिले

दतिया एसपी सूरज कुमार वर्मा को भिंड, श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया को शिवपुरी, मंडला एसपी रजत सकलेचा को छतरपुर, अगम जैन को छतरपुर से खंडवा के काम पर भरोसा रखते हुए उन्हें फिर से जिलों की कमान सौंपी गई है।

इन पदों को अभी इंतजार

बुरहानपुर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार को झाबुआ का एसपी बनाया गया है,लेकिन उनके स्थान पर किसी नए अधिकारी की नियुक्ति नहीं की गई है। इसी तरह सागर आईजी पद अभी भी अतिरिक्त प्रभार के तौर पर नर्मदापुरम के आईजी मिथलेश शुक्ला के पास रहेगा। सिवनी हवाला कांड में चर्चाओं में आए पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता को इंदौर का डीसीपी बनाया गया है।

4 महीने बाद मिली पोस्टिंग

2026 में भारतीय पुलिस सेवा के 10 अफसरों को उपपुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया था और वे तभी से बतौर पुलिस अधीक्षक के तौर पर अपने-अपने जिलों में काम कर रहे थे। इस फेरबदल में इन अधिकारियों को भी नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें भिंड एसपी असित यादव,डीपीसी भोपाल विवेक सिंह रीवा,पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय सहित दूसरे अधिकारी शामिल है।

दो-तीन साल से थे पदस्थ

कई पुलिस अधीक्षक तीन से चार साल से पदस्थ थे। इनमें एसपी झाबुआ शिवदयाल, एसपी धार मयंक अवस्थी, एसपी रेल सिमाला प्रसा, एसपी रेल भोपाल राहुल लोढ़ा, रीवा एसपी शैलेन्द्र चौहान, सागर एसपी विकास सहवाल, मुरैना एसपी समीर सौरभ, सिवनी एसपी सुनील मेहता, दमोह एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी कुछ एसपी वर्ष 2023-24 और वर्ष 2025 में पोस्टिंग की गई थी।

संक्षिप्त खबरें

ताज एक्सप्रेस के ब्रेक जाम सोनागिर के पास उठा धुआं

जागरण, दतिया। झांसी से हजरत निजामुद्दीन जा रही 12279 ताज एक्सप्रेस में शनिवार शाम अचानक धुआं उठने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। यह घटना दतिया पार करने के बाद सोनागिर रेलवे स्टेशन के पास हुई। एक कोच के नीचे से धुआं निकलता देख ट्रेन को आपातकालीन स्थिति में स्टेशन से पहले ही रोकना पड़ा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, ट्रेन झांसी से रवाना होकर दिल्ली की ओर जा रही थी। दतिया और सोनागिर के बीच लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर को कोच के नीचे से धुआं उठने की सूचना मिली। इसके बाद ट्रेन को तुरंत रोककर तकनीकी जांच की गई, जिसमें कोच का ब्रेक जाम होने की बात सामने आई। इसी ब्रेक के घर्षण के कारण ट्रेन से लगातार धुआं निकल रहा था। मौके पर मौजूद रेलवे स्टाफ ने ब्रेक रिलीज कर इस तकनीकी खराबी को दूर किया। इस पूरी प्रक्रिया में करीब 15 से 20 मिनट का समय लगा, जिसके बाद ट्रेन को दोबारा सुरक्षित तरीके से रवाना किया गया। इस घटना में किसी भी यात्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है, हालांकि अचानक धुआं उठने से ट्रेन में दहशत का माहौल जरूर बन गया था।

सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता को पाक से मिली धमकी

जागरण, खरगोन। प्रदेश के खरगोन में विवेकानंद स्कूल में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता और कवयित्री नाजिया इलाही शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने मंच से खुलासा किया कि उन्हें पाकिस्तान से धमकी भरा कॉल आया है, जिसमें उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने मंच से कहा कि खरगोन में सिमी की कोशिशें नाकाम रहीं और यह स्थान अब राम राज्य में बदल गया है। नाजिया इलाही ने अपने काव्यपाठ के दौरान बताया, जब मेरा कारवां खरगोन तक बढ़ा, तब दूर से आवाज आई डरने वाली। नंबर पाकिस्तान का था और कहा जा रहा था कि खरगोन पहुंचो, मृत्यु हो जाएगी।

ट्रेन की टक्कर के बाद तेंदुए ने तोड़ा दम

जागरण, सतना। प्रदेश के सतना में तिघरा क्षेत्र के पास रेलवे ट्रैक पर रविवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक तेंदुए की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। यह इलाका वन क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, जहां अक्सर वन्यजीवों की आवाजाही बनी रहती है। जानकारी के अनुसार, तेंदुआ रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तेंदुए ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह एक दुर्घटना प्रतीत हो रही है, हालांकि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। सूचना मिलते ही सतना वन परिक्षेत्र की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने क्षेत्र का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए।



चौथे दिन मिले चाचा-भतीजे के मिले शव परिजन बोले- मुआवजा नहीं, न्याय चाहिए

क्रूज हादसा: क्रू से लेकर रेस्क्यू तक सवालों के घेरे में, निजी अस्पतालों ने भी क्रूज यात्रियों को लूटा

जागरण, जबलपुर। क्रूज हादसे के बाद से लापता चाचा-भतीजे के शव ही मिल सके हैं। दोनों के शव चौथे दिन खुद ही ऊपर आ गए। आठ महिलाओं और चार बच्चों के अलावा कामराज ही हादसे में मृत एक मात्र पुरुष हैं। इन सभी के शव अपने आप ही नर्मदा नदी में तैरते मिलने से रेस्क्यू ऑपरेशन और पूरी टीम की कार्यशैली पर सवाल उठ गए हैं। वहीं बरगी में बोट संचालित करने वाले पर्यटन निगम के स्टॉफ और क्रू मेंबर्स पहले ही लोगों के निशाने पर हैं। इतनी बड़ी संख्या में मौतों पर परिजनों ने सवाल उठाए हैं कि यह कैसी व्यवस्था है? खमरिया की आयुध फैक्टरी में काम करने वाले कामराज और उनका भतीजा मयूरम हादसे के बाद से ही लापता थे। रविवार सुबह-सुबह 6 बजे पहले मयूरम का शव नदी में तैरते मिला। फिर करीब तीन घंटे बाद कामराज का शव भी नदी में से निकाला गया। इस हादसे में कामराज के बेटे का शव भी शनिवार को मिला था। इस परिवार के पांच लोग हादसे में मृत हुए हैं। अब केवल उसका एक बेटा बचा है। तमिलनाडू से आई कामराज की भाभी का शव भी मिल चुका था। कामराज के साथ काम करने वाले कर्मचारियों का कहना है कि हमें मुआवजा नहीं, न्याय चाहिए। यह दुर्घटना नहीं है, सीधे-सीधे मर्डर है। जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होगी, न्याय अधूरा रहेगा। उन्होंने सवाल उठाए कि कौन सा ऑफिसर अभी तक अरेस्ट हुआ और किसकी जिम्मेदारी तय की गई है? मौसम का हवाला देकर जिम्मेदारों को बचाया जा रहा है।

युद्ध में इजराइल से बच आई, लेकिन अपने देश के सिस्टम ने डुबो दिया

16 साल इजराइल में रहकर हाल ही में युद्ध के दौरान अपने देश वाराणसी निवासी सविता वर्मा परिवार सहित जबलपुर घूमने आईं थीं। सविता ने पूरे सिस्टम पर सवाल उठाते हुए बताया कि क्रूज में पानी भरने के बाद लाइफ जैकेट दी गईं। उनके 22 वर्षीय बेटे ने ही लोगों को जैकेट बांटना शुरू की। फिर वे दोनों लोगों को बचाने में जुट गए। न क्रू मेंबर बचाने आए और न कोई और मदद पहुंची। घायलों को निजी अस्पताल पहुंचा दिया गया, लेकिन वहां भी लूट-खसोट मची थी। हमें दवा देने के पहले ही 4700 रुपए का बिल थमा दिया। मेरी दीदी को भी दो टांके लगाकर 4700 रुपए का बिल दे दिया। हमारे पैसे गीले हो चुके थे तो मोबाइल था नहीं। पेमेंट कहां से करते? बमुश्किल एक आई फोन से उनके भाई ने दूसरे शहर से बिल पेमेंट कराया। अस्पताल वाले इलाज से पहले पैसे की बात कर रहे थे। इनकी मनमानी रोकने वाला कोई नहीं था, हर कोई इलाज दिलाने के बजाय नाम, पता, उम्र पूछने में जुटा था। इतनी असंवेदनशीलता देश में दिखती है। इजराइल में कम से कम यह तो नहीं था। घटना के बाद जिम्मेदारी निभाने नहीं पहुंचा। मुश्किल हालात में निजी अस्पतालों की मनमानी पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता?

पुराने वीडियो में भी दिखी लापरवाही

बरगी में चल रहे क्रूज व नावों में सुरक्षा मानक हमेशा ही दरकिनार किए जाते रहे हैं। आम पर्यटक तो दूर की बात, नेताओं को आला अधिकारियों को भी बिना लाइफ जैकेट के ही क्रूज में बैठाया जाता रहा है। इसका खुलासा एक पुराने वीडियो में हुआ। यह वीडियो 10 अप्रैल का है, जब यहां क्रूज पर जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष, सीईओ सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए, लेकिन कोई भी जैकेट नहीं पहने था।

आगरा से आए गोताखोर, ऑपरेशन जारी क्रूज हादसे में लापता लोगों की खोज के लिए सेना के 20 गोताखोर आगरा से बुलाए गए थे। एयर लिफ्ट किए सभी गोताखोर तीन दिन से लापता लोगों को सर्च कर रहे थे। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के गोताखोर भी मोर्चा संभाले हुए थे। अब तक 41 लोगों का पता लग चुका है। इनमें 13 मृत भी शामिल हैं, लेकिन क्रूज पर सवार कुल लोगों की संख्या को लेकर अभी भी संशय है। क्रूज पर 43 से ज्यादा लोग बताए जा रहे हैं।

बिना बीमा चल रहा था 20 साल पुराना क्रूज

क्रूज को लेकर एक चौंकाने वाला तथ्य यह भी है कि 20 साल पुराने इस क्रूज का बीमा ही नहीं था। बीमा कराने पर भी किसी ने ध्यान ही नहीं दिया। जबकि केंद्र सरकार के द इनलैंड वेसल्स एक्ट, 2021 के मुताबिक किसी भी यांत्रिक जलयान को अंतर्देशीय जलक्षेत्र में चलाने के लिए बीमा अनिवार्य है। कानून साफ तौर पर कहता है कि यात्रियों की मृत्यु या चोट की स्थिति में मुआवजा कवर होना चाहिए। संपत्ति के नुकसान की जिम्मेदारी तय हो, संचालन और आकस्मिक प्रदूषण की देनदारी शामिल हो। अब लापरवाही सामने आने पर सारे अधिकारी एक दूसरे पर मामला टाल रहे हैं।

इसीलिए चकनाचूर कर दिया क्रूज

सर्च ऑपरेशन में पहले मशक्कत के बाद क्रूज को किनारे पर लाया गया। क्रेन भी बुलाई। गैस कटर से काटकर इसके कई हिस्से कर दिए गए। प्रशासन और प्रबंधन के इस कदम पर भी सवाल उठ गए हैं, माना जा रहा है कि बीमा से जुड़ी गलती छुपाने के लिए इसे नष्ट किया गया है। सरकार ने उच्च स्तरीय जांच की घोषणा की है। जांच में बीमा न कराने की गलती भी खुलना तय है।

तीन जिलों में ओले 30 में बारिश और 4 में चली आंधी

नगर संवाददाता, भोपाल। मध्य प्रदेश में बीते तीन दिन से मौसम बिगड़ा हुआ है। जिस कारण कई जिलों में बारिश, ओले और तेज हवा चल रही है। रविवार को जहां भोपाल में मौसम साफ रहा, वहीं कई जिलों में हल्की बारिश और तेज हवा रिकार्ड की गई। मौसम विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के मुताबिक पिछले 24 घंटे में प्रदेश के 3 जिलों में ओलावृष्टि, 30 जिलों में बारिश और 4 जिलों में तेज स्पीड से हवा रिकार्ड की गई है। बारिश की बात करें तो सबसे ज्यादा वर्षा रायसेन जिले के बरेली में हुई है। यहां बारिश का आंकड़ा करीब 50 एमएम यानि इंच के आस पास रहा। इसके बाद बाड़ी में 30 एमएम और इटारसी में 18 एमएम बारिश हुई। शेष जगहों पर इससे कम वर्षा हुई है।

भोपाल में सुधरा मौसम, रही ठंडक, रायसेन के बरेली में 2 इंच बारिश

तेज हवाओं से तूफानी हुआ मौसम: एक दर्जन से ज्यादा जिलों में झोंकेदार हवाएं चलने से वहां मौसम तूफानी हो गया। मौसम विभाग के अनुसार अशोक नगर में 72 किमी घंटा, सीहोर में 68, गुना-शिवपुरी में 61 और भोपाल-शहडोल में 57 किमी घंटे की रफ्तार से हवा चली। विभाग ने सोमवार के लिए 42 जिलों में आंधी, बारिश का अलर्ट जारी किया है। भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर और रीवा में ऑरेंज अलर्ट है, जहां 50-60 किमी घंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। प्रदेश के कई हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहने की संभावना है।

'आप मालिक नहीं, अपना एटीट्यूड जेब में रखें'

हैदराबाद के कैब ड्राइवर की हरकत हो गई वायरल

नई दिल्ली, जेएनएन। हैदराबाद में एक कैब के अंदर लगे एक साधारण से प्रिंटेड नोट ने ऑनलाइन एक नई बहस छेड़ दी है। यह बहस इस बात पर केंद्रित है कि कैब ड्राइवरों और यात्रियों को एक-दूसरे के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए। सोशल मीडिया पर शेयर की गई इस तस्वीर पर लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। अमन नाम के एक सोशल मीडिया यूजर ने एक्स पर एक फोटो पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा कि हैदराबाद की कैब झिझकती नहीं हैं। इस तस्वीर में कैब ड्राइवर द्वारा यात्रियों के लिए स्पष्ट निर्देशों की एक विस्तृत सूची दिखाई गई है। इस नोट की शुरुआत ही इस स्पष्टीकरण के साथ होती है कि यात्री कैब का मालिक नहीं है, बल्कि जो व्यक्ति इसे चला रहा है वही



इसका मालिक है। इसके बाद इसमें बुनियादी शिष्टाचार का जिक्र किया गया है। यात्रियों से कहा गया है कि वे विनम्रता से बात करें, सम्मान दें और गाड़ी का दरवाजा धीरे से बंद करें। ड्राइवर ने स्पष्ट शब्दों में लिखा है कि यात्री अपना एटीट्यूड अपनी जेब में रखें। इससे यह साफ संदेश दिया गया है कि केवल किराया देने से किसी को भी अपमानजनक व्यवहार करने का अधिकार नहीं मिल जाता।

तकनीक आईआईटी मद्रास और हार्वर्ड का प्रयोग, बिना इंसानी मदद खड़ी करेंगे इमारतें

चीटियों की तरह घर बनाएंगे नन्हे रोबोट्स

नई दिल्ली, जेएनएन। जरा सोचिए, छोटे-छोटे रोबोट बिना किसी बॉस के आपस में मिलकर इमारतें खड़ी कर रहे हैं। हार्वर्ड और आईआईटी मद्रास के वैज्ञानिकों ने रैंट्स नाम के रोबोट बनाए हैं, जो चींटियों की तरह बिना किसी लीडर के निर्माण का काम कर सकते हैं। यह तकनीक भविष्य में चांद या मंगल पर इंसानों के रहने की जगह तैयार करने में बड़ी मददगार साबित होगी।

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी और आईआईटी मद्रास के रिसर्चर्स ने रोबोटिक चींटियां या कहें कि रैंट्स बनाकर इसे हकीकत बना दिया है। इन रोबोट्स की खासियत है कि ये बिलकुल असली चीटियों की तरह काम करते हैं। इसके लिए किसी इंसानी मदद की भी जरूरत नहीं रहती। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस तकनीक को एक्सबॉडीड इंटेलिजेंस का जबरदस्त उदाहरण माना जा रहा है। ये रोबोट सिर्फ

बुद्धि के मामले में खास नहीं है बल्कि इनका आपस में मिलकर खुद काम करना इन्हें खास बनाता है।

क्या हैं चीटियों जैसे रोबोट्स रैंट्स?: रिसर्चर्स के अनुसार एक्सबॉडीड इंटेलिजेंस का मतलब उस समझ से है जो सिर्फ रोबोट के अंदर नहीं बल्कि उनके आसपास के पर्यावरण में भी होती है। वैज्ञानिक रोबोट्स के आस-पास के पर्यावरण में कुछ ऐसे निशान छोड़ते हैं, जो उन्हें साथी के तौर पर अगला कदम उठाने में मदद करता है। इसे वैज्ञानिकों ने स्टिगर्मी का नाम दिया है। इसके लिए असली चीटियां फेरोमोन नाम के रसायन का इस्तेमाल करती हैं। रैंट्स इसके लिए फोटोमॉन नाम के तरीके का इस्तेमाल करते हैं। इसमें जब एक रोबोट किसी जगह पर लाइट का निशान छोड़ता है, तो दूसरे उसे देखकर समझ जाते हैं कि वहां कुछ बनाना है या तोड़ना है।

खुद कैसे काम करते हैं छोटे रोबोट्स?

रैंट्स को खास बनाता है उनका खुद काम करने का फीचर। इसमें किसी सेंट्रल कमांड या कंट्रोलर की जरूरत नहीं होती, जब रोबोट किसी खास मार्कर के पास इकट्ठा होते हैं, तो वे अपनी गति बढ़ा देते हैं और निर्माण का काम शुरू कर देते हैं। आसान नियमों का पालन करते हुए ये रोबोट्स बिना किसी लीडर के मुश्किल संरचनाएं खड़ी कर लेते हैं।

कहां काम आएंगे ये रोबोट्स: भविष्य में जब इंसान चांद या मंगल ग्रह पर बसने की तैयारी करेंगे, तो वहां का माहौल बेहद खतरनाक होगा। दरअसल रेडिएशन, ऑक्सीजन की कमी और भीषण तापमान के बीच इंसानों का घर बनाना लगभग नामुमकिन होगा। यहां रैंट्स जैसे रोबोट्स काम आएंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, इंसानों के ग्रहों पर बसने से पहले ये नन्हे इंजीनियर खुद ही बुनियादी ढांचे और रहने की जगह तैयार कर सकते हैं। दावा है कि यह तकनीक अंतरिक्ष में भविष्य की बस्तियों को सच बनाने का सबसे भरोसेमंद रास्ता साबित हो सकती है।

मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या. :** 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।